भोपाल
बुधवार, 19 अगस्त 2026
श्रावण मास शुक्ल पक्ष- 7
वर्ष : 13, अंक : 138
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## एक साल में 1,279 करोड़ की बढ़ोतरी

### पीएम केयर्स फंड का बैलेंस रिकॉर्ड 8,452 करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली।** हाल ही में सार्वजनिक किए गए ऑडिट स्टेटमेंट के अनुसार, पीएम केयर्स फंड का कॉर्पस बढ़कर अपने रिकॉर्ड स्तर 8,452 करोड़ पर पहुंच गया है। इसमें बीते एक साल में 1,279 करोड़ की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फंड में ▸▸ शेष पेज 6 पर

## इस बार रक्षाबंधन पर मिलेंगे 250 रुपए अतिरिक्त यानी कुल 1750 रुपए

# लाड़ली लक्ष्मी-बहनों को मिलते रहेंगे रुपए, 5 साल के लिए योजना बढ़ाई

- उज्ज्वला योजना की महिलाओं को भी मिलेगी यह राशि
- सरकार लाड़ली बहना योजना पर 1,14,365 करोड़ और लाड़ली लक्ष्मी योजना पर 16,326 करोड़ रुपए खर्च करेगी

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

प्रदेश में लाड़ली बहना और लाड़ली लक्ष्मियों को सरकारी सहायता मिलती रहेगी। मंगलवार को कैबिनेट बैठक में इन दोनों योजनाओं को अगले 5 साल तक जारी रखने का फैसला लिया गया है। सरकार लाड़ली बहना योजना पर 1,14,365 करोड़ और लाड़ली लक्ष्मी योजना पर 16,326 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में इस बार रक्षाबंधन पर लाभार्थियों को 250 रुपए अतिरिक्त दिए जाएंगे। हर महीने मिलने वाली 1500 रुपए की किस्त के साथ यह राशि जुड़ने से 19 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में कुल 1750 रुपए पहुंचेंगे। उज्ज्वला योजना का लाभ लेने वाली पात्र महिलाओं को भी इस बार 250 रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने का प्रस्ताव भी मंजूर किया गया है। इसमें 60 फीसदी केंद्र जबकि 40 फीसदी राज्य का हिस्सा रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट बैठक में

### 2023 में लागू की गई थी लाड़ली बहना योजना

प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार एवं परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023, लागू की गई है। योजना के प्रावधानों के अनुसार लाभार्थी महिलाओं को प्रत्येक माह 1500 रूपए मासिक आर्थिक सहायता राशि को उनके डीबीटी सक्रिय खाते में प्रदाय किया जा रहा है। वर्तमान में लाड़ली बहना योजना अन्तर्गत लगभग 1.27 करोड़ महिलाएं लाभान्वित की जा रही हैं। ▸▸ पढ़ें पेज 05 भी

### मैहर से लाड़लियों के खाते में आज राशि ट्रांसफर करेंगे मुख्यमंत्री

लाड़ली बहना योजना में इस बार रक्षाबंधन पर बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी। हर महीने मिलने वाली 1500 रुपए की किस्त के साथ यह राशि जुड़ने से 19 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में कुल 1750 रुपए पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मैहर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 35 हजार महिलाओं के खातों में कुल 2148 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर करेंगे।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
19 अगस्त 2026
कूपन नं.
12

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### टाटा संस की एजीएम बैठक पहली बार स्थगित

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस की एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) मंगलवार को कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दी गई। टाटा संस के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। बॉम्बे हाउस में आयोजित इस बैठक में चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन समेत कुछ निदेशक व्यक्तिगत रूप से मौजूद थे, जबकि नोएल टाटा और मेहली मिस्त्री ऑनलाइन जुड़े। बैठक टलने की मुख्य वजह महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर द्वारा फैसलों पर लगाई गई रोक है।

### स्कूलों में अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट पूरा

**नई दिल्ली।** यूआईडीएआई ने देश भर के स्कूली बच्चों के लिए 2 करोड़ से अधिक अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट पूरे कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह अभियान शिक्षा मंत्रालय के यूडीआईएसई प्लस पोर्टल के साथ तकनीकी एकीकरण के जरिए संभव हुआ है। सितंबर 2025 में शुरू किए गए अभियान के तहत अब तक 1.56 लाख से अधिक स्कूलों में शिविर लगाए गए हैं। बच्चों के उंगलियों के निशान और आंखों की पुतली बायोमीट्रिक्स शामिल नहीं होते हैं।

## जंतर मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शन और संसद मार्च के दौरान पुलिस की कथित बर्बरता और महिला प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाए जाने के आरोपों पर शीर्ष अदालत का रुख कड़ा

# जांच के लिए बनेगी समिति, पूर्व जज सीबीआई के पूर्व निदेशक होंगे शामिल

- पीठ ने स्पष्ट किया कि छात्रों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार है। अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को रद्द करने पर भी विचार कर सकती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज और कथित ज्यादती के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। शीर्ष अदालत ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने का निर्णय लिया है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहन की पीठ बुधवार को इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी करेगी। मामले की संवेदनशीलता और छात्रों के भविष्य को देखते हुए पीठ ने स्पष्ट किया कि छात्रों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार है। कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को रद्द करने पर ▸▸ शेष पेज 6 पर

फाइल फोटो

### जांच समिति के आज जारी होंगे आदेश

- *दिल्ली पुलिस ने कहा- जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग नहीं हुआ*
- *पुलिस ने हलफनामा दाखिल कर बल प्रयोग को बताया जायज*

### दिल्ली पुलिस की सफाई- संसद मार्च गैरकानूनी था

दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर अपने कैडर की कार्रवाई का बचाव किया है। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस सचिन शर्मा द्वारा पेश किए गए हलफनामे में पुलिस ने बताया कि जंतर-मंतर पर जमा 30,000 से अधिक प्रदर्शनकारियों के पास संसद मार्च की अनुमति नहीं थी। भीड़ ने बैरिकेड्स तोड़े और पुलिसकर्मियों पर हमला किया, जिसमें 240 ▸▸ शेष पेज 6 पर

### भोपाल में पहली बार 'जेन अल्फा प्रोटेस्ट'

## डीएमएस को केवी में मर्ज करने का विरोध

**भोपाल।** राजधानी में मंगलवार को पहली बार किसी शैक्षणिक मुद्दे पर जेन अल्फा (स्कूली बच्चों) का बड़ा विरोध-प्रदर्शन देखने को मिला। रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन से जुड़े डेमोंस्ट्रेशन मुल्टीपर्पज स्कूल (डीएमएस) के करीब 300 से 400 छात्र-छात्राएं स्कूल का केंद्रीय विद्यालय (केवी) संगठन में विलय ▸▸ शेष पेज 6 पर

### उधर, हिंगोली में 'स्कूल ठीक करो' अभियान का असर

## धरने पर बैठे दिपके, शराबी प्रिंसिपल निलंबित

अभिजीत दिपके

**हिंगोली।** देश भर में जेन अल्फा द्वारा चलाए जा रहे 'स्कूल ठीक करो' अभियान के तहत कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को बड़ी सफलता मिली है। सीजेपी संस्थापक अभिजीत दिपके के हस्तक्षेप के बाद हिंगोली के संतुक पिंपरी स्थित जिला ▸▸ शेष पेज 6 पर

टक्कर के बार पिकअप के परखच्चे उड़े

### ग्वालियर-भिंड हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

## डंपर से टकराई पिकअप, उप्र के 8 मजदूरों की मौत व 23 घायल

- गायों के झुंड को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिंड

ग्वालियर-भिंड नेशनल हाईवे (एनएच-719) पर गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के छीमका गांव के समीप सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मजदूरों से भरी एक तेज रफ्तार पिकअप और डंपर के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में 8 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 23 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हादसा देर ▸▸ शेष पेज 6 पर

### ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान के दौरान हादसा

## लखनऊ से आए 4 दोस्त डूबे 3 को बचाया गया, 1 की मौत

- प्रतिबंधित क्षेत्र में वीडियो बनाने के चक्कर में हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओंकारेश्वर

तीर्थनगरी ओंकारेश्वर के केवलराम घाट पर मंगलवार को नर्मदा स्नान के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। लखनऊ से दर्शन करने आए चार दोस्त नदी ▸▸ शेष पेज 6 पर

### विधायक पन्नालाल का विवादित बयान

## महिलाओं को ही बता डाला पुरुषों के विनाश का कारण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

- मंच पर भिड़ीं विधायक प्रियंका पैंची, मचा बवाल

अपनी बयानबाजी के लिए चर्चित गुना से भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य ने महिलाओं पर विवादित टिप्पणी कर नया राजनीतिक बखेड़ा खड़ा कर दिया है। नानाखेड़ी मंडी में आयोजित 'बलराम कृषि महोत्सव-2026' के दौरान भाषण देते हुए शाक्य ने रामायण, महाभारत और इतिहास के उदाहरण देकर महिलाओं को पुरुषों ▸▸ शेष पेज 6 पर

### राम मंदिर में दान चोरी मामला

## अंतिम रिपोर्ट में चंपत राय व अनिल मिश्रा को क्लीन चिट

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

- रिपोर्ट में केवल 8 आरोपियों के नाम

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी के हाई-प्रोफाइल मामले में सबसे ज्यादा आरोपों का सामना कर रहे ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय और पूर्व ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा को एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट में क्लीन चिट मिल गई है। शासन को सौंपी गई फाइनल रिपोर्ट में दोनों का नाम शामिल नहीं है। एसआईटी की अंतिम ▸▸ शेष पेज 6 पर

### इंस्टा पर बाल यौन शोषण सामग्री पर सख्ती

## मेटा को कानूनी सुरक्षा छीनने की चेतावनी दी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- सीएसएएम के प्रसार पर आईटी मंत्रालय की आपत्ति

केंद्र सरकार ने इंस्टाग्राम पर शेयर होने वाले बच्चों के यौन शोषण से जुड़े कंटेंट (सीएसएएम) पर सोशल मीडिया कंपनी मेटा को सख्त चेतावनी दी है। सरकार ने साफ किया है कि भारतीय कानूनों और आईटी नियमों का उल्लंघन करने पर प्लेटफॉर्म्स को आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत मिलने वाली 'सेफ हार्बर' (कानूनी सुरक्षा) वापस ▸▸ शेष पेज 6 पर

### नीट-यूजी और यूजीसी-नेट विवादों के बाद शिक्षा मंत्रालय का बड़ा कदम

## एनटीए में बड़े बदलाव 600 विशेषज्ञ हटाए गए

- प्रश्नपत्रों की होगी चार स्तरीय जांच, सीआईएसएफ संभालेगी सुरक्षा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की परीक्षाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बहाल करने के लिए केंद्र सरकार ने मंगलवार को बड़े सुधारात्मक कदमों की घोषणा की। यूजीसी-नेट और नीट-यूजी जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं में गड़बड़ियों के बाद शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिए गए।

एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि परीक्षा प्रणाली को त्रुटिरहित बनाने के लिए 600 पुराने विशेषज्ञों को हटाकर उनकी जगह नए विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही प्रश्नपत्रों की जांच के लिए चार-स्तरीय प्रणाली लागू की जाएगी। एनटीए कार्यालय को ओखला से मिंटो रोड स्थित नए ▸▸ शेष पेज 6 पर

- नए कार्यालय में शिफ्ट होगी एजेंसी, निजी क्षेत्र से आएंगे विशेषज्ञ

### नए पदों पर भर्तियां

साइबर सुरक्षा, प्रश्नपत्र तैयार करने और मनोमिति जैसे क्षेत्रों के लिए मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ), मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ) और महाप्रबंधक (परीक्षा सुरक्षा) समेत 10 नए पदों पर निजी व सरकारी क्षेत्रों से ▸▸ शेष पेज 6 पर

### तीन बड़े राज्यों में नए प्रभारियों का ऐलान

## तावड़े को उप्र, पूनिया को पंजाब और तरुण चुघ को मिली गुजरात की कमान

- आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए संगठन को धार देने में जुटी भाजपा

विनोद तावडे | तरुण चुघ | सतीश पुनिया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को गति देते हुए भाजपा ने अपनी संगठनात्मक रणनीति के तहत तीन प्रमुख राज्यों में नए प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी ने वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े को उत्तर प्रदेश, सतीश पूनिया को पंजाब और तरुण चुघ को गुजरात का नया प्रदेश प्रभारी बनाया है। भाजपा में प्रदेश प्रभारी की भूमिका केंद्रीय नेतृत्व और राज्य संगठन के बीच सेतु का कार्य करने तथा जमीनी स्तर पर चुनावी रणनीति को लागू करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। राजनीतिक रूप से देश के सबसे महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश की कमान महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े को सौंपी गई है। बिहार में अपनी संगठनात्मक क्षमता का लोहा मनवा चुके तावड़े के सामने 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन में नया जोश भरने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल बिठाने की ▸▸ शेष पेज 6 पर

### *ये है अमेरिका का हाल : असिस्टेंट नताली हार्प और उत्तर कोरिया पर सवाल से महिला पत्रकार पर भड़के डोनाल्ड ट्रंप*

# कहा- चुप हो जाओ, तुम 'बहुत बदतमीज' हो, बहुत शोर करती हो और फेक न्यूज हो

- व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में सीएनन की रिपोर्टर क्रिस्टन होम्स के तीखे सवालों पर आपा खो बैठे अमेरिकी राष्ट्रपति, चैनल ने ट्रंप के रवैए की कड़ी निंदा की

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में एक महिला पत्रकार पर भड़क गए। उन्होंने पत्रकार से कहा कि वह बहुत तेज बोलती हैं। ट्रंप ने उनसे चुप रहने के लिए कहा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ट्रंप व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान एक किशोर लाइफगार्ड को सम्मानित कर रहे थे। इसके बाद ट्रंप ने वहां मौजूद पत्रकारों को दूसरे मुद्दों पर भी सवाल पूछने के लिए कहा। ओवल ऑफिस में मौजूद पत्रकारों में सीएनएन की महिला रिपोर्टर क्रिस्टन होम्स भी मौजूद थीं। होम्स ने ट्रंप से उनकी 35 ▸▸ शेष पेज 6 पर

ट्रंप और क्रिस्टन होम्स

### जॉन ओसॉफ ने कहा था- ट्रंप नताली के साथ घूमना ज्यादा पसंद करते हैं

दरअसल, डेमोक्रेटिक सीनेटर और 2028 में राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार जॉन ओसॉफ ने एक चुनावी भाषण के दौरान ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह अपना काम करने के बजाए बॉलरूम बनाने और नताली के साथ घूमना पसंद करते हैं। व्हाइट हाउस की ▸▸ शेष पेज 6 पर

### नताली हार्प ट्रंप की 'ह्यूमन प्रिंटर'

नताली हार्प

सीएनएन ने ट्रंप के इस व्यवहार की निंदा की है और कहा है कि चैनल मजबूती से क्रिस्टन के साथ खड़ा है। नताली हार्प बीते कई समय से इंटरनेट पर ▸▸ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### निगम अमले ने 85 स्थानों से लिए पानी के सैंपल, 15 लीकेज सुधारे

**भोपाल।** नगर निगम के जल कार्य विभाग के अमले ने राजधानी में पानी की गुणवत्ता जांचने और लीकेज सुधारने के अभियान के तहत मंगलवार को शहर के 85 अलग-अलग स्थानों से पानी के सैंपल लिए। इसके साथ ही नगर निगम अमले ने शहर के 15 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज को ठीक किया गया। नगर निगम अमले की टीम ने शास्त्री नगर, त्रिलंगा, अशोका गार्डन, साकेत नगर, कमला पार्क, बुधवारा, सोनागिरी, बरखेड़ा पठानी और दानिश कुंज सहित 85 स्थानों से पानी के सैंपल लिए।

### सावन संगम व स्नेह समारोह 23 को

**भोपाल।** पवित्र सावन माह में आपसी प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक मिलन को बढ़ावा देने के लिए सिटी प्रेस क्लब की ओर से सावन संगम व स्नेह भोज का आयोजन 23 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन दोपहर करीब 12 से 4 बजे तक शिव सावारियों मैरिज गार्डन नीलबड़ में होगा।

### देर रात तक हटाए जाएंगे शेष बचे 4 मकान, चार पोकलेन तोड़फोड़ में लगीं

# नारियलखेड़ा में पूर्व जज की जमीन पर बने 35 साल पुराने 20 मकान, 25 दुकानें जमींदोज

*दो से तीन मंजिला भवन बारिश में ढहाए, सड़कों पर आए रहवासी, अफसरों को रजिस्ट्री दिखाते रहे रहवासी, कार्रवाई के विरोध में महिलाओं ने किया हंगामा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

नारियलखेड़ा में 35 साल से प्राइवेट जमीन पर बने 24 मकान और 25 दुकानों में से 20 मकान और 25 दुकानों को मंगलवार जिला प्रशासन की टीम ने जमींदोज कर दिया। शेष मकान और दुकानों को तोड़ने का काम देर रात तक जारी रहा। यह कार्रवाई कोर्ट की निगरानी में की जा रही है। सोमवार को एनाउंसमेंट के बाद मंगलवार सुबह भारी पुलिस के साथ बैरागढ़ एसडीएम रवीश श्रीवास्तव का अमला पहुंचा। रहवासियों के विरोध के बाद भी टीम ने चार पोकलेन मशीनों की मदद से दो से तीन मंजिला मकान ढहा दिए।

जानकारी के मुताबिक 36 हजार वर्गफीट जमीन पूर्व जज बीएस जौहरी की बताई जा रही है। जिसकी वर्ष-1992 में डिक्री हो गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई थी। जमीन वर्तमान में अविनाश जौहरी के नाम थी, 0.75 एकड़ (करीब 36 हजार वर्गफीट) निजी जमीन पर कई सालों से अतिक्रमण था। जहां 24 मकान और 25 दुकानें बनी थीं। इनमें कुछ मकान तीन मंजिला तक थे। जमीन की रजिस्ट्री भी हो चुकी थी। अपनी जमीन को कब्जामुक्त कराने के लिए जौहरी ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

कार्रवाई करती निगम अमले की टीम।

### छह महीने पहले वापस लौटी थी टीम

इसके पहले भी अतिक्रमण हटाने के लिए टीम पहुंची थी, लेकिन विरोध की वजह से कार्रवाई नहीं हो सकी थी। मंगलवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में टीम ने कार्रवाई शुरू की और 20 मकानों को तोड़ दिया। हाईकोर्ट ने भोपाल कलेक्टर, नगर निगम और पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए थे।

**सरकारी जमीन पर भी कब्जा, स्टे वाले हिस्से में कार्रवाई नहीं:** नारियलखेड़ा में करीब 0.3 एकड़ सरकारी जमीन भी है, जिस पर अवैध कब्जे की जानकारी सामने आई है। हालांकि, इस हिस्से में कुछ कब्जाधारियों के पक्ष में हाईकोर्ट का स्थगन आदेश है। इसलिए फिलहाल सरकारी जमीन वाले इस हिस्से में कार्रवाई नहीं की गई है।

### बहू ने फेंकी थी नायब तहसीलदार पर स्याही

एक साल पहले पूर्व जज की बहू उपासना जौहरी उम्र 70 साल ने बैरागढ़ वृत्त में पदस्थ नायब तहसीलदार रतिराम अहिरवार पर स्याही फेंक दी थी। घटना के समय नायब तहसीलदार ऑफिस में काम निपटा रहे थे। तभी महिला दफ्तर में पहुंची और हंगामा किया। नायब तहसीलदार की शिकायत पर कोहेफिजा पुलिस ने महिला पर केस दर्ज किया था। सुबह जैसे ही नगर निगम और जिला प्रशासन का अमला नारियलखेड़ा की फिजा कॉलोनी पहुंचा, तो रहवासी हाथों में रजिस्ट्रियां लेकर आ गए, लेकिन अफसरें ने एक नहीं सुनी। रहवासी प्रीति, नीतू, गीता देवी ने बताया कि बारिश में हम लोग अपने परिवार को लेकर कहां जाएंगे। हमारा सामान भी सड़कों पर पटक दिया है।

### सवा लाख पार्थिवेश्वर शिवलिंगों का किया निर्माण

## राजधानी में पहली बार महिलाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी में पहली बार महिलाओं ने कावड़ यात्रा निकाली। श्रावण माह कावड़ यात्रा में बैंड-बाजों के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा एवं साड़ी पहनकर यात्रा में शामिल हुईं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।

आयोजक डॉ. आरती नामदेव ने बताया कि कावड़ यात्रा के मंदिर पहुंचने के बाद महिलाओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं कल्याण की कामना की। खजूरी स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सतगुरुदेव श्री श्री 1008 बजरंग दास महाराज, आचार्य पंकज शर्मा के मार्गदर्शन में

पार्थिव शिवलिंग की पूजा करते श्रद्धालु।

महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ सवा लाख पार्थिवेश्वर शिवलिंगों का निर्माण किया, पंडित जितेंद्र महाराज द्वारा निर्मित 12 ज्योर्तिलिंगों का विधि-विधान से पूजन एवं अभिषेक किया। इस मौके पर मुख्य रूप से संतोष प्रजापति, पूनम श्रीवास, रीना राठी, रिंकी अग्रवाल, लता कुशवाह सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की।

## खेड़ापति हनुमान मंदिर में आज से बनेंगे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग

**भोपाल।** करोंद स्थित पीपल चौराहा (खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर) में मप्र सर्व ब्राह्मण समाज एवं व्यापारी संघ करोंद्र के संयुक्त तत्वाधान में विगत 16 वर्षों से लगातार पार्थिव शिवलिंग निर्माण सावन महीने में कराया जाता है। इस श्रावण महीने में 19 से 25 तक 12 ज्योतिर्लिंग एवं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण होने जा रहा है। रुद्री निर्माण के उपरांत प्रतिदिन हजारों महिलाएं एवं शिव भक्तों के साथ रुद्राभिषेक होगा। 7 दिन के अंदर सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पंडित गौरी शंकर काका ने बताया कि समस्त पूजन सामग्री यहां उपलब्ध रहती है सिर्फ भक्तों को आना है और पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक करना है । इस बार खासतौर से नर्मदा ताप्ती सहित आसपास के क्षेत्रों में पवित्र नदियों और सात समुद्रों के जल बुलाया गया। तो वहीं चार ट्राली ताप्ती व नर्मदा नदी तट की पवित्र मिट्टी से पार्थिक शिवलिंग निर्माण किए जाएंगे। तो वहीं 26 अगस्त को मुख्यअतिथि मंत्री विश्वास सारंग के मार्ग दर्शन में भगवान महाकाल की भव्य सवारी व शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें उज्जैन का डमरू मंडल व अघोरी मंडल डीजे बैंड व भस्म रमैय्या डमरू मंडल आदि रहेगे।

## बांके बिहारी यादव समाज ने धूमधाम से की श्री काशी दास बाबा की पूजा

**भोपाल।** बांके बिहारी यादव समाज द्वारा समाज के आराध्य श्री काशी दास बाबा की पूजा धूमधाम से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण न्यू टीटी नगर नीलबड़ में की गई। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने कार्यक्रम में शामिल होकर श्री काशी दास बाबा का पूजन कर समाजजनों को बधाई दी। समाज के अध्यक्ष गंगा सागर यादव ने बताया कि इस बार पूजा में प्रसाद के रूप में खीर और बाटी से तो भगवान को भोग लगाया गया। यादव ने बताया कि बांके बिहारी यादव समाज द्वारा श्री काशी दास बाबा की पूजा कब से शुरू हुई, इसकी शुरुआत किस जगह से हुई, श्री काशी यादव, काशी दास बाबा कैसे कहलाए इसपर समाज को युवाओं को जागृत करना होगा। इस अंजनी सिंह, बलबीर सिंह यादव, मनीष यादव, उमेश यादव, राजकुमार यादव, राजेंद्र राय, रामसजीवन यादव सहित बांके बिहारी यादव समाज के नागरिक उपस्थित रहे ।

## छात्रों में किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक अनुभव भी जरूरी: डॉ. मनीषा

**भोपाल।** बीएमएचआरसी में मंगलवार को भोपाल नर्सिंग कॉलेज द्वारा 'नैदानिक कौशल का विकास: दक्षता और आत्मविश्वास के साथ बेहतर देखभाल' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नर्सिंग विद्यार्थियों को क्लिनिकल कार्य के दौरान आने वाली परिस्थितियों से बेहतर तरीके से निपटने के लिए तैयार करना और उनके व्यावहारिक कौशल को मजबूत करना था। कार्यशाला को संबोधित करते हुए संस्थान की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि सीखना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में किताबों से हमें ज्ञान जरूर मिलता है, लेकिन किसी काम को स्वयं करके और उससे अनुभव हासिल करके जो सीख मिलती है, वह कहीं अधिक महत्वपूर्ण होती है। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ मेक्सी मार्टिस, एसोसिएट प्रोफेसर एम्स ने नर्सिंग के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग क्षेत्र में लगातार सीखते रहना और अपने कौशल को समय के साथ अपडेट करते रहना बेहद जरूरी है।

4 कैंसर रोगियों और परिजनों को किया भोजन का...

5 जातिवाद के चुनौती भरे माहौल में सामाजिक...

## रोशनपुरा चौराहे पर दो घंटे चला विरोध-प्रदर्शन, जमकर हुई नारेबाजी, उग्र आंदोलन की चेतावनी

# शहर में सीलिंग की कार्रवाई के विरोध में सड़क पर उतरे व्यापारी रोड पर बैठकर प्रदर्शन, सीएम हाउस की ओर बढ़े, पुलिस ने रोका

*शहर के सभी व्यापारी संगठनों के अध्यक्ष हुए शामिल भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों पर नगर निगम की सीलिंग की कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को सैकड़ों व्यापारियों ने रोशनपुरा चौराहे पर प्रदर्शन कर विरोध किया। व्यापारियों ने रोड पर बैठकर नारेबाजी की और पूरा चौराहा जाम कर दिया। प्रदर्शन के बीच ही व्यापारी सीएम हाउस की तरफ बढ़े, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने उन्हें रोक दिया। करीब दो घंटे तक चले प्रदर्शन में भोपाल व्यापारी महासंघ के बैनर तले शहर के सभी क्षेत्रों के व्यापारिक संगठनों के अध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ब्यूटीशियन भी शामिल हुईं और रोड पर मेकअप करके अपना विरोध दर्ज करवाया।

रोशनपुरा चौराहे पर व्यापारियों ने कहा कि रिहायशी क्षेत्रों में सालों से व्यवसाय संचालित हो रहे हैं। ऐसे में अचानक सीलिंग की कार्रवाई से दुकानदारों के साथ कर्मचारी और उन पर निर्भर परिवार भी प्रभावित होंगे। इसलिए सरकार भोपाल का मास्टर प्लान जल्द लागू करने, मिक्स्ड लैंड यूज का प्रावधान करने और गुजरात की तर्ज पर अनधिकृत विकास नियमितीकरण कानून-2022 लागू करे। यही नहीं व्यापारियों ने उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी।

मास्टर प्लान लागू करने और मिक्स लैंड यूज के साथ गुजरात मॉडल लागू करने की मांग

व्यापारी बोले- कार्रवाई से दुकानदारों के साथ कर्मचारी और परिवार भी प्रभावित होंगे

### कारोबारियों ने कहा- अचानक दुकानें बंद कराने के बजाय व्यावहारिक समाधान निकालना चाहिए

नगर निगम की सीलिंग की कार्रवाई के खिलाफ मंगलवार को रोशनपुरा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करते व्यापारी।

प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने जन-गण-मन गाकर अपना विरोध दर्ज करवाया। उनका कहना था कि वे सरकार को टैक्स दे रहे हैं और वर्षों से इन क्षेत्रों में कारोबार कर रहे हैं। ऐसे में अचानक दुकानें बंद कराने के बजाय सरकार को व्यावहारिक समाधान निकालना चाहिए।

विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे कारोबारी और व्यापार संगठनों के पदाधिकारी।

**बैनर-पोस्टर लेकर प्रदर्शन में पहुंचे व्यापारी पुरुष व महिलाएं**

व्यापारियों के प्रदर्शन में शहर की बड़ी संख्या में ब्यूटीशियन ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. सरिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में शामिल हुईं। महिलाएं अपने हाथों विभिन्न स्लोगन लिखे पोस्टर, बैनर लिए हुई थीं।

### आईएसबीटी पर व्यापारी आज करेंगे प्रदर्शन

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गोविंद गोयल ने बताया कि भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के बैनर तले व्यापारी बुधवार को आईएसबीटी स्थित निगम के पुराने भवन के सामने सुबह दस बजे कमर्शियल लाइसेंस शुल्क के स्थगन की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे।

### प्रदेश सरकार के खिलाफ व्यापारियों का फूटा गुस्सा

थोक बाजार व्यापारी संघ के अभिषेक रब्बू ने कहा कि सरकार को भोपाल में जल्द मास्टर प्लान लागू करना चाहिए और मिक्स्ड लैंड यूज की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने गुजरात मॉडल की तर्ज पर मध्यप्रदेश में नियमितीकरण की नीति लागू करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गई तो व्यापारी आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हो सकते हैं।

### प्रतिष्ठानों को नोटिस की मोहलत खत्म, अब होगी सीलिंग कार्रवाई

रिहायशी क्षेत्रों में व्यवसायिक गतिविधियों को रोकने को लेकर नगर निगम द्वारा दिए गए व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नोटिस की मोहलत मंगलवार को खत्म हो गई। जबकि कई संस्थानों को दो दिन की अतिरिक्त मोहलत भी दी गई है। इधर नगर निगम प्रशासन ने नोटिस पीरिएड निकलने के बाद सीलिंग की तैयारी कर ली है। निगम के अधिकारियों के अनुसार जोन स्तर पर लगातार रिहायशी क्षेत्रों में व्यवसायिक संस्थानों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

### अब रहवासी समिति अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी में

शहर में नगर निगम द्वारा रिहायशी क्षेत्रों में व्यवसायिक गतिविधियों को रोकने के मामले में हो रही लापरवाही को लेकर रहवासी अरेरा कॉलोनी रहवासी समिति ने विरोध करते हुए कहा है कि नगर निगम केवल नोटिस देकर औपचारिकता कर रहा है। संपत्तियां चिन्हित की गई हैं, लेकिन सीलिंग की कार्रवाई नहीं हो रही है। याचिकाकर्ता विवेक त्रिपाठी का कहना है कि वे इस मामले को लेकर अवमानना याचिका दायर करेंगे। उन्होंने बताया कि शहर की कई रहवासी समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर नगर निगम द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने के विरोध में रणनीति बनाई जाएगी।

### निगम ने किराया नहीं देने वाले 3 दुकानदारों की दुकानें सील की

नगर निगम ने राजस्व वसूली को लेकर बकायादारों के खिलाफ मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। जोनल अधिकारी मुकेश केमिया के नेतृत्व में वार्ड-23 में तिलक मार्केट में दुकान नंबर-25 कमर अजीज पर 86,850 रुपए का किराया, एबी मार्केट में दुकान नंबर-78 बी के बकायादार जगन्नाथ पर 1,03,895 रुपए और एबी मार्केट में दुकान नंबर-61 ए के बकायादार हमीद खान पर 41,727 रुपए का भुगतान बाकी होने पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई।

### बेरोजगारी बढ़ेगी

संत नगर का रहवासी क्षेत्र अब काफी हद तक व्यावसायिक हो चुका है और लगातार व्यापारियों को नोटिस दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार नहीं देती, इसलिए व्यापारी अपना कारोबार करते हैं। एक व्यापारी अपने प्रतिष्ठान में 25 से 50 परिवारों के लोगों को रोजगार देता है। सीलिंग की कार्रवाई से सिर्फ व्यापारी बेरोजगार नहीं होंगे, बल्कि उनके यहां काम करने वाले कर्मचारी भी बेरोजगार होंगे।

**अशोक उसरा सिंह**
**व्यापारी, संत नगर**

### व्यापारियों को राहत मिलना चाहिए

आने वाले दिनों में कई बड़े त्योहार हैं। ऐसे में सरकार को व्यापारियों को राहत देनी चाहिए। उन्होंने सरकार से 2022 के गुजरात मॉडल की तर्ज पर नियमितीकरण व्यवस्था लागू करने की मांग की।

**आनंद सोनी, अध्यक्ष व्यापारी महासंघ 10 नंबर मार्केट**

### ब्यूटिशियन ने रोड पर किया मेकअप

प्रदर्शन में ब्यूटिशियन भी शामिल हुईं। उन्होंने सड़क पर ही मेकअप कर अपना विरोध जताया। उनका कहना था कि कमर्शियल गतिविधियां बंद कराई गईं तो ब्यूटी पार्लर और ऐसे छोटे कारोबारों से जुड़े लोगों का रोजगार प्रभावित होगा।

### बाणगंगा रोड, रोशनपुरा चौराहे पर लगी वाहनों की लंबी-लंबी कतार



राजधानी के रोशनपुरा चौराहे पर व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। यहां पर दो घंटे तक जाम लगा रहा। इसके चलते रोशनपुरा से बाणगंगा, पॉलिटेक्निक रोड की ओर से आने व जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी हुई। जहांगीराबाद से आने व जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामनी करना पड़ा। इस रूट पर भी जाम की स्थिति बन गई।

### भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स भी व्यापारियों के साथ

सरकार लाखों लोगों को बेरोजगार नहीं कर सकती। इन कारोबारों से बड़ी संख्या में कर्मचारी और परिवार जुड़े हैं। सरकार को सीलिंग की कार्रवाई के बजाए व्यावहारिक समाधान निकालना चाहिए, ताकि नियमों का पालन भी हो और लोगों का रोजगार भी न जाए।

**गोविंद गोयल, अध्यक्ष भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स**

---

## विपक्ष का आरोप- लोगों से जुड़े मुद्दे एजेंडे में शामिल नहीं किए

# निगम परिषद की बैठक आज, कई प्रमुख संपत्तियों को किराए, लीज पर देने के प्रस्तावों पर होगी चर्चा

*स्मार्ट सिटी सहित भवनों को किराए पर देने के प्रस्ताव को मिलेगी मंजूरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम परिषद की बैठक बुधवार को सुबह 11 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराज्यीय बस टर्मिनस के निगम परिषद सभागृह में होगी। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में एजेंडे में निगम की शहर में प्रमुख संपत्तियों को किराए पर देने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी और संभवत मंजूरी मिल जाएगी।

इधर विपक्ष कांग्रेस पार्षद दल ने एजेंडे का विरोध करते हुए कहा है कि कार्य सूची में शहर में आम लोगों से जुड़े मुद्दे शामिल ही नहीं किए गए, जिसका वे विरोध दर्ज करवाएंगे। बैठक में निगम की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और उसकी रिक्त पड़ी व्यावसायिक संपत्तियों को किराए पर देकर राजस्व बढ़ाने से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही पार्षदों द्वारा जनहित व विकास कार्यों से जुड़े पूछे गए प्रश्नों के जवाब दिए जाएंगे।

निगम की आय में वृद्धि के उद्देश्य से कई बड़े व्यावसायिक परिसरों को किराए और लीज पर देने के प्रस्ताव रखे जाएंगे। इनमें न्यू मार्केट स्थित रिक्त कार्यालय को न्यूनतम 6.24 लाख रुपए मासिक किराए पर देने का प्रस्ताव, गोविंदपुरा स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय के अगले हिस्से को करीब 6.98 लाख रुपए और मनीषा मार्केट शाहपुरा के कार्यालय को 8.21 लाख रुपए मासिक किराए पर देने का प्रस्ताव है। इसी तरह आईएसबीटी स्थित चारों तलों के कुल 4,431 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल को 18.01 लाख रुपए महीने के न्यूनतम किराए पर आवंटित करने का प्रस्ताव है। 6-नंबर बस स्टॉप के पास स्थित महिला हाकर्स कॉर्नर के लिए 20.35 लाख रुपए वार्षिक भू-भाटक तय कर ई-निविदा (टेंडर) जारी करने की तैयारी है। माता मंदिर हर्षवर्धन कॉम्प्लेक्स के 1951 वर्ग मीटर क्षेत्र को 4.65 लाख रुपए मासिक किराए पर देने का प्रस्ताव है।

इसी तरह स्मार्ट सिटी सर्विस ब्लॉक (जोन-7) को 30 साल की लीज या मासिक किराए पर देने के प्रस्तावों पर निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा परिषद अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

### शहर की सड़कों पर उतरीं 10 नई ई-बसें, संख्या बढ़कर हुई 20

**भोपाल।** बीसीएलएल ने मंगलवार को शहर की सड़कों पर 10 नई ई-बसें उतार दीं। इनका संचालन शुरू होने से अब बसों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। इससे संत नगर, कोलार रोड, बावड़ियां कलां तक कनेक्टिविटी होगी और यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। सभी बसें एमपी नगर से होकर जरूर गुजरेंगी। वर्तमान में यह बसें 3 रूट पर चल रही हैं। इनमें संत नगर, कोलार रोड, एमपी नगर, न्यू मार्केट, कोलार रोड, बावड़ियाकलां, सलैया, रोहित नगर, अशोका गार्डन, सुभाषनगर, कोहेफिजा, पीर गेट जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इनका न्यूनतम किराया 6 से 7 रुपए, जबकि अधिकतम 40 रुपए है।

---

## हरिभूमि की खबर के बाद अवैध वेंडरों के खिलाफ आरपीएफ ने शुरू की कार्रवाई

# संत हिरदाराम नगर स्टेशन के वेंडर कार्ड वैधता खत्म होने के बाद भी बेच रहे थे सामान... लगाई पैनल्टी

*रेलवे यात्रियों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे अवैध वेंडरों पर कंसा शिकंजा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मंडल के भोपाल स्टेशन से लेकर संत हिरदाराम नगर स्टेशन तक वेंडरों का खूब बोलबाला चलता है। यहां तक कि बिना कार्ड या बिना लाइसेंस के धड़ल्ले से गाड़ियों में खाद्य सामग्री बेचते हैं।

इस मुद्दे को 18 अगस्त को हरिभूमि ने प्रमुख रूप से उठाया था। इसमें संत हिरदाराम नगर से भोपाल स्टेशन तक अवैध वेंडरों का कब्जा, खाना जमीन पर रखकर पंगत की तरह यात्रियों को परोस रहे खाना इस शीर्षक के साथ खबर प्रकाशित की गई। उसके बाद आरपीएफ आईजी जबलपुर ने मामले को संज्ञान लिया है। उनके निर्देशन पर संत हिरदाराम नगर में अवैध वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए वेंडरों में इरफान तोफिग प्लेटफार्म 1 पर संचालित कैंटीन कार्य कर रहा है, जिसकी कार्ड वैधता खत्म हो चुकी थी, जिस पर जन विश्वास अधिनियम के तहत 2000 रुपए की पेनल्टी लगाई। जितेंद्र चौरसिया भागीरथ प्लेटफार्म 2 सपना केटर्स पर काम कर रहा है, जिसके पास कार्ड नहीं था, रेलवे अफसरों ने 2000 रुपए की पेनल्टी लगाई।

राजेश लक्ष्मण जो ट्रेन नंबर 19340 में साइड पेंट्री आरहा हॉस्पिटेलिटी में कार्य कर रहा है, जिसकी कार्ड वैद्यता 16 अगस्त को खत्म हो गई थी। इस पर 2000 रुपए की पेनल्टी लगाई। विक्रम सिंह कुशवाहा राम सिंह कुशवाहा प्लेटफार्म 1 पर कैंटीन संचालक है, जिसके पास की ऑथॉरिटी लेटर नहीं पाए जाने पर 2000 रुपए की पेनल्टी लगाई गई।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
18082026 Bhopal Main - 18 Aug 2026 - Page 5
संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर पंगत की तरफ वेंडर यात्रियों को परोस रहे खाना
संत हिरदाराम नगर से लेकर भोपाल स्टेशन तक अवैध वेंडरों का कब्जा
संत हिरदाराम नगर में पंगत की तरफ परोस रहे खाना
प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में वेंडिंग का आरोप
कार्रवाई जारी...

हरिभूमि ने मंगलवार को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी।

खबर का असर

### सख्त कार्रवाई होगी

भोपाल रेल मंडल में समय-समय पर अवैध वेंडरों के खिलाफ अभियान चलाया जाता है। यात्रियों की सेहत व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यदि मंडल में स्टेशन या ट्रेन कहीं भी अवैध वेंडर पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**नवल अग्रवाल, एसीएम व पीआरओ भोपाल**

---

## पुलिस और शहर के आठ एसडीएम को भोपाल को भिखारियों से मुक्त कराने का दिया था जिम्मा

# दावा- जून 2026 तक शहर भिक्षावृत्ति से मुक्त, हकीकत: अब भी भिखारी शहर में सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देशभर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 12 फरवरी 2022 में भिक्षावृत्ति योजना लाई गई थी, जिसमें प्रदेश के इंदौर, उज्जैन में भिखारियों में कमी आने के बाद भोपाल शहर को भिक्षामुक्त शहर बनाने की कवायद शुरू हुई।

इसके लिए सामाजिक न्याय विभाग,श्रम विभाग, बाल एवं महिला कल्याण विभाग, नगर निगम वार्ड प्रभारी, पुलिस और भोपाल शहर के 8 एसडीएम को शहर से भिखारियों को मुक्त कराने का जिम्मा दिया गया। लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

जिम्मेदार अधिकारी दावा करते हैं कि भिखारियों को आश्रित गृह तक पहुंचाने के बाद भिक्षुक कुछ ही दिनों में गृह से भाग कर फिर शहर के चौराहों में पहुंच रहे हैं। प्रशासन का दावा था कि जून 2026 तक शहर भिक्षावृत्ति से मुक्त हो जाएगा, लेकिन डेड लाइन तो खत्म हो गई और भिखारी शहर में जस के तस बने हुए हैं।

*डेड लाइन खत्म हो गई और भिखारी शहर में जस के तस बने हुए हैं*

### शहर में भिखारियों के तीन प्रकार

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि भिखारियों को तीन कैटेगरी में डिवाइड किया है, मजबूर भिक्षुक, पेशेवर भिक्षुक और क्रिमिनल भिक्षुक। हालांकि समय-समय पर विभागीय कर्मचारी, अधिकारियों द्वारा भिखारियों को समझाइश देकर घर भेजा जाता है और जो भिखारी घर नहीं जाते हैं उन्हें आश्रय घर छोड़ा जाता है। कलेक्टर ने आदेश जारी किया था कि भिखारियों को कोई भी भीख में पैसे या खानपान की सामग्री नहीं देगा, ऐसा करते पाए जाने पर दोनों पर कार्रवाई होगी।

### सरकार की योजना से अंजान भिखारी

भिक्षावृत्ति को लेकर हरिभूमि की टीम जब शहर में पड़ताल करने पहुंची और भिखारियों से बात की तो भिखारियों ने भिक्षावृत्ति योजना से अपने आप को अंजान बताया। कुछ भिखारियों ने आश्रय गृह में भोजन व्यवस्था सही नहीं होने का कारण बताया, तो कुछ युवा भिखारियों ने रोजगार समस्या को लेकर भिक्षावृत्ति करना बताया। जिसके बाद अब भी शहर के लालघाटी, काली मंदिर, जहांगीराबाद, लालपरेड दरगाह, न्यू मार्केट, माता मंदिर, विट्ठल मार्केट, ग्लोबल यूनिवर्सिटी, एमपी नगर व कोलार जैसे शहर के विभिन्न क्षेत्रों पर भिखारी आसानी से देखे जा सकते हैं।

### ये हैं प्रमुख कारण

शहर के अनुविभागीय अधिकारी ने शहर भिक्षा मुक्त न होने का मुख्य कारण भिखारियों की सोच और प्रॉफिट को लेकर बताया। उन्होंने कहा कि भिखारियों को आश्रित गृह में सुबह नाश्ता, दो टाइम खाना और नहाने, सोने के लिए बिस्तर दिए जाते हैं या फिर उन्हें घर भेज दिया जाता है, वहीं नॉर्मल व्यक्ति को एक दिन काम करने पर 400 रुपए मिलते हैं और भिखारियों को भिक्षावृत्ति पर 800-1000 रुपए रोजाना मिल जाते हैं, तो कुछ युवा भिक्षुक भीख मांगकर दारू, गांजा, नाइट्रेशन के नशा के लिए भिक्षावृत्ति करते है।

### योजना की कोई जानकारी नहीं

सरकार की योजना के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है। हमारे पास किसी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी जानकारी नहीं दे रहे हैं, न कोई सही दिशा दे रहे, सुबह से शाम तक काली मंदिर के बाहर रहते हैं। रात 9 बजे के बाद रैन बसेरा में सोते हैं।

**मटरा अहिरवार, भिक्षुक, काली मंदिर, भोपाल**

### आश्रय गृह में खाना सही नहीं मिलता

सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान में मैं आश्रित गृह गया था। पर्याप्त भोजन नहीं मिलने के कारण आश्रय गृह से वापस आ गया हूं। काली मंदिर के पास तीनों टाइम खाना और पैसा दोनों मिलता है।

**खडोबा, भिक्षुक, काली मंदिर, भोपाल**

## खबर संक्षेप

### वरी अचिजांइ देवनागरी सिंधी में भी विमोचित

**संतनगर।** हर्षा मूलचंदानी के दूसरे गजल संग्रह वरी अचिजांइ' (फिर आना) का विमोचन संत हिरदाराम की कुटिया में सिद्ध भाऊ ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सिन्धी और देवनागरी लिपियों में लिखी हुई इस पुस्तक और गजल संग्रह के नाम की प्रशंसा की। मप्र सिन्धी साहित्य अकादमी की ओर से वर्ष 2025 के लिए 9 लेखकों को अनुदान प्राप्त हुआ है। जिसके अंतर्गत हर्षा मूलचंदानी का यह काव्य संग्रह प्रकाशित हुआ है। हर्षा मूलचंदानी, उनके पति कन्हैया मूलचंदानी और बेटा लक्ष्य तथा मनोज गंगवानी इस अवसर पर मौजूद रहे।

### धाकड़ समाज प्रतिनिधि मंडल ने पटवा से भेंट की

**औबेदुल्लागंज।** धाकड़ समाज के नवनियुक्त सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष विक्की विनय नागर, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर के साथ विधायक सुरेंद्र पटवा से भेंट की। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष चंद्र सिंह नागर, वरिष्ठ तेज सिंह नागर, कैलाश डब्बू नागर उपस्थित रहे। पटवा ने नवनियुक्त अध्यक्ष विक्की विनय नागर को अध्यक्ष बनने पर बधाई दी एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

### छह पुलिस इकाइयों को आईएसओ प्रमाणन

**भोपाल।** बड़वानी पुलिस को पुलिसिंग में गुणवत्ता और बेहतर व्यवस्था के लिए बड़ी उपलब्धि मिली है। पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित जिले की पांच पुलिस इकाइयों को आईएसओ प्रमाणन मिला है। प्रमाण-पत्र डीआईजी निमाड़ रेंज सिमाला प्रसाद की मौजूदगी में संस्था के सलाहकार एसके विद्यार्थी ने पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल को प्रदान किए। आईएसओ प्रमाणन के लिए पुलिस कार्यालयों और थानों की कार्यप्रणाली का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इसमें रिकॉर्ड संधारण, काम की निगरानी, जवाबदेही, निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन और नागरिक सुविधाओं की गुणवत्ता सहित कई बिंदुओं की जांच की गई। आईएसओ प्रमाणन पुलिस अधीक्षक कार्यालय बड़वानी, कोतवाली, सिलावद, सेंधवा शहर, सेंधवा ग्रामीण और राजपुर थाना को मिला है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

**भोपाल।** 15 वर्षीय नाबालिग मानसिक रूप से बीमार किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी दीपक सिलावट पुत्र दुर्गा प्रसाद सिलावट आयु 34 वर्ष निवासी-म.न.-163 ग्राम पिपलिया सरपंच के मकान के पास जाहिर पीर सूखी सेवनिया जिला भोपाल को पास्को एक्ट की विशेष न्यायाधीश के न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन द्वारा विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं नवीन श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार पीड़िता को मां 18 अगस्त 2021 को सुल्तानिया जनाना अस्पताल लेकर गई थी। चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि पीड़िता को सात माह का गर्भ है। अस्पताल भोपाल के चिकित्सक की सूचना पर थाना सूखी सेवनिया भोपाल की उप निरीक्षक ने सुल्तानिया जनाना अस्पताल पहुंचकर वहां पर भर्ती पीड़िता और उसकी मां सहित चिकित्सकों के बयान दर्ज करने के पश्चात प्रकरण दर्ज किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1235 | | |
| दिन: | --- | -- | --- |
| रात: | --- | -- | --- |
| तारा: | | | |
| दिन: | --- | -- | --- |
| रात: | --- | -- | --- |

'इंस्ट्रक्शनल कोर्स इन स्पाइन 2026' तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 21 से

# कमर-गर्दन, जोड़ों के घिसाव और रीढ़ के इंफेक्शन पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) की समस्याओं, इलाज की आधुनिक तकनीकों और सर्जरी के नए तरीकों पर मंथन करने के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन इन्स्ट्रक्शनल कोर्स इन स्पाइन 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

भोपाल स्पाइन रिसर्च सोसाइटी द्वारा एसोसिएशन ऑफ स्पाइन सर्जन्स ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित यह सम्मेलन 21 से 23 अगस्त तक ताज लेकफ्रंट होटल में आयोजित हो रही है। मंगलवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में भोपाल स्पाइन रिसर्च सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. वीके वर्मा ने बताया कि इस वर्ष सम्मेलन की थीम ट्रांसफार्मिंग स्पाइन ट्रामा एंड डिजेनरेटिव मैनेजमेंटः एविडेंस टू एक्सीलेंस रखी गई है। सम्मेलन में कमर और गर्दन के जोड़ों के घिसाव, गंभीर एक्सीडेंटल इंजरी (ट्रामा), रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन (स्पाइनल डिफार्मिटी) और रीढ़ के इन्फेक्शन जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी।

**छावनी पठार में ऑटो से हादसा**

### सम्मेलन में जर्मनी, सिंगापुर, साउथ कोरिया के डॉक्टर्स होंगे शामिल

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), रोबोटिक्स, नेविगेशन सिस्टम और यूनिलेटरल बाइपार्टल एंडोस्कोपी जैसी अत्याधुनिक स्पाइन सर्जरी तकनीकों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। 21 अगस्त को एम्स भोपाल और 23 अगस्त एलएनएमसी में सर्जिकल कार्यशाला आयोजित होगी। इसमें जर्मनी के डॉ. क्लास जान स्नेक, सिंगापुर के डॉ. हे ह्वी वेंग डेनिस और साउथ कोरिया के डॉ. चोई इल जैसे नामी अंतरराष्ट्रीय स्पाइन विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा देश भर के प्रतिष्ठित स्पाइन विशेषज्ञ भी अपने अनुभव और शोध साझा करेंगे।

जब्त डिब्बों की कीमत तीन हजार रुपए आंकी

# जुमेराती में पूजा घी के 37 डिब्बे जब्त, सैंपल को लेबोरेटरी भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूजा और हवन सामग्री में बेचे जा रहे घी की क्वालिटी जांच को लेकर अभियान जारी है। मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जुमेराती स्थित नेहा पूजा सेंटर का निरीक्षण किया। जहां से 37 डिब्बे में रखा पूजा घी जब्त किया गया है। घी का सैंपल लेकर जांच के लिए राज्य लेबोरेटरी भेजा गया है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि निरीक्षण क दौरान 180 मिलीलीटर के 29 डिब्बे और 450 मिलीलीटर के आठ डिब्बे जब्त किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत तीन हजार रुपए आंकी गई है। टीम ने पूजा घी का सैंपल राज्य लेबोरेटरी भेजा गया है।

गांधी नगर के बाद अब सूखी सेवनिया में हुई वारदात

# डॉक्टर से लिफ्ट लेकर बाइक-मोबाइल और लैपटॉप लूटकर भागे बदमाश

- पिपलानी स्थित रत्नागिरी चौराहे के पास दो युवकों ने लिफ्ट मांगी थी
- लुटेरों की तलाश में जुटी पुलिस की अलग-अलग टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में लिफ्ट लेकर लूटपाट करने वाला गिरोह काफी समय से सक्रिय है। सूखी सेवनिया इलाके में बदमाशों ने एक डॉक्टर से लिफ्ट मांगी और बाद में उन्हें सुनसान इलाके में ले जाकर लूट लिया। बदमाश उनकी बाइक, मोबाइल फोन और लैपटॉप छीनकर भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। इसके पहले गांधी नगर इलाके में लिफ्ट लेकर लूटपाट करने की दो घटनाएं सामने आई थी।

जानकारी के मुताबिक डॉ. हेमराज जाटव (45) अयोध्या एक्सटेंशन में रहते हैं और रायसेन स्थित एक कॉलेज में प्रोफेसर हैं। बीती चौदह अगस्त की रात करीब ग्यारह बजे वह रायसेन से अपने घर लौट रहे थे। पिपलानी स्थित रत्नागिरी चौराहे के पास दो युवकों ने उनसे लिफ्ट मांगी तो डॉक्टर ने उन्हें बाइक पर बैठा लिया।

### बाइक से नहीं उतरे आरोपी, सुनसान जगह पर ले गए

अयोध्या एक्टेंशन आने पर डॉ. हेमराज ने दोनों युवकों को बाइक से उतरने का बोला तो वह मना करने लगे। दोनों युवकों का कहना था कि रात होने के कारण वह घर नहीं जा पाएंगे, इसलिए उन्हें आगे तक छोड़ना होगा। डॉक्टर ने जब ऐसा करने से इंकार किया तो एक युवक उनकी बाइक चलाने लगा, जबकि दूसरे युवक ने डॉक्टर को बीच में बैठा लिया। उसके बाद दोनों बदमाश उन्हें कोकता बायपास मार्ग पर घुमाते हुए ओमकारा सेवनिया के पास सुनसान इलाके में लेकर पहुंचे।

### गांधी नगर में हो रही लूटपाट

इसके पहले गांधी नगर इलाके में ईस प्रकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। दरअसल सड़क बनाने वाली कंपनी में काम करने वाले एक इंजीयिर युवक ने बाइक सवार दो युवकों से लिफ्ट मांगी थी। दोनों युवकों ने इंजीनियर के बैठाया और आगे जाकर उसका मोबाइल फोन छीनकर भाग निकले। इस घटना के करीब एक सप्ताह बाद उन्हीं बदमाशों ने जेल रोड पर एक पेंटर के साथ मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों मामलों में कुल तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया था, जबकि उनका एक साथी अभी फरार चल रहा है। शहर के आउटर इलाकों में इस प्रकार की घटनाएं लगातार हो रही हैं।

### गुमठी का ताला तोड़कर उड़ाया 15 हजार का सामान

अवधपुरी स्थित एक गुमठी का ताला तोड़कर अज्ञात चोर करीब 15 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के अनुसार खजूरी कला-अवधपुरी निवासी भीमसिंह खेती-किसानी के साथ मेन रोड पर पान-गुटखे की दुकान चलाते हैं। पिछले दिनों वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन जब वह गुमठी पर पहुंचे तो पीछे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा और सामान की जांच की तो इलेक्ट्रॉनिक सामान, बल्ब, होल्डर, बोर्ड, डोरी, सीरीज, कृषि स्प्रे पंप, 2600 रुपए नकदी नहीं मिली साथ ही गुटखा, सिगरेट, टॉफी और नमकीन समेत करीब 15 हजार रुपए का सामान गायब था। सूचना मिलने पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने गुमशुदगी के मामले दर्ज कर शुरू की तलाश

# शाहपुरा और कमलानगर से दो युवक लापता

**पुलिस परिजनों और संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के शाहपुरा और कमलानगर थाना क्षेत्रों से दो युवकों के लापता होने के मामले सामने आए हैं। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने गुमशुदगी के प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दोनों मामलों में युवकों के कहीं ले जाने की जानकारी भी जांच के दौरान सामने आई है।

**शाहपुरा से 28 वर्षीय करण खांडे लापता**

शाहपुरा थाना क्षेत्र से 28 वर्षीय करण खांडे के लापता होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। पुलिस के अनुसार उमेश कुमार खांडे ने इसकी शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने गुमशुदगी की जांच शुरू की। जांच के दौरान करण खांडे, रामलाल को अपने साथ ले जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अब युवक की तलाश के साथ उसके लापता होने की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

### कमलानगर से 22 वर्षीय हर्ष ठाकुर गायब

इसी तरह कमलानगर थाना क्षेत्र से 22 वर्षीय हर्ष ठाकुर के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक संतों बाई ठाकुर की शिकायत पर गुमशुदगी की जांच शुरू की गई। हर्ष ठाकुर, पिता दिनेश ठाकुर, के कहीं ले जाने की जानकारी जांच में सामने आई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस दोनों मामलों में परिजनों और संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है।

खूजरी सड़क स्थित जीत ढाबा का मामला

# चखना देर से लाने पर ढाबे पर विवाद, दो पक्षों में मारपीट व तोड़फोड़, एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खूजरी सड़क स्थित जीत ढाबा पर सोमवार रात चखना लाने में देरी करने पर ढाबा कर्मचारी और युवकों में विवाद हो गया। गाली-गलोज से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट तक पहुंच गया।

पुलिस के मुताबिक राजेंद्र नगर बैरागढ़ निवासी विशाल अटारिया चिरायु अस्पताल में प्राइवेट नौकरी करता है। सोमवार रात साढ़े 9 बजे वह रोहन पाल, अमन खान समेत चार दोस्तों के साथ खाना खाने खजूरी सड़क स्थित जीत ढाबा पहुंचा था। ढाबे पर पहुंचते ही कुछ देर बाद विशाल ने चखने का ऑर्डर दिया। ढाबा कर्मचारियों ने ऑर्डर लाने में देर कर दी। लिहाजा विशाल के दो दोस्त वहां से चले गए। तब विशाल ने कहा कि तुमने ऑर्डर लाने में इतनी देर क्यों लगा दी। ढाबा कर्मचारी ने कहा कि इस समय भीड़ अधिक है, इसलिए ऑर्डर में देरी हो रही है। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और ढाबा कर्मचारी व उसके साथ काम करने वाले अन्य कर्मचारी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर ढाबा कर्मचारियों ने विशाल, अमन व रोहन के साथ मारपीट शुरू कर दी। विशाल और उसके दोस्तों ने भी ढाबा कर्मचारियों से मारपीट कर तोडफोड़ कर दी। मारपीट के दौरान अमन का मोबाइल भी टूट गया। पुलिस ने विशाल अटारिया की शिकायत पर ढाबा कर्मचारियों के खिलाफ व ढाबा कर्मचारी गंगाराम मरकाम की रिपोर्ट पर विशाल, अमन व रोहन के विरूद्ध मारपीट व तोडफोड़ के उभयपक्षीय प्रकरण दर्ज किए हैं।

गांवों में निकाली हरियाली यात्राएं

# पंचायतों में नवांकुर सखियां करेंगी पेड़-पौधों की सुरक्षा

आयोजन में उपस्थित नवांकुर सखियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विकासखंड में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन मप्र जन अभियान परिषद ने किया।

गौहरगंज के धामधूसर, सुलतानपुर के सेमरीकलां एवं सेक्टर चिकलोद कलां ग्राम पंचायत बरबरटपुर में नवांकुर सखियों ने हरियाली यात्रा में सहभागिता की। इस दौरान महिलाओं को 11-11 पौधे दिए गए। महिलाओं ने इनकी देखरेख का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार, सरपंच बबलू इक्के, थान सिंह पटेल, नाथूराम यादव, नव अंकुर संस्थान के अध्यक्ष बारेलाल नायक, कैलाश पटेल, वीर सिंह चौहान तामोट, हनुमान सिंह, हरनाम सिंह, सरपंच, सचिव शामिल हुए।

साधु वासवानी स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह

# छात्र परिषद से उम्मीद, दो विद्यार्थी मैरिट में अवश्य आएं: सिद्ध भाऊ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। महासचिव कन्हैयालाल रामनानी ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विकास में योगदान देने के लिए छात्र परिषद ने पद ग्रहण किया है। और नवनिर्वाचित पदाधिकारी इस पद का भलीभांति निर्वहन करेंगें।

कार्यक्रम में संतजी के उत्तराधिकारी सिद्ध भाऊ ने कहा कि इस साल की छात्र परिषद के विद्यार्थियों से मैं उम्मीद रखता हूं कि कम से कम दो विद्यार्थी मैरिट में अवश्य आएंगे, परंतु मैरिट में आने के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है, इसके लिए अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें एवं समय का सदपयोग करते हुए टाइम-टेबल अवश्य बनाएं। जिससे आप अच्छे से पढ़ाई कर सके।

शपथ ग्रहण समारोह में छात्र परिषद के पदाधिकारी व सिद्ध भाऊ।

### विद्यालय में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव करवाना बड़ी उपलब्धिः कर्नल नारायण पारवानी

कार्यक्रम में कर्नल नारायण पारवानी ने कहा कि विद्यालय में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव करवाना बड़ी उपलब्धि है। इस चुनाव में जो विद्यार्थी जीते हैं, उन्हें शुभकामनाएं और जो हारे हैं उन्हें भी शुभकामनाएं, क्योंकि हार-जीत तो होनी ही है। कार्यक्रम को सभा के उपाध्यक्ष आइलदास साधवानी ने संबोधित किया। विद्यालय की शिक्षिका रितु ओझा ने गीत प्रस्तुत किया। छात्रा प्रियंका थद्धानी एवं सुमित मेवाड़ा ने कहा कि हमें जो पद मिला है, उस पद का हम पूरी ईमानदारी से पालन करेंगे। कार्यक्रम में प्राचार्या तुलिका घोष, पीआरओ दीपा आहूजा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ममता जनयानी ने किया।

राजाभोज एयरपोर्ट शाखा की नेक पहल

# कैंसर रोगियों और परिजनों को किया भोजन का वितरण

भोजन वितरित करतीं पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कल्याणमयी संस्था, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, राजा भोज एयरपोर्ट भोपाल शाखा ने जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल में संचालित सेवा भारती भोजन सेवा में सहभागिता की।

कल्याणमयी संस्था की अध्यक्ष प्रियंका त्रिपाठी के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने कैंसर से पीड़ित रोगियों एवं उनके परिजनों को भोजन वितरित किया। इस अवसर पर प्रियंका त्रिपाठी ने रोगियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत राष्ट्रप्रेम की भावना व्यक्त की। संस्था के सदस्यों द्वारा सेवा भारती संस्था को अंशदान प्रदान कर सहयोग भी किया गया।

स्टेशन रोड की खस्ता हालत को लेकर राजनीति भी गर्माई

# स्टेशन रोड पर गड्ढों ने व्यापारियों रहवासियों की बढ़ाई परेशानी, दो पहिया वाहन चालक गिरकर हो रहे घायल

व्यापारियों ने सड़क का शीघ्र निर्माण कराने की नगर पषिद से मांग की

नगर परिषद में भी चल रही खींचतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

स्टेशन रोड पर स्थित गड्ढे।

स्टेशन रोड की बदहाल स्थिति ने व्यापारियों और रहवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। स्टेशन रोड पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण करीब 20 व्यापारी और सड़क किनारे रहने वाले लोग परेशान हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन दोपहिया वाहन चालक गड्ढों के कारण फिसलकर गिर रहे हैं। व्यापारियों ने सड़क का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की है। नगर परिषद के एक वरिष्ठ पार्षद ने नाम न छापने की शर्त पर आरोप लगाया कि जिले के एक पूर्व महामंत्री स्टेशन रोड के निर्माण में अड़ंगा डाल रहे हैं। यह मामला इन दिनों नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। ज्ञात हो कि नगर परिषद की पिछली बैठक में हुए हंगामे और अशोभनीय माहौल के बाद नगर की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। बैठक को एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद परिषद के भीतर चल रही खींचतान को लेकर नगर में चर्चाओं का दौर जारी है।

### नगर के मुद्दों को मजबूती से उठाने पर ध्यान

नगर परिषद की आंतरिक राजनीति के बीच स्टेशन रोड के गड्ढों और अन्य विकास कार्यों को लेकर परिषद कब ठोस कदम उठाती है, यह देखना होगा। इधर, नगर परिषद की राजनीति में भी पार्षदों के बीच खेमेबंदी साफ नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि आठ पार्षद एक तरफ हैं, जबकि छह पार्षद दूसरी ओर हैं। वहीं एक कांग्रेस पार्षद को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। आठ पार्षदों ने एकजुट होकर निर्णय लिया है कि नगर परिषद के कामकाज में पार्षदों के अलावा किसी अन्य प्रतिनिधि का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उनका कहना है कि निर्वाचित पार्षदों को ही परिषद के कामकाज और नगर के विकास से जुड़े निर्णयों में प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए। नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, वरिष्ठ पार्षद दीपू परमार, भारती सेठी, प्रीति अनूप चौधरी, शंकरलाल इरपाचे, हेमलता मनोज चौरसिया, प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक तथा पार्षद सरोज रामेश्वर नागर सहित अन्य पार्षदों ने नगर के विकास के लिए अपनी एकजुटता मजबूत करने की बात कही है। पार्षदों का कहना है कि उनका उद्देश्य व्यक्तिगत राजनीति नहीं, बल्कि नगर के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाना है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि वाणी वीणा बने, परंतु वाणी बाण न बने।

# भगवान नेमिनाथ का जन्म और तप कल्याणक मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मंगलवार को भगवान नेमिनाथ जन्म और तप कल्याणक भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान नेमिनाथ का विधान किया। प्राचीन मंदिर मुख्य रोड दिगंबर जैन मंदिर एवं स्टेशन रोड पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं तामोट में दिगंबर जैन मंदिर में प्रातः काल से ही शांति धारा कर अभिषेक पूजन किया गया। इसके बाद भगवान नेमिनाथ का विधान किया गया।

विधान के पश्चात ऐलक श्री दयासागर महाराज ने कहा कि भगवान की भक्ति अनंत फल देने वाली है। जो भी कार्य करो, पूरा मन लगाकर करें। आत्मा की सिद्धि से प्रसिद्धि मिलती है। इस अवसर पर पंडित लक्ष्मी, चंद डॉ. मीना जैन अध्यक्ष सुनील तामोट, इंजीनियर मुकेश जैन, एलसी जैन, इंद्रा तरुण जैन, विनय जैन, अनिकेत जैन, अंशुल जैन, दिनेश गुड्डन जैन, विजय जैन, पूर्व पार्षद मीना जैन प्राचीन मंदिर में नीति अनुराग जैन, पवन रितेश जैन, टिल्लू जैन, शिमला जैन, अर्चना जैन, कविता जैन एवं तामोट दिगंबर जैन मंदिर में अरविंद जैन, राजेंद्र जैन, मनोज जैन, रानी जैन, बंटी जैन आदि ने शांति धारा की।

## संत रविदास जयंती पर समरसता संकल्प सम्मेलन का आयोजन

# जातिवाद के चुनौती भरे माहौल में सामाजिक समरसता लाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज के दौर में जातिवाद के चुनौती भरे माहौल के बीच समाज में समरसता लाना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का जीवन और उनके विचार पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोने का मार्ग दिखाते हैं।

यह बात मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को राजधानी भोपाल के रवीन्द्र भवन में संत रविदास सामाजिक समरसता संकल्प सम्मेलन के दौरान कहीं। सम्मेलन से पहले बरखेड़ा स्थित प्राचीन संत रविदास मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें संतों का रथ, बैंड-बाजे, ढोल, बग्गी, ऊंट-घोड़े और महिला मंडल के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई रवीन्द्र भवन पहुंची। सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक प्रदीप लारिया सहित संत समाज और संत रविदास के अनुयायी मौजूद रहे।

कलश पूजन में शामिल सीएम।

### पीएम के नेतृत्व में सामाजिक समरसता अभियान को जन-जन तक पहुंचाया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में सामाजिक समरसता के अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में वाराणसी (उत्तर प्रदेश) स्थित संत रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर से पवित्र मिट्टी और पावन जल लेकर आई यह समरसता संकल्प कलश यात्रा समाज में समानता और भाईचारे का नया संदेश देगी। इस मौके पर मंत्री नागर सिंह चौहान ने सम्मेलन में अभियान की रूपरेखा बताते हुए कहा कि यह कलश यात्रा महत्वपूर्ण है। इसे गांव-गांव तक ले जाया जाएगा।

संत रविदास के चित्र पर सीएम ने पुष्प अर्पित किए।

उन्होंने कहा कि संत रविदास के संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा के नए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा- कई सरकारें आईं और गईं, लेकिन संत रविदास जी के त्याग बलिदान को सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

मेमू ट्रेन के स्टेशन तक विस्तार शुभारंभ में वर्चुअली शामिल हुए सीएम।

### कैलारस-सबलगढ़-वीरपुर रेलखंड का उद्घाटन, मेमू ट्रेन का वीरपुर तक विस्तार, सीएम वर्चुअली हुए शामिल

# प्रदेश को मिल रहीं महत्वपूर्ण रेल की सौगातें : डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रेलवे और ग्वालियर का गहरा संबंध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे ने अभूतपूर्व प्रगति की है। देश को वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों की सौगात मिली है। भारत में अब हाइड्रोजन से भी रेलगाड़ी दौड़ने लगी है। भविष्य में बुलेट ट्रेन चलाने की भी योजना है। मप्र को हर दिन रेलवे और अन्य योजनाओं की सौगात केंद्र की ओर से मिल रही है। लगभग 18 हजार करोड़ लागत की इंदौर-मनमाड रेल लाइन परियोजना प्रदेश के लिए बड़ी सौगात है। यह रूट गुना और मालवा के रास्ते मुंबई तक रेलवे का नया मार्ग बनेगा। मालवा और चंबल क्षेत्र के औद्योगिक गलियारे को भी इस लाइन से लाभ मिलेगा। डिफेंस कॉरिडोर और टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन को भी नई रेल लाइन से फायदा पहुंचेगा। मध्यप्रदेश में एक लाख करोड़ से अधिक की रेल परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है।

### मेमू ट्रेन को झंडी दिखाकर किया रवाना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्रियों ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कैलारस-सबलगढ़-बीरपुर रेलखंड का उद्घाटन और ग्वालियर-कैलारस मेमू ट्रेन के बीरपुर स्टेशन तक विस्तार का झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी औद्योगिक क्षेत्र का विकास के लिये कनेक्टिविटी बेहतर होनी चाहिए। ग्वालियर अंचल बैट्री स्टोरेज परियोजना, फुटवियर क्लस्टर, हाइड्रोजन निर्माण इकाई के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार की सुविधा बढ़ाएगा। देश में आवागमन के लिए अभी तक सबसे सुलभ और सबसे सस्ता परिवहन रेलवे ही है। ग्वालियर अंचल में आज रेलखंड के विस्तार से बड़ी सौगात प्रदेश की जनता को मिली है।

### सैकड़ों गांवों के रहवासियों को मिलेगा लाभ

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सबके साथ और सबके विश्वास से ही आज 56 किलोमीटर लंबे कैलारस-सबलगढ़-वीरपुर रेलखंड का शुभारंभ हुआ है। इस रेलवे लाइन से ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के सैंकड़ों गांवों के रहवासियों को लाभ मिलेगा। भविष्य में लाइन का विस्तार श्योपुरकला से कोटा तक किया जाएगा। इससे एजुकेशन हब के रूप में विकसित हो चुके कोटा तक आने-जाने की सुविधा बढ़ेगी। साथ ही जयपुर तक औद्योगिक कॉरिडोर को भी गति मिलेगी। यह परियोजना हमारी प्राथमिकता में है। इसे वर्ष 2011 में मंजूरी मिल चुकी थी, वर्ष 2016 में कार्य शुरू होने के बाद अब तक 117 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन पर गाड़ियां संचालित हो रही हैं। अभी वीरपुर से सिरौली रोड तक 37 किलोमीटर रेलखंड और सिरौली रोड से श्योपुरकला तक 33 किलोमीटर तक के रेलखंड का 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। कुछ महीनों में ग्वालियर से श्योपुरकला तक रेलगाड़ी का संचालन शुरू हो जाएगा। इस रूट पर ग्वालियर से बिरला नगर, बामौरगांव, अंबिकेश्वर, सुमावली, भटपुरा, कैलारस, पीपलवाली चौकी, संबलगढ़, वीरपुर स्टेशन शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी के लाल किले से लिए गए संकल्पों की सिद्धि में अधिक से अधिक योगदान देगा मप्र

# एआई की दुनिया में नेतृत्व का सामर्थ्य बढ़ाने एक करोड़ युवाओं को मिलेगी एआई स्किल की ट्रेनिंग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से जो संकल्प घोषित किए हैं, उनकी सिद्धि में मध्यप्रदेश अपना अधिकतम योगदान देगा। पांच से 15 उम्र के बच्चों में खेल प्रतिभा ढूंढने के लिए गांव-गांव, शहर-शहर, स्कूल-स्कूल एक टैलेंट हंट का अभियान चलाया जाएगा, बच्चों की प्रतिभा को देखा जाएगा और फिर उनको स्पेशल ट्रेनिंग देकर अच्छा खिलाड़ी बनाया जाएगा।

युवाओं के लिए विभिन्न परीक्षाओं की फ्री ऑनलाइन कोचिंग कराने का निर्णय लिया गया है, जिसमें संसाधनों को जोड़ कर नौजवानों को फ्री कोचिंग देने का पूरा नेटवर्क खड़ा किया जाएगा। एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को एआई स्किल के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे युवाओं में एआई की दुनिया में भी नेतृत्व करने का सामर्थ्य हो। नशा मुक्त भारत का 100 सप्ताह का एक बड़ा अभियान चलाया जाएगा। सिविल डिफेंस का एक वाइब्रेंट नेटवर्क खड़ा किया जाएगा। आधुनिक संकटों से नागरिकों की रक्षा करने के लिए बड़ा वॉलंटरी फोर्स बनाया जाएगा। डॉ यादव मंत्रिपरिषद् की बैठक से पहले मंत्रिगण को संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले किया संबोधित
- शहर-शहर, स्कूल-स्कूल एक टैलेंट हंट अभियान चलाया जाएगा, बच्चों की प्रतिभा को देखा जाएगा

मंत्री-परिषद की बैठक का मंत्रालय में हुआ आयोजन।

### कृषि विभाग और डिण्डौरी जिले की पूरी टीम को सीएम ने दी हार्दिक बधाई

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी हितग्राही मूलक योजनाओं में मध्यप्रदेश देशभर में अग्रणी है। प्रदेश ने कृषि वर्ष में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री धन-धान्य क्रियान्वयन योजना में प्रदेश का डिण्डौरी जिला पूरे देश में प्रथम स्थान पर आया है। डॉ यादव ने कृषि विभाग और डिण्डौरी जिले की पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अन्य सभी जिले भी डिण्डौरी मॉडल का अनुसरण कर इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें । डॉ यादव ने बताया कि बैठक में धार जिले में विकसित हो रहे देश के पहले मेगा पीएम मित्र पार्क के विकास कार्यों की सराहना की गई। विक्रम उद्योगपुरी उज्जैन में भी देश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपनी ईकाई स्थापित की हैं।

### ग्रीन एनर्जी प्रोडक्शन को 50 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि सप्त धारा की पहली शक्ति मैन्युफैक्चरिंग पावर, दूसरी शक्ति कृषि और फूड प्रोडक्शन, तीसरी शक्ति टेक्नोलॉजी और इनोवेशन,चौथी शक्ति गति शक्ति, पांचवी शक्ति रक्षा शक्ति और छठी शक्ति ग्रीन इकोनॉमी, ब्लू इकोनामी है, जो ग्रीन जॉब्स को भी जन्म देती है। सातवीं शक्ति के रूप में आध्यात्म, योग और आयुर्वेद के माध्यम से हेल्थ, क्रॉफ्ट, संस्कृति, क्रिएटिव फिल्में, गेमिंग और डिजिटल इकोनॉमी के लिए काम करने की अच्छी संभावनाएं हैं।

#### भव्य योजना में मप्र दूसरे स्थान पर

डॉ यादव ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ 'भव्य' योजना के अंतर्गत बैठक में सहभागिता की। भव्य योजना 33 हजार 660 करोड़ रुपए की है, जिसके माध्यम से देश में औद्योगिक विकास की कल्पना की गई है। इसमें केंद्र सरकार ने देशभर में 100 औद्योगिक क्लस्टर का बेल्ट तैयार करने की बात कही है, जिसमें से पहले चरण में 20 क्लस्टर विकसित किए जाएंगे।

### सड़क विकास निगम के 35 पदों को मंजूरी

## निर्मल एवं अविरल मां नर्मदा मिशन (नमन मिशन) के गठन की स्वीकृति

सीएम की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। बैठक में प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ और जीवनदायिनी मां नर्मदा के संरक्षण, पुनर्जीवन तथा दीर्घकालीन सतत प्रबंधन के लिए 'निर्मल एवं अविरल मां नर्मदा मिशन के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई। प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और तकनीकी प्रगति को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णयों को मंजूरी दी गई। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की पदीय सरंचना में पूर्व में स्वीकृत 288 पदों के अतिरिक्त 35 नवीन पदों एवं पूर्व से स्वीकृत 07 पदों की निरंतरता आगामी 5 वर्षों अर्थात 18 सितम्बर 2031 तक रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

#### नमन मिशन की प्रबंधन संरचना, सीएम करेंगे साधारण सभा की अध्यक्षता

नमन मिशन को मप्र सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1973 के तहत एक स्वायत्त संस्था के रूप में पंजीकृत किया जाएगा, जो पूर्व में गठित मंत्रिमंडल समिति, अन्तर्विभागीय कार्यकारिणी समिति और राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की प्राथमिकताओं व अनुश्रवण तंत्र को समाहित कर सुदृढ़ कार्य योजना पर कार्य करेगा। नमन मिशन का प्रशासनिक ढांचा त्रि-स्तरीय रखा गया है। मुख्यमंत्री सर्वोच्च साधारण सभा के अध्यक्ष रहेंगे।

#### इन प्रमुख योजनाओं के लिए दी गई राशि की मंजूरी

योजनाओं के संचालन के लिए 1 लाख 46 हजार करोड़ की स्वीकृति दी गई। इनमें लाड़ली बहना और लाड़ली लक्ष्मी योजना के अलावा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अधोसंरचना विस्तार के लिए 11 हजार 835.35 करोड़, कृषि शिक्षा व अनुसंधान के लिए 870 करोड़ 16 लाख तथा प्रशासनिक कार्य कुशलता और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम में 35 नवीन पदों के सृजन को भी मंजूरी दी गई है।

### सीएम ने महोत्सव को किया वर्चुअली संबोधित

# दुग्ध उत्पादन को 12 से बढ़ाकर 20 प्रति. तक ले जाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कृषक कल्याण वर्ष में प्रदेश सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कृषि के साथ पशुपालन और उद्यानिकी को भी बढ़ावा दे रही है। गुना जिले की धनिया और गुलाब उत्पादन के क्षेत्र में विशेष पहचान है। किसानों को उद्यानिकी से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गुना जिले के कुंभराज धनिया को शीघ्र ही जीआई टैग प्राप्त होगा। प्रदेश में उद्यानिकी का रकबा 20 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास से गुना कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में भी प्रदेश के किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। बदलते दौर के अनुरूप पशु नस्ल सुधार जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। किसानों को दिन में विद्युत आपूर्ति का लाभ मिल रहा है, जिससे कृषि कार्य को और आसान बनाने में मदद मिली है।

#### लोगों का जीवन सरल, योजनाओं का लाभ घर-घर तक : प्रियंका पेंची

विधायक चाचौड़ा प्रियंका पेंची ने कहा कि आज का दिन बहुत अच्छा है। शासन की योजनाओं का लाभ एक-एक व्यक्ति तक पहुंच रहा है। भारत सरकार और राज्य सरकार लगातार ऐसी योजनाएं संचालित कर रही हैं, जिनसे लोगों का जीवन सरल हो रहा है और योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जिस धरती से अन्न प्राप्त होता है, उसके प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए।

#### उपलब्धियों के लिए कृषक हुए सम्मानित

कार्यक्रम में कृषक परिवार के मेधावी छात्र एवं छात्राओं तथा जैविक कृषि एवं उन्नत तकनीक से खेती करने वाले कृषकों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस में सम्मानित होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

#### बड़ी संख्या में जुड़ रहे युवा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं को भी कृषि, पशुपालन और उद्यानिकी गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। उन्नत गोपालन और डेयरी विकास के कार्यों से युवा बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। उन्होंने किसानों से सामाजिक कुरीतियों को त्यागने, विवाह एवं अन्य प्रसंगों पर अनावश्यक खर्च कम करने, कृषि भूमि नहीं बेचने और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों एवं किसानों से चर्चा भी की।

### तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन ने जताया विरोध

# कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर कहा, जल्द लागू की जाए कैशलेस हेल्थ स्कीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आठ माह से लंबित महंगाई भत्ते और सीपीसीटी की अनिवार्यता के विरोध में तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन ने मंगलवार को मंत्रालय के सामने प्रदर्शन कर सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया और जल्द कैशलेस हेल्थ स्कीम लागू करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने प्रदेश में कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक जनवरी 2026 से दो महंगाई भत्ता और महंगाई राहत देने की मांग की।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा कर्मचारियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा देने की घोषणा की जा चुकी है, लेकिन अभी तक इसका लाभ नहीं मिल रहा है। संघ ने योजना को जल्द लागू करने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि सीधी भर्ती में सीपीसीटी की अनिवार्यता रखी जा सकती है, लेकिन अनुकंपा नियुक्ति और चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में पदोन्नति के लिए इसकी बाध्यता खत्म की जानी चाहिए। अनुकंपा नियुक्ति में भी सीपीसीटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की गई। इसके अलावा कर्मचारियों ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था खत्म करने की मांग भी उठाई।

ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

### शिक्षकों के खाली पदों को तुरंत भरा जाए, छात्राएं पढाई छोड़ने को हो रही मजबूर

# सरकारी स्कूलों के मर्जर पर तत्काल रोक लगे: अजय सिंह

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने प्रदेश में सरकारी स्कूलों की मर्जर प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन कर दूर-दराज के क्षेत्रों में किए गए सभी मर्जर आदेशों को निरस्त किया जाए। इसके साथ ही प्राथमिकता के आधार पर बजट आवंटित कर स्कूलों के जर्जर भवनों को सुधारा जाए और शिक्षकों के खाली पदों को तुरंत भरा जाए। सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा 'एक परिसर, एक शाला' और संदीपनी स्कूल नीति के नाम पर सरकारी स्कूलों के अंधाधुंध मर्जर की कड़े शब्दों में निंदा की है।

अजय सिंह

उन्होंने कहा कि सरकार मर्जर का बहाना बनाकर वास्तव में प्रदेश के सरकारी स्कूलों को बंद करने का काम कर रही है। सरकार की इस अदूरदर्शी नीति का सबसे घातक असर ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब विद्यार्थियों विशेषकर छात्राओं की शिक्षा पर पड़ रहा है।

#### विभाग खुद के बनाए नियमों की उड़ा रहा धज्जियां

अजय सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग खुद के बनाए नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है। स्कूलों के मर्जर के लिए दो किलोमीटर के दायरे का नियम है, लेकिन पांच से दस किलोमीटर दूर स्थित स्कूलों को आपस में मर्ज किया जा रहा है। सागर, उज्जैन, सीहोर, सतना, रायसेन और विदिशा समेत पूरे प्रदेश से इसके खिलाफ लगातार विरोध की आवाजें उठ रही हैं। उज्जैन में सैकड़ों छात्राओं को मजबूरी में सड़क पर उतरकर इस गलत नीति का विरोध करना पड़ा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने स्कूलों की दूरी बढ़ने और बार-बार स्कूल बदले जाने के कारण छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा और परिवहन के साधनों के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों को बीच में ही पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### लोक भवन में डॉ. बीआर आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विवि की शासी निकाय की हुई बैठक

# युवाओं को समसामयिक परिस्थितियों के अनुरूप सजग और जागरूक बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युवा, विकसित भारत की आधारशिला है। उन्हें स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त बनाना समय की मांग है। युवाओं को समसामयिक परिस्थितियों के अनुरूप सजग और जागरुक बनाएं। समाज और राष्ट्र हित के प्रति संकल्पित और समर्पित बनाएं।

यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कही। राज्यपाल पटेल मंगलवार को डॉ. बीआर आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय की शासी निकाय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए वरदान है। विश्वविद्यालय का ध्येय अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की बेहतरी के लिए लगातार चिंतन और प्रयास करना है। उनके शैक्षणिक, आर्थिक कल्याण के लिए विशेष अनुसंधान एवं नवाचारों का दिशा-दर्शन करें। केंद्र और राज्य सरकार के उत्थान कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू करें। लोकभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित बैठक में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे।

#### पूर्व छात्रों का सहयोग प्राप्त करें

राज्यपाल पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन, संस्थान की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने विशेष प्रयास करें। सरकार के अलावा सामाजिक सहयोग, अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय संगठनों से समन्वय करें।

### नशा मुक्ति अभियान में करें सक्रिय सहभागिता

राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर "नशा मुक्त भारत अभियान" चलाया जा रहा है। विश्वविद्यालय नशामुक्त अभियान में सक्रिय सहभागिता करें। विश्वविद्यालय प्रबंधन अपने उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करें। सरकार द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के शैक्षणिक कल्याण के लिए आवंटित बजट को निर्धारित समय सीमा में खर्च करें।

#### विद्यार्थियों को दें सामाजिक न्याय और समरसता के व्यावहारिक संस्कार

राज्यपाल पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन ऐसी व्यवस्था बनाए कि छात्र डॉ. आंबेडकर के कृतित्व-व्यक्ति और उनके राष्ट्र निर्माण में महान योगदान से लगातार परिचित होते रहें।

## पेज एक का शेष....

### पीएम केयर्स फंड ...

यह तेजी इसके वित्तीय प्रबंधन में किए गए बदलाव के कारण आई है। अब कुल फंड में से 6,641 करोड़ की राशि फिक्स्ड डिपॉजिट में रखी गई है, जिससे बीते वित्त वर्ष में ही 474 करोड़ का ब्याज प्राप्त हुआ है। कोविड महामारी के दौरान शुरू हुआ यह फंड आपात स्थितियों में सहायता प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

### जांच के लिए...

भी विचार कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित की जाने वाली इस समिति में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख हस्तियों को शामिल किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक और किसी राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को सदस्य बनाया जाएगा। पीठ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 20 जुलाई को हुए संसद मार्च के सभी वीडियो फुटेज, सीसीटीवी रिकॉर्डिंग और साक्ष्य इस समिति को सौंपे जाएं। समिति विशेष रूप से महिला प्रदर्शनकारियों के साथ हुई बदसलूकी के आरोपों और पुलिस कार्रवाई की आनुपातिकता की जांच करेगी।

### दिल्ली पुलिस की ...

से अधिक पुलिसकर्मी और लगभग 200 प्रदर्शनकारी घायल हुए। हलफनामे में दावा किया गया कि प्रदर्शन में 2,800 से अधिक ऐसे लोग शामिल थे, जिन पर हत्या, डकैती और पॉक्सो जैसे गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए न्यूनतम और कानूनी बल प्रयोग किया गया था। सिविल ड्रेस में जवानों की तैनाती एक सामान्य सुरक्षा रणनीति का हिस्सा थी, और कील लगी लाठी का इस्तेमाल पुलिस ने नहीं बल्कि एक प्रदर्शनकारी ने किया था।

### डीएमएस को केवी ...

किए जाने के प्रस्ताव के खिलाफ सड़कों पर उतर आए। सेव डीएमएस के पोस्टर और तख्तियां हाथों में लिए छात्रों ने स्कूल की स्वायत्तता और स्वतंत्र पहचान बनाए रखने की मांग की। प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों ने रीजनल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसके गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर संविलयन प्रक्रिया तुरंत रोकने की मांग की। छात्रों और अभिभावकों का कहना है कि डीएमएस केवल एक सामान्य स्कूल नहीं, बल्कि शैक्षणिक प्रयोगों व नवाचार का केंद्र है। केवी में विलय से इसकी मूल पहचान प्रभावित होगी। मांग न पूरी होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

### धरने पर बैठे ....

परिषद स्कूल के आरोपी प्रिंसिपल को प्रशासन ने सस्पेंड कर दिया है। दो दिन पहले दिपके ने इस स्कूल का निरीक्षण कर प्रिंसिपल पर शराब के नशे में ड्यूटी करने का आरोप लगाया था। इसके विरोध में बेहतर शिक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर ग्रामीण अनशन पर बैठ गए थे। दिपके के गांव पहुंचने और प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत के बाद प्रशासन ने आरोपी प्रिंसिपल के निलंबन, चार नए शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति और बच्चों के लिए नई बेंच की व्यवस्था करने की मांगें स्वीकार कर लीं, जिसके बाद ग्रामीणों ने अनशन समाप्त किया।

### डंपर से टकराई ...

रात करीब 1 बजे हुआ। हाईवे पर अचानक सामने आए गायों के झुंड को बचाने के प्रयास में पिकअप चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रहे डंपर से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। हादसे का शिकार हुए सभी मजदूर उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के रहने वाले थे। वे मप्र में धान रोपाई का काम खत्म कर खुशी-खुशी पिकअप वाहन में सवार होकर अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही गोहद चौराहा थाना पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को गोहद अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है।

### लखनऊ से आए...

के गहरे पानी में डूबने लगे। रेस्क्यू टीम ने तत्परता दिखाते हुए तीन युवकों को सुरक्षित बचा लिया, जबकि एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान शुभ उर्फ प्रखर तिवारी (24) निवासी लखनऊ के रूप में हुई है। शुभ अपने तीन साथियों संतोष (24), अनिकेत (23) और कमल किशोर (23) के साथ ओंकारेश्वर आया था। स्नान के दौरान चारों दोस्त फोटो व वीडियो बनाने के चक्कर में सुरक्षा बैरिकेड्स पार कर गहरे पानी और प्रतिबंधित क्षेत्र में चले गए। सुरक्षाकर्मियों की चेतावनी के बावजूद आगे बढ़ने पर वे संतुलन खो बैठे और डूबने लगे। युवकों के चिल्लाने पर घाट पर मौजूद नाविक मुकेश व शंकर वर्मा और होमगार्ड/एसडीआरएफ के जवान तुरंत नदी में कूदे। टीम ने संतोष, अनिकेत और कमल को बचा लिया। गंभीर हालत में निकाले गए शुभ तिवारी को सीपीआर देने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिलाओं को ही ....

के विनाश की वजह बता डाला। विधायक शाक्य ने कहा कि रामायण युद्ध में रावण की जिद और महाभारत में 'पंचाली' के कारण लाखों-करोड़ों पुरुष मारे गए, लेकिन कोई महिला नहीं मरी। उन्होंने इतिहास का हवाला देते हुए पृथ्वीराज चौहान द्वारा संयोगिता के लिए 55 सामंत मरवाने की बात भी कही। शाक्य के इस बयान पर मंच पर मौजूद चांचौड़ा से भाजपा की महिला विधायक प्रियंका मीना पैंची का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने तुरंत खड़े होकर इस बयान को महिलाओं का सीधा अपमान और महिला विरोधी मानसिकता का प्रतीक बताते हुए कड़ा ऐतराज जताया। भरे मंच पर दोनों भाजपा विधायकों के बीच हुई तीखी झड़प से कार्यक्रम में हड़कंप मच गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

### अंतिम रिपोर्ट में ...

रिपोर्ट में केवल उन 8 आरोपियों के नाम दर्ज हैं, जिन्हें पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। यह रिपोर्ट अब आगे की कार्रवाई के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दी गई है। प्रारंभिक जांच में 27 अप्रैल से 5 जून 2026 के बीच करीब 70 बार नकदी चुराने की पुष्टि हुई थी। बढ़ते राजनीतिक और सामाजिक दबाव के बीच चंपत राय और अनिल मिश्रा ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। फिलहाल, इस मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित दूसरी एसआईटी द्वारा भी समानांतर रूप से जारी है।

### मेटा को कानूनी ...

ली जा सकती है। आईटी मंत्रालय और मेटा अधिकारियों के बीच हुई बातचीत में सरकार ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया से होने वाले नुकसान को रोकना और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्लेटफॉर्म्स की सीधी जिम्मेदारी है। सरकार का मकसद सेंसरशिप लगाना नहीं, बल्कि भारतीय कानूनों का सख्ती से पालन कराना है। दूसरी ओर, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और के विनोद चंद्रन की बेंच ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स द्वारा बाल यौन शोषण रोकने में कथित चूक को लेकर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह एक बेहद गंभीर मुद्दा है जिस पर कड़े और पारदर्शी सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

### एनटीए में बड़े ...

परिसर में स्थानांतरित किया जाएगा, जहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की सुरक्षा तैनात रहेगी। शिक्षा मंत्री ने सभी परीक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने और एनटीए को संपूर्ण परीक्षा प्रक्रियाओं का गहन ऑडिट कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

### नए पदों ...

विशेषज्ञों को शामिल किया जा रहा है।

**गोपनीय प्रक्रियाओं का पुनर्गठन:** गोपनीय कार्यप्रणाली, एयर-गैप्ड प्रणालियों और आइसोलेशन रूम्स की व्यवस्था को युद्धस्तर पर मजबूत किया जाएगा।

### तावड़े को उप्र,...

अहम चुनौती होगी। राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है। पंजाब में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और राज्य की जटिल राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए पूनिया के अनुभव का इस्तेमाल किया जाएगा। भाजपा के सबसे मजबूत गढ़ गुजरात में तरुण चुघ को नया प्रभार दिया गया है। पहले भी कई महत्वपूर्ण सांगठनिक पदों पर काम कर चुके चुघ की मुख्य जिम्मेदारी सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखना और पार्टी की पकड़ को और मजबूत करना होगी।

### कहा- चुप...

साल की एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट नताली हार्प के बारे में पूछा, जिस पर एक डेमोक्रेटिक सांसद ने हाल ही में टिप्पणी की थी। होम्स ने इसके बाद जब उत्तर कोरिया के बारे में सवाल पूछने की कोशिश की, तो ट्रंप ने उन्हें 'बहुत बदतमीज' कह दिया। ट्रंप ने कहा- तुम बहुत जोर से और शोर करके बात करती हो। तुम फेक न्यूज हो। चुप हो जाओ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ट्रंप बार-बार महिला रिपोर्टर को चुप हो जाओ और तुम फेक रिपोर्टर हो, फेक हो कहते देखे जा सकते हैं।

### जॉन ओसॉफ...

रैपिड रिस्पॉन्स टीम ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर क्रिस्टन होम्स के सवाल वाला वीडियो पोस्ट कर लिखा है कि ये घटिया लोग सबसे निचले स्तर के हैं।

### नताली हार्प...

चर्चा का विषय बनी हुई हैं। वह ट्रंप के साथ हर वक्त देखी जाती हैं। उन्हें लोग ह्यूमन प्रिंटर भी कहते हैं, क्योंकि वह ट्रंप को हर जानकारी का प्रिंटआउट देते रहती हैं। एक किताब में न्यूयॉर्क टाइम्स के पत्रकारों ने दावा किया है कि हार्प ट्रंप को प्यार भरे खत लिखती है। दावा है कि हार्प ने एक पत्र में ट्रंप को लिखा था कि मेरे लिए सिर्फ आप मायने रखते हैं। जुलाई में एयरफोर्स वन की गुप्त अदला-बदली में भी वह ट्रंप के कुछ चुनिंदा लोगों में से एक थीं।


**कार्यालय संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल**

भदभदा रोड भोपाल- 462003
e-mail- fdvanvnp.bpl@mp.gov.in Phone & Fax-0755-2674278

क्रमांक / भंडार / 9688 **ई-निविदा सूचना** भोपाल, दिनांक /14/8/26

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में आयोजित होने वाले वन्यजीव सप्ताह-2026 (01 से 07 अक्टूबर) में उपयोग हेतु टेन्ट सामग्री किराए पर लेने हेतु निर्धारत प्रपत्र में ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित निविदा दस्तावेज / प्रपत्र वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 1000/- ऑनलाइन पोर्टल पर Credit card/Debit card/Internet banking से भुगतान कर केवल ऑनलाइन दिनांक 19.08.2026 समय दोपहर 04.00 बजे से क्रय किये जा सकेगें।

Bid Submission Start date 19.08.2026 Time 16.00 pm
Pre-bid meeting date 31.08.2026 Time 12.30 pm
Bid Submission End date 08.09.2026 Time 16.00 pm
Bid Opening Date 09.09.2026 Time 16.00 pm

संचालक,
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल

G-17297/26



**कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यान्त्रिकी सेवा एवं सदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति, जिला पंचायत भोपाल**

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पुराना सचिवालय के पास जिला भोपाल

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निविदा क्र. 1808/2026-27 दिनांकः 14/08/2026

जिला वॉश तकनीकी समिति जिला पंचायत भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत (ग्रामीण नलजल योजना संचालन- संधारण एवं प्रबंधन) नियम, 2026 की कंडिका 12 के प्रावधानों के अंतर्गत ग्रामीण नल जल योजनाओं के वृहद मरम्मत, रख-रखाव एवं स्त्रोत तथा पाइप लाइन विस्तार कार्यों हेतु कंडिका 14 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत एजेंसियों को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध (empanel) करने के लिए पात्र आवेदकों से निविदा आमंत्रित की जाती है। सिस्टम टेन्डर न. - 2026_RES_529619

| क्र. | जिले का नाम | जिले में जनपद पंचायतों की संख्या | सूचीबद्धता शुल्क (रू.) | निविदा दस्तावेज शुल्क (रू.) | सूचीबद्धता की अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | 02 | 50,000 | 1,000 | 24 |

महत्वपूर्ण जानकारीः
1. निविदा से संबंधित सभी दस्तावेज मध्यप्रदेश शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल (https://mptenders.gov.in) से देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
2. निविदा दस्तावेज शुल्क एवं सूचीबद्धता शुल्क मध्यप्रदेश शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी।
3. निविदा से संबंधित बैठक, आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख तथा अन्य जरूरी तारीखों की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर देखी जा सकती है।
4. किसी भी कारण से आवेदन जमा करने में होने वाली देरी के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।
5. जिले के प्रत्येक जनपद में अधिकतम 5 निविदाकारों को सूचीबद्ध किया जाएगा।
6. एक निविदाकार को जिले के अधिकतम 2 जनपदों में ही सूचीबद्ध किया जा सकेगा।
7. जिला पंचायत को किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने तथा आवश्यकता पड़ने पर पूरी निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार होगा। इस संबंध में जिला पंचायत द्वारा कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यान्त्रिकी सेवा एवं
सदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति
जिला पंचायत, भोपाल

G-17267/26 " स्वच्छता ही सेवा "



खंड - I
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

**मध्यप्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमंडल हरदा उत्पादन**

दूरभाष क्रमांक 07577-222025
Email- dfopharda@mp.gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/21/ स्टोर/2026/5077
दिनांक 11-08-2026

वनमंडल अधिकारी वनमंडल हरदा उत्पादन द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधन-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | भवन निर्माण सामग्री | 25,000 | 500/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखें और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिग के माध्यम पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनॉक 12-08-2026 प्रातः 10.00 बजे से दिनॉक 29-08-2026 शाम 6.55 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकतें है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियों लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्विपत्र / परिशिष्ट यदि कोई है तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित कियें जाएगें, समाचार पत्रों में नहीं।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in

वनमंडल अधिकारी
वनमंडल हरदा (उत्पादन)

G-17292/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड नर्मदापुरम**

पुलिस कन्ट्रोल रूम के सामने, पिपरिया रोड
Email address- eephedhos@mp.nic.in

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://mptenders.gov.in पर नर्मदापुरम जिले के विकासखंड माखन नगर के ग्राम बुधनी, तमचरू, मांगरोल एवं गोरा में 'जल जीवन मिशन' अंतर्गत नलजल योजनाओं के शेष कार्यो (बैलेंस वर्क) के क्रियान्वयन के तहत, आरसीसी उच्च स्तरीय टंकी, आरसीसी सम्पवेल कम पम्प हाउस निर्माण/आरसीसी फ्रेम्ड ब्रिक मेसोनरी पंप हाउस निर्माण, मोटर पंप स्थापना, पाईप लाईन बिछाना, घरेलु नल कनेक्शन, विद्युत संयोजन इत्यादि कार्य तथा समस्त सामग्री एवं लेबर सहित योजनाओं की टेस्टिंग, कमीशनिंग, 90 दिवस तक ट्रायल रन कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक व दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | ग्रामों की संख्या | ग्राम का नाम | निविदा की कुल लागत (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10/26-27 दिनांक 14.08.2026 | 2026_PHED_529600_1 | माखन नगर | 4 | 1.बुधनी 2.तमचरू 3.मांगरोल 4.गोरा | 7151000/- | 71510/- | 10000/- | 120 दिवस वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली |

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | 31.08.2026 17.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 31.08.2026 17.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि | 01.09.2026 17.00 बजे से |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड नर्मदापुरम

G-17301/26 " स्वच्छता ही सेवा "



हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईंच लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/-
साइज (फिक्स) 12X4cm

हरिभूमि उलगार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईटः-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

### राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

### शब्द पहेली - 6321



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -6320 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | | म | | प | र | दा | न | शी |
| पू | | क | ल | श | | छ | बी | ल | | त |
| त | ल | | | व | | ता | | | सा | ल |
| | ल | | धा | रा | प्र | वा | ह | | व | |
| म | क | ब | रा | | था | | म | हा | न | ता |
| | | | वा | दा | | मा | स | | | |
| ह | म | रा | ही | | पा | | फ | र | मा | न |
| | यू | | क | हा | नी | का | र | | य | |
| ख | र | | | थी | | र | | | का | न |
| प | | ब | र | खा | | ना | र | द | | य |
| त | र | स | खा | ना | | मा | | म | न | न |

### सूडोकु नवताल - 6331

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6330 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## खबर संक्षेप

### सुप्रिया ने अर्जित किया 31 फीसदी रेवेन्यू ग्रोथ

**मुंबई।** फार्मास्यूटिकल्स कंपनी सुप्रिया लाइफसाइंस ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 31 फीसदी की राजस्व (रेवेन्यू) वृद्धि दर्ज की है। मजबूत निर्यात मांग के चलते कंपनी का कुल राजस्व बढ़कर 189.75 करोड़ रुपए हो गया है । कुल राजस्व में निर्यात की हिस्सेदारी लगभग 81 फीसदी रही, जिसमें एशिया ने शीर्ष बाजार का स्थान हासिल किया है। कंपनी कई तरह के थेरेप्यूटिक सेगमेंट के प्रोडक्ट पर काम करती है, जिनमें एंटी-हिस्टामिन, एंटी-एलर्जिक, विटामिन, एनेस्थेटिक और एंटी-अस्थमेटिक शामिल हैं।

### आदित्य कुमार ने खरीदी 6 फीसदी हिस्सेदारी

**कोलकाता।** बाजार स्टाइल रिटेल लिमिटेड बाज़ार स्टाइलरिटेल लिमिटेड के शेयरहोल्डिंग बेस में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है। आदित्य कुमार हलवासिया ने ब्लॉक डील के जरिए करीब 45 लाख शेयरों का अधिग्रहण किया है, जो लगभग 6 फीसदी हिस्सेदारी के बराबर है। इस सौदे का मूल्य लगभग 163 करोड़ रुपए है। इस लेनदेन के साथ वैल्यू-रिटेल प्लेटफॉर्म के शेयरहोल्डर बेस में एक बड़ी व्यक्तिगत हिस्सेदारी जुड़ गई है। यह निवेश ऐसे समय में हुआ है जब बाज़ार स्टाइलरिटेल पूर्वी भारत और देश के अन्य उभरते बाजारों में अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार कर रही है।

### लैंक्सेस ने बिक्री और मुनाफे में दर्ज की वृद्धि

**मुंबई।** लैंक्सेस ने 2026 की दूसरी तिमाही में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले बिक्री और कमाई में बढ़ोतरी दर्ज की है। कमजोर आर्थिक माहौल और दुनिया भर में जारी राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद कंपनी का प्रदर्शन बेहतर रहा। समूह की बिक्री 1.561 अरब यूरो रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में दर्ज 1.466 अरब यूरो के मुकाबले 6.5 प्रतिशत अधिक है। असाधारण मदों को छोड़कर एबिटा 152 मिलियन यूरो रहा, जो पिछले साल की समान अवधि के 150 मिलियन यूरो से 1.3 प्रतिशत अधिक है।

### अमिताभ से राष्ट्रमंडल खेल विजेता का सामना

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 18 में इस बार खेल और उपलब्धियों का खास संगम देखने को मिलेगा। विशेष एपिसोड में राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों का अमिताभ बच्चन के साथ हॉटसीट पर स्वागत किया जाएगा। एपिसोड में लवलीना बोरगोहेन, अस्मिता डे, झंडू कुमार और शर्मिला धनखड़ अपनी खेल यात्रा, संघर्ष और सफलता की कहानी साझा करेंगे।

### एक्सिस मैक्स लाइफ ने दर्ज की 17 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के कंसोलिडेटेड रेवेन्यू में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 18% की वृद्धि दर्ज की गई। निवेश आय के बिना कंपनी का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 7,289 करोड़ रुपए रहा। समीक्षाधीन तिमाही में निवेश आय समेत कंपनी का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 14,977 करोड़ रुपए और समेकित कर पश्चात लाभ 37 प्रतिशत बढ़कर 118 करोड़ रुपए रहा। सीईओ सुमित मदान ने कहाकि एक्सिस मैक्स लाइफ ने वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत मजबूती के साथ की है।

### बाटा ने उत्पादों में नए प्रयोग पर बढ़ाया जोर

**नई दिल्ली ।** फुटवियर ब्रांड बाटा इंडिया ने अपनी 93वीं वार्षिक आम बैठक में विकास के अगले चरण की रूपरेखा पेश की। कंपनी ने एक मजबूत, चुस्त और ग्राहकों पर केंद्रित कारोबार तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उत्पादों में नए प्रयोग, कामकाज में बेहतर प्रदर्शन, उत्पाद श्रेणी में बदलाव पर आधारित कंपनी की रणनीति का उद्देश्य टिकाऊ और कारोबार की बुनियाद मजबूत करना, फुटवियर बाजार में अपनी स्थिति को और मजबूत करना है।

## 230 असेंइंग एंड हॉलमार्किंग सेंटर में हो रही चांदी के आभूषणों की टेस्टिंग

# चांदी के आभूषणों की शुद्धता जांचना होगा आसान दो साल में हॉलमार्किंग लैब नेटवर्क बढ़ाएगा बीआईएस

### बीआईएस की देशभर में 10 प्रयोगशालाएं संचालित

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल/नई दिल्ली

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस ) ने सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों के बीच आभूषणों की मांग में तेजी को देखते हुए उनकी शुद्धता जांचने के लिए टेस्टिंग और हॉलमार्किंग नेटवर्क का विस्तार करने की तैयारी कर रहा है। बीआईएस के मुताबिक, अगले करीब दो वर्षों में देशभर में चांदी की ज्वेलरी की जांच के लिए रेफरल और असेंइंग प्रयोगशालाओं का नेटवर्क बढ़ाया जाएगा। बीआईएस की डिप्टी डायरेक्टर जनरल (लैबोरेटरीज) निशात एस. हक ने बताया कि चांदी की ज्वेलरी की हॉलमार्किंग की मांग लगातार बढ़ रही है।

अगले करीब दो वर्षों तक मौजूदा बीआईएस लैब इस जरूरत को पूरा करने में सक्षम हैं, लेकिन इसी दौरान देशभर में रेफरल और असेंइंग लैब का नेटवर्क भी बढ़ाया जाएगा। चांदी की हॉलमार्किंग वर्ष 2005 से स्वैच्छिक है। सितंबर 2025 से हॉलमार्क वाली चांदी की ज्वेलरी पर हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर भी दिया जा रहा है। इस नंबर की मदद से ग्राहक अपने आभूषण की शुद्धता की जानकारी हासिल कर सकते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में हॉलमार्क की गई चांदी की ज्वेलरी की संख्या बढ़कर 59 लाख हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 32 लाख था। फिलहाल देश में बीआईएस से मान्यता प्राप्त करीब 230 असेंइंग एंड हॉलमार्किंग सेंटर चांदी के आभूषणों की टेस्टिंग कर रहे हैं।

**खास बातें**

- हॉलमार्क वाली चांदी की ज्वेलरी पर हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर भी दिया जा रहा
- अगले करीब दो वर्षों में देशभर में चांदी की ज्वेलरी की जांच के लिए रेफरल और असेंइंग प्रयोगशालाओं का नेटवर्क बढ़ाया

फाइल फोटो

### 2014 से करीब तीन गुना हुआ लैब नेटवर्क

बढ़ती टेस्टिंग जरूरतों को देखते हुए बीआईएस ने पिछले वर्षों में अपने प्रयोगशाला नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया है। बीआईएस ने पिछले साल करीब 2.70 लाख प्रोडक्ट सैंपल की जांच की। फिलहाल बीआईएस देशभर में 10 अपनी प्रयोगशालाएं संचालित करता है। इसके अलावा 'लैबोरेटरी रिकॉग्निशन स्कीम' के तहत निजी और सरकारी प्रयोगशालाओं को भी मान्यता दी जाती है। यह योजना 1985 में शुरू हुई थी।

### एआई और रोबोटिक्स से तेज होगी बीआईएस की टेस्टिंग

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) टेस्टिंग प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और अधिक सटीक बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , मशीन लर्निंग और रोबोटिक्स का इस्तेमाल बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। इन तकनीकों के जरिए जांच में लगने वाला समय कम करने के साथ मानवीय गलतियों की संभावना भी घटाने का प्रयास किया जा रहा है। बीआईएस इस वर्ष सीमेंट की टेस्टिंग के लिए पिक-एंड-प्लेस रोबोटिक आर्म का ट्रायल कर रहा है। ट्रायल के परिणामों का आकलन करने के बाद अन्य प्रयोगशालाओं में भी रोबोटिक सुविधाओं के विस्तार पर फैसला लिया जाएगा। इसके साथ ही बीआईएस ने टेस्टिंग उपकरणों को लैब इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम से जोड़ दिया है। इससे मशीनों से प्राप्त रीडिंग सीधे सिस्टम में दर्ज होने के साथ उनकी गणना भी स्वचालित तरीके से की जा सकती है। इससे टेस्टिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता और डेटा की सटीकता बढ़ने की उम्मीद है।प्रयोगशालाओं की गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

### अब तक बीआईएस कर चुका है करीब 23 हजार मानक तय

वर्ष 2014 में बीआईएस से करीब 147 प्रयोगशालाएं मान्यता प्राप्त थीं और 24 सरकारी लैब उसके साथ एम्पैनल थीं। अब मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़कर 440, जबकि एम्पैनल सरकारी प्रयोगशालाओं की संख्या 350 हो गई है। बीआईएस अब तक करीब 23 हजार मानक तय कर चुका है, जिनमें लगभग 700 अनिवार्य हैं। निशात हक के अनुसार, टेस्टिंग का दायरा बढ़ने के साथ प्रयोगशाला नेटवर्क का विस्तार भी जारी रहेगा।

## लोगों की चोरी, डकैती और आग जैसी आपदाओं में होगी सुरक्षा

# डिजिटल तकनीक से लैस गुनेबो की प्रमाणित तिजोरियों की डिमांड

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ज्वेलरी कारोबार में सुरक्षा का दायरा अब केवल सेफ और वॉल्ट तक सीमित नहीं रह गया है। कीमती आभूषणों और अन्य परिसंपत्तियों की सुरक्षा के साथ एक्सेस कंट्रोल, निगरानी, रिकॉर्डिंग और प्रबंधन भी महत्वपूर्ण हो गए हैं। ऐसे में बीआईएस -प्रमाणित फिजिकल सिक्योरिटी समाधानों के साथ आधुनिक डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल कारोबार को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में मदद कर रहा है।

इसी बदलती जरूरत और आधुनिक सुरक्षा तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुनेबो सेफ स्टोरेज द्वारा 1 अगस्त से 31 अक्टूबर 2026 तक 'स्टीलएज महोत्सव 2026' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के दूसरे संस्करण के तहत भोपाल सहित देश के 200 से अधिक शहरों में ज्वेलर्स, ज्वेलर्स एसोसिएशनों और उद्योग से जुड़े हितधारकों के साथ सुरक्षा को लेकर संवाद किया जा रहा है। अभियान के दौरान स्टीलएज के बीआईएस -प्रमाणित सेफ्स, डायनास्लाइड स्लाइडिंग वॉल्ट डोर, डायनाशिल्ड मिनी वॉल्ट और हाई-सिक्योरिटी लॉकिंग सिस्टम जैसी तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञों के जागरूकता सत्र, लाइव उत्पाद प्रदर्शन और इंटरैक्टिव चर्चाओं के माध्यम से ज्वेलर्स को प्रमाणित फिजिकल सिक्योरिटी के महत्व से अवगत कराया जा रहा है।

### 200 शहरों में जागरूकता अभियान

विकास शर्मा और संदीप होंडा के अनुसार, गुनेबो सेफ स्टोरेज ने 1 अगस्त से 31 अक्टूबर 2026 तक भोपाल समेत देश के 200 से अधिक शहरों में 'स्टीलएज महोत्सव 2026' का दूसरा संस्करण शुरू किया है। अभियान का उद्देश्य ज्वेलर्स को चोरी, डकैती और आग जैसी आपदाओं से सुरक्षा के लिए उच्च-स्तरीय एवं प्रमाणित तिजोरियों और आधुनिक सुरक्षा समाधानों के बारे में जागरूक करना है। देशव्यापी अभियान के दौरान ज्वेलर्स, ज्वेलर्स एसोसिएशनों और उद्योग से जुड़े अन्य हितधारकों के साथ सीधे संवाद किया जाएगा। लाइव उत्पाद प्रदर्शन और विशेषज्ञों के साथ चर्चा के माध्यम से यह बताया जाएगा कि आधुनिक सुरक्षा तकनीक कारोबार की सुरक्षा के साथ-साथ एक्सेस कंट्रोल, निगरानी और संचालन को किस तरह बेहतर बना सकती है।

### भोपाल में 60 से अधिक तिजोरियों की बिक्री

राजधानी भोपाल के एमपी नगर स्थित गुनेबो सेफ स्टोरेज आउटलेट के चैनल पार्टनर धर्मेंद्र शुक्ला के अनुसार, ज्वेलरी कारोबार में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच उच्च-स्तरीय और प्रमाणित फिजिकल सिक्योरिटी समाधानों की मांग बढ़ी है। उन्होंने बताया कि गुनेबो की आधुनिक तिजोरियां केवल कीमती आभूषणों की सुरक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि चोरी, डकैती, आग और अन्य जोखिमों से सुरक्षा के लिए अलग-अलग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि डिजिटल तकनीक से लैस गुनेबो सेफ स्टोरेज की उच्च-स्तरीय और प्रमाणित तिजोरियों की भोपाल सहित देशभर में मांग है। स्टीलएज महोत्सव शुरू होने के बाद भोपाल में अब तक 60 से अधिक तिजोरियों की बिक्री हो चुकी है।

### फिजिकल सिक्योरिटी के साथ डिजिटल तकनीक पर जोर

आधुनिक सुरक्षा समाधानों में अब मल्टी-यूजर ऑथेंटिकेशन, लाइव फिंगर डिटेक्शन (एलएफडी)आधारित बायोमेट्रिक एक्सेस, ऑडिट ट्रेल्स, मोबाइल-आधारित मैनेजमेंट, इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम और क्लाउड-आधारित मॉनिटरिंग जैसी तकनीकें भी शामिल हो रही हैं। इनसे अधिकृत व्यक्तियों की पहुंच नियंत्रित करने, गतिविधियों का रिकॉर्ड रखने और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में मदद मिलती है। अनिर्बान मुखुटी, हेड–मार्केटिंग एवं प्रोडक्ट मैनेजमेंट, एशिया, गुनेबो सेफ स्टोरेज, ने कहा कि भारत का ज्वेलरी उद्योग तेजी से बदल रहा है और सुरक्षा को भी उसी गति से आगे बढ़ना होगा।

## शैक्षणिक एवं संस्थागत जिम्मेदारियां निभाने का है अनुभव

# डॉ. ए. विनय कुमार ने संभाला आईसीएफएआई फाउंडेशन के वाइस चांसलर का पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन, हैदराबाद ने डॉ. ए. विनय कुमार को अपना वाइस चांसलर नियुक्त किया है। डॉ. कुमार अपने साथ हायर एजुकेशन, एकेडमिक लीडरशिप, इंस्टीट्यूशनल गवर्नेंस और स्ट्रैटेजिक डेवलपमेंट के क्षेत्र में 27 वर्षों से अधिक का अनुभव लेकर आए हैं। डॉ. विनय कुमार जाने-माने एकेडमिक एवं फाइनेंस स्कॉलर हैं।

डॉ .विनय कुमार

उन्हें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ में दो दशकों से अधिक समय तक शैक्षणिक एवं संस्थागत जिम्मेदारियां निभाने का अनुभव है। उन्होंने वहां फाइनेंस के प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। इस दौरान उन्होंने एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेशन, इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट, रिसर्च, एक्रेडिटेशन, करिकुलम रिफॉर्म, एग्जीक्यूटिव एजुकेशन और फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपने अकादमिक करियर में डॉ. कुमार ने इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट, एकेडमिक रीस्ट्रक्चरिंग, एक्रेडिटेशन एवं रैंकिंग, डॉक्टोरल एजुकेशन, रिसर्च इकोसिस्टम, एंटरप्रेन्योरशिप, एग्जीक्यूटिव एजुकेशन और इंडस्ट्री एंगेजमेंट जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान किया है। उन्हें बड़े और मल्टी-डिसिप्लिनरी अकादमिक पोर्टफोलियो के प्रबंधन का भी अनुभव है, जिसमें 11,000 से अधिक विद्यार्थी और 25 से अधिक विभाग शामिल रहे हैं।आईआईएम लखनऊ में डॉ. विनय कुमार ने डॉक्टोरल प्रोग्राम के चेयरमैन के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई। इसके अलावा उन्होंने ऑडिट कमिटी और एम्प्लॉई प्रोविडेंट फंड से संबंधित महत्वपूर्ण संस्थागत जिम्मेदारियां संभालीं।

संस्थागत गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ उन्होंने लर्निंग इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप और रिसर्च से जुड़ी विभिन्न पहलों का नेतृत्व किया। उनके अकादमिक और एग्जीक्यूटिव एजुकेशन अनुभव में कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, इरास्मस यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर जैसे प्रमुख वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग शामिल है। उन्होंने विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संगठनों के लिए एग्जीक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम भी डिजाइन और संचालित किए हैं।फाइनेंस में विशेषज्ञता रखने वाले डॉ. विनय कुमार की शोध रुचियों में वेंचर कैपिटल, मार्केट माइक्रोस्ट्रक्चर, ऑप्शंस एवं डेरिवेटिव्स, फाइनेंशियल मार्केट में सेंटीमेंट एनालिसिस और कॉरपोरेट गवर्नेंस प्रमुख हैं।

## सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

# ओडिशा में 3.6 गीगावॉट का सोलर सेल प्लांट लगाएगी सात्विक सोलर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सात्विक सोलर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने ओडिशा के गंजाम जिले के गोपालपुर में 3.6 गीगावॉट की सोलर सेल विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए ओडिशा सरकार के औद्योगिक संवर्धन एवं निवेश निगम (इंडस्ट्रियल प्रमोशन एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन ऑफ ओडिशा लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह प्रस्तावित संयंत्र ओडिशा में कंपनी की विनिर्माण क्षमताओं को और आगे बढ़ाने तथा राज्य के स्वच्छ ऊर्जा विनिर्माण तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह नया संयंत्र गोपालपुर में सात्विक सोलर के एकीकृत विनिर्माण विकास का हिस्सा होगा, जहाँ कंपनी के फेज-I प्लांट का काम पहले से ही तेजी से चल रहा है। फेज-I ने निर्माण और उपकरण लगाने से जुड़े प्रमुख पड़ावों को पूरा कर लिया है और अब यह शुरू (कमीशन) होने की दिशा में बढ़ रहा है।

## बिजनेस न्यूज

### यूनियन बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन का त्रिवार्षिक अधिवेशन संपन्न

**भोपाल ।** यूनियन बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का 9वां त्रिवार्षिक अधिवेशन राजधानी भोपाल में आयोजित किया गया। अधिवेशन का उद्घाटन ऑल इंडिया यूनियन बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के महासचिव कॉमरेड एन. शंकर ने किया। इस अवसर पर बैंक कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। उद्घाटन सत्र में यूनियन बैंक मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के जोनल मैनेजर प्रभात कुमार, रीजनल मैनेजर आनंद कुमार एवं राजकुमार सेन सहित कॉमरेड टी. रबींद्रनाथ, वीके शर्मा, पीके महेश्वरी, समद खान, रवि यादव, दिनेश शर्मा, संजीव दलाल, रविंद्र शर्मा, पवन गर्ग, मनोज कुमार और जयंत परिहार विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा विभिन्न राज्यों से आए यूनियन बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी अधिवेशन में सहभागिता की। अधिवेशन की अध्यक्षता यूनियन बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष कॉमरेड कोमल सावनेर ने की, जबकि आभार प्रदर्शन कॉमरेड देवेंद्र खरे ने किया। मंच संचालन महिला कॉमरेड मनीषा मंगरानी एवं कॉमरेड वंदिता पटेरिया ने किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के अध्यक्ष कॉमरेड दीपक रत्न शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### जियो प्राइमः 300 में खत्म होगी 1 साल तक रिचार्ज करने की चिंता

**मुंबई ।** जियो प्राइम ग्राहकों को एक साल के कीमत की गारंटी देगा। 300 की एकमुश्त सदस्यता लेकर ग्राहक अपने मौजूदा जियो प्लान की कीमत 5 सितंबर 2027 तक लॉक कर सकेंगे। यानी प्राइम सदस्य अपने प्लान को पूरे सदस्यता काल में मौजूदा कीमत पर ही रिचार्ज कर पाएंगे। अच्छी बात यह है कि प्राइम लेने के बाद ग्राहक किसी एक प्लान में बंधे नहीं रहेंगे। वे चाहें तो दूसरे जियो प्लान से भी रिचार्ज कर सकते हैं और प्राइम सदस्यता के फायदा उठा सकते हैं। जियो प्राइम 20 अगस्त से उपलब्ध होगा। ग्राहक माईजियो एप, जियो डॉट कॉम, जियो स्टोर्स या अधिकृत जियो पार्टनर स्टोर्स से सदस्यता ले सकेंगे। प्राइम मौजूदा प्रीपेड और पोस्टपेड ग्राहकों के साथ नए जियो ग्राहकों के लिए भी खुला है। दूसरे नेटवर्क के ग्राहक नंबर पोर्ट कराकर या नया जियो कनेक्शन लेकर इसमें शामिल हो सकते हैं। जियो प्राइम ऐसे समय आया है जब टेलीकॉम बाजार में रिचार्ज की कीमतें फिर चर्चा में हैं।

### बिरला कॉरपोरेशन के आरसीसीपीएल एवं सतना सीमेंट के वर्क्स ने दिखाया राष्ट्रप्रेम

**भोपाल।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड के आरसीसीपीएल एवं सतना सीमेंट वर्क्स में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रप्रेम गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। दोनों इकाइयों में आयोजित समारोहों में अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक, उनके परिजन तथा आसपास के ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। आरसीसीपीएल में स्वतंत्रता दिवस समारोह यूनिट हेड डीके पटेल के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। समारोह में क्लस्टर हेड कौशल मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। यूनिट हेड डीके पटेल और एसएन मीणा के एस्कॉर्ट में परेड दल ने अनुशासन, गरिमा और राष्ट्रीय भावना के साथ शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के प्रति संकल्प दोहराया गया।



### क्रेडिट एक्सेस से मप्र में महिलाओं को मिल रहे रोजगार के अवसर

**भोपाल।** सूक्ष्म वित्त के जरिए सीमित आय वाले परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण लिमिटेड की पहल से मध्य प्रदेश में स्वरोजगार और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। 'ग्रामीण कूटा' के नाम से संचालित यह आरबीआई-पंजीकृत एनबीएफसी-एमएफआई जरूरतमंद परिवारों को ऋण उपलब्ध कराकर उनकी आय बढ़ाने और आर्थिक स्थिरता हासिल करने में मदद कर रही है। मध्य प्रदेश की 39 वर्षीय पिंकी कौर की कहानी इस बदलाव का उदाहरण है। पति की मृत्यु के बाद पिंकी ने बैग सिलने का प्रशिक्षण लिया और अपनी सिलाई की कला को आजीविका का माध्यम बनाने का निर्णय लिया। क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण से उन्हें 70,000 रुपए का ऋण मिला, जिसका उपयोग उन्होंने सिलाई मशीन खरीदने और बैग निर्माण का कारोबार बढ़ाने में किया। इसके अलावा, उन्होंने अपने बेटे की शिक्षा के लिए 25,000 रुपए का शिक्षा ऋण भी लिया। पिंकी कौर ने कहा कि जिस दिन मुझे ग्रामीण कूटा से आर्थिक मदद मिली, मुझे लगा जैसे मेरे लिए कोई दरवाजा खुल गया हो। मुझे अपनी कला को किसी सार्थक काम में बदलने का जरिया मिला।

**कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

सूचना क्र./112/लो.नि.वि./26 // निविदा सूचना // देवास, दिनांक 11.08.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय एवं जमा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _528887_1 | वार्ड क्र. 22 विभिन्न स्थानो 'पर पेवर्स ब्लाक लगाने का कार्य । (तृतीय निविदा) | 60 दिवस 25,00,000/- | 5,000/- 18,750/- | 25.08.2026 |
| 2 | 2026_UAD _528849_1 | वार्ड क्रं. 27 आनंद नगर से तिलक नगर रेलवे नाले तक सी. सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य । (तृतीय निविदा) | 60 दिवस 10,59,000/- | 2,000/- 7,943/- | 25.08.2026 |
| 3 | 2026_UAD _529119_1 | वार्ड क्रं. 33 राधाकुंज में सी.सी. रोड निर्माण कार्य । (द्वितिय निविदा) | 60 दिवस 6,69,000/- | 2,000/- 6,690/- | 25.08.2026 |
| 4 | 2026_UAD _528994_1 | वार्ड क्रं. 37 शालिनी रोड़ स्थित गणेश मंदिर वाली गली में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य । (द्वितिय निविदा) | 60 दिवस 5,00,000/- | 2,000/- 5,000/- | 25.08.2026 |
| 5 | 2026_UAD _528856_1 | शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 खारी बावडी में रूफ वाटर प्रुफिंग, पेन्टिंग, फ्लोरिंग एवं शेड रिपेयरिंग कार्य । | 60 दिवस 5,00,000/- | 2,000/- 5,000/- | 25.08.2026 |
| 6 | 2026_UAD _528836_1 | वार्ड क्र. 05 हरिओम नगर में उद्यान विकास कार्य । (संजीवनी क्लीनिक के पास बाउण्ड्रीवाल एवं पेवर्स कार्य)। | 60 दिवस 20,15,000/- | 5,000/- 15,113/- | 11.09.2026 |

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगां। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगां।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, देवास

**कार्यालय नगर निगम, भोपाल**
**जोन क्रं. - 18**
// निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र //

क्रमांक 87/यां.वि./26 भोपाल, दिनांक - 17.08.2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु परसेन्टेज रेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | ठेकेदार श्रेणी | निविदा क्रय करने का अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | दिनांक | समय |
| 1 | 2026_UAD _527892_1 | Const. of c.c. road from D-73 то negi house hn. 100 at banjari d-sector, w-83, z-18. | 17,12,989/- | As per centralized registration | 07-09-26 | 06.00 PM |
| 2 | 2026_UAD _529149_1 | Construction of shed at sankhedi shamshanghat ward 83 zone 18 | 7,19,990/- | As per centralized registration | 28-08-26 | 06.00 PM |
| 3 | 2026_UAD _529486_1 | Const. of community hall at mahendra ample park at salaiya, ward 83, zone 18 | 8,45,547/- | As per centralized registration | 28-08-26 | 06.00 PM |
| 4 | 2026_UAD _529858_1 | Const. of community hall at om nagar, w-83, z-18. | 8,46,148/- | As per centralized registration | 28-08-26 | 06.00 PM |

नियम व शर्तें :-

1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

सहायक यंत्री (सिविल)
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. : 597/026/027

## चिंतन

# बढ़ती महंगाई बनी चुनौती दूरदर्शी नीतियों की दरकार

महंगाई अब नई चुनौती पेश कर रही है। ऐसे में भारत के सामने चुनौती केवल खाद्य कीमतों को नियंत्रित रखने की नहीं, बल्कि उस पूरी श्रृंखला को सुरक्षित रखने की है जो खेत से थाली तक पहुंचती है। पश्चिम एशिया का तनाव, महंगी ऊर्जा, उर्वरक संकट और मौसम की अनिश्चितता अलग-अलग खतरे जरूर हैं, लेकिन इनके एक साथ आने पर इनका असर कहीं ज्यादा गंभीर हो सकता है। सरकार को संकट बढ़ने का इंतजार करने के बजाय अभी से उर्वरक भंडार, घरेलू उत्पादन, वैकल्पिक आयात स्रोत और खाद्य भंडारण मजबूत करने जैसी नीतियां बनाकर आमजन को महंगाई की आग से बचाना होगा। वहीं, किसानों को भी जलवायु-अनुकूल और कम लागत वाली खेती की ओर बढ़ना होगा। आने वाले वर्षों में खाद्य महंगाई के पीछे अंतरराष्ट्रीय राजनीति, ऊर्जा संकट, उर्वरकों की उपलब्धता और मौसम में बदलाव जैसे कारक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। जेपी मॉर्गन की चेतावनी इसी व्यापक खतरे की ओर संकेत करती है। रिपोर्ट के अनुसार 2027 की पहली छमाही में वैश्विक खाद्य कीमतों में करीब पांच प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। भारत के लिए यह चेतावनी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश की बड़ी आबादी की आजीविका कृषि पर निर्भर है और खाद्य वस्तुओं की कीमतों का सीधा असर रसोई पर पड़ता है। इसलिए खाद्य महंगाई को केवल बाजार में मांग और आपूर्ति के नजरिये से देखना पर्याप्त नहीं होगा। सबसे बड़ी चिंता उर्वरकों को लेकर है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव यदि लंबे समय तक बना रहता है तो गैस और उर्वरकों की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसका असर अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर पड़ेगा और भारत की आयात लागत भी बढ़ सकती है। भारत में किसानों को सस्ती दर पर यूरिया उपलब्ध कराने के लिए पहले ही भारी सब्सिडी देती है। किसानों को महंगी खाद से बचाने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाती है तो राजकोषीय बोझ बढ़ेगा। दूसरी ओर सब्सिडी सीमित की जाती है तो किसानों की उत्पादन लागत बढ़ सकती है। इसका असर फसल की कीमतों पर पड़ना तय है और अंततः इसका भार उपभोक्ता पर आ सकता है। मौसम का मोर्चा भी कम अहम नहीं है। 2026 के अंत या 2027 में मजबूत अल नीनो की संभावना को लेकर जताई जा रही आशंकाएं भारत के लिए विशेष महत्व रखती हैं। हालांकि 1997 में मजबूत अल नीनो के बावजूद भारत में सामान्य से अधिक बारिश हुई थी। इसलिए किसी एक मौसम संबंधी घटना को खाद्य संकट का निश्चित कारण मानना उचित नहीं होगा। फिर भी जलवायु परिवर्तन के दौर में सूखा, अत्यधिक बारिश, गर्मी और अनियमित मानसून के जोखिम बढ़े हैं। कृषि नीति को इन अनिश्चितताओं को ध्यान में रखकर तैयार करना होगा। खाद्य महंगाई का सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है। अनाज, दाल, सब्जी और दूध जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमत बढ़ने पर परिवारों का बजट बिगड़ता है। इसलिए सरकार को केवल महंगाई के आंकड़े नियंत्रित करने के बजाय उन कारणों पर भी काम करना होगा जो कीमतों को ऊपर ले जाते हैं। जेपी मॉर्गन का अनुमान अंतिम सत्य नहीं है। वैश्विक बाजार और मौसम की परिस्थितियां बदल सकती हैं, लेकिन चेतावनी नजरअंदाज करना भी उचित नहीं है। भारत को खाद्य सुरक्षा को उर्वरक, ऊर्जा, जल और जलवायु सुरक्षा से जोड़कर व्यापक रणनीति तैयार करनी होगी। यही दूरदर्शिता किसान की लागत और आम आदमी की थाली, दोनों को भविष्य की वैश्विक उथल-पुथल से बचाने का सबसे मजबूत रास्ता होगी।

मुद्दा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# सुरक्षा, मजबूती और विकास की नई परीक्षा

> माना जा रहा है कि सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौता' भारत पर रक्षा दबाव बढ़ाएगा। इसके तहत किसी एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। इस गठजोड़ में सुरक्षा सहयोग के बढ़ते आयाम भारत के लिए एक नई भू-राजनीतिक चुनौती उत्पन्न करते हैं, जिससे भविष्य की सुरक्षा स्थितियों में कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में देश के सामने सतर्कता के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ने की चुनौती निर्मित हुई है। साथ ही अब आर्थिक और सैन्य-परमाणु शक्ति-दोनों मोर्चों पर समान रूप से और मजबूत होना जरूरी है। तेज विकास और आर्थिक मजबूती से ही सशक्त सैन्य-परमाणु शक्ति बनने की राह प्रशस्त होती है।

हाल ही में 14 अगस्त को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि पर भारत को 'रेड लाइन' और जंग की धमकी दी है। ऐसी धमकियां देना पाकिस्तान के नेताओं के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। पाकिस्तान में यह भी माना जा रहा है कि गत 7 अगस्त को सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौता' भारत पर रक्षा दबाव बढ़ाएगा। इस समझौते के तहत किसी एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। इस गठजोड़ में सुरक्षा सहयोग के बढ़ते आयाम भारत के लिए एक नई भू-राजनीतिक चुनौती उत्पन्न करते हैं, जिससे भविष्य की सुरक्षा स्थितियों में कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं।

ऐसे में सरकार के साथ पूरे देश के सामने सतर्कता के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ने की चुनौती निर्मित हुई है। साथ ही अब आर्थिक और सैन्य-परमाणु शक्ति- दोनों मोर्चों पर समान रूप से और मजबूत होना जरूरी है। तेज विकास और आर्थिक मजबूती से ही सशक्त सैन्य-परमाणु शक्ति बनने की राह प्रशस्त होती है और ऐसी मजबूती युद्ध के खतरे को भी कम करती है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत आर्थिक विकास के साथ-साथ सैन्य व परमाणु हथियार मोर्चे पर भी लगातार आगे बढ़ रहा है। यदि हम भारत के विकास परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों और पश्चिम एशिया संकट के बीच भी भारत की विकास दर 7 प्रतिशत के आसपास बनी हुई है। दुनिया में भारत के प्रति आर्थिक विश्वास बढ़ रहा है, विदेशी निवेश में वृद्धि हो रही है, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 692 अरब डॉलर से अधिक की ऊंचाई पर पहुंच गया है, भारत के मुक्त व्यापार समझौते ( एफटीए) बढ़ रहे हैं और भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। दूसरी ओर, सैन्य और परमाणु शक्ति की राह पर भी भारत लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हथियारों पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सीपरी) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपने परमाणु निवारक तंत्र को लगातार आधुनिक बना रहा है। हालिया आंकड़ों के मुताबिक भारत के पास परमाणु वॉरहेड्स की संख्या लगभग 190 तक पहुंच गई है। भारत की नीति में अब यह बदलाव भी देखा जा रहा है कि वह शांतिकाल में भी अपने कुछ परमाणु वॉरहेड्स को डिलीवरी सिस्टम (जैसे कैनिस्टराइज्ड मिसाइलें और परमाणु पनडुब्बियां) के साथ उपयोग के लिए तैयार रखने की दिशा में बढ़ा है। मिसाइलों को कैनिस्टर में रखने और समुद्र में 'डिटरेंस गश्त' करने जैसे कदमों से संकेत मिलता है कि भारत अपनी त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत कर रहा है। चीन और पाकिस्तान की दोहरी चुनौती को देखते हुए भारत की रक्षा तैयारी रणनीति के तहत यह एक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक बदलाव है। निश्चित रूप से एक ऐसे समय में जब भारत की सीमाएं बढ़ती भू-राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर अधिक संवेदनशील हो गई हैं, तब भारत को न केवल दुनिया की आर्थिक शक्ति, वरन उन्नत तकनीक और परमाणु सामर्थ्य से सुसज्जित सैन्य शक्ति बनने की और अधिक आवश्यकता है। भारत के पड़ोस में पाकिस्तान द्वारा चीन-निर्मित आधुनिक हथियारों और तकनीक की मदद से छद्म युद्ध व घुसपैठ को प्रश्रय दिया

जाता रहा है। चीन की ओर से भी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) एवं विशेष रूप से काराकोरम दर्रे के पास चुनौतियां पैदा की जा रही हैं। तवांग के उत्तर- पूर्व और असफी-ला दर्रे के निकट स्थित तक्सिंग क्षेत्र में चीनी फ़ौजों (पीलए) की घुसपैठ की खबरें भी सामने आती रहती हैं। ऐसी किसी भी घुसपैठ को भारतीय सुरक्षा बल और सेना नाकाम करती रहती है। भारत, चीन के हर विस्तारवादी कदम का लगातार कड़ा और बहुआयामी जवाब दे रहा है। अतीत में भी जब भारत ने आतंकी ठिकानों के खिलाफ कठोर सैन्य कार्रवाई की है, तब चीन और उसके सहयोगी देशों का रणनीतिक तालमेल देखने को मिला है। अब पाकिस्तान द्वारा चीन के सहयोग से अपनी मिसाइल क्षमता और पारंपरिक हथियारों का विस्तार किया जा रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत किसी भी परमाणु खतरे या दोतरफा सामरिक चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। देश की रक्षा नीति स्पष्ट है कि भारत 'पहले परमाणु हथियार का उपयोग नहीं' (नो फर्स्ट यूज) करेगा, लेकिन यदि शत्रु ने दुस्साहस किया, तो उसका करारा और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। निःसंदेह, बीते वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अपनाई गई आर्थिक और रक्षा विकास की नई रणनीति के तहत देश को आर्थिक और सामरिक आधारों पर मजबूती मिली है। भारत ने आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की कठोर नीति अपनाई है। सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पूरी दुनिया ने देखा कि भारतीय सेना ने आधुनिक और स्वदेशी हथियारों के बल पर दुश्मन को कड़ा सबक सिखाया। आज भारत रक्षा क्षेत्र में एआई, ड्रोन तकनीक और आधुनिक निगरानी प्रणालियों का प्रभावी इस्तेमाल कर रहा है।

इन उपलब्धियों के बावजूद, इस समय भारत को यह दृढ़ता से स्वीकार करना होगा कि प्रतिस्पर्धी पड़ोसियों से टकराव की आशंका बनी रह सकती है। ऐसे में भारत के लिए तेज आर्थिक विकास के साथ-साथ अपनी अर्थव्यवस्था को युद्ध स्थितियों के लिए तैयार रखने, मजबूत सैन्य शक्ति बनने व उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में उभरने के लिए और अधिक रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ना अनिवार्य है। 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, उस राह पर तेजी से आगे बढ़ने के लिए देश का तेज आर्थिक विकास अनिवार्य है। आगामी वर्षों में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 'जेन-जी' की ऊर्जा को आर्थिक विकास से जोड़ना होगा। साथ ही, अर्थव्यवस्था को रक्षा क्षेत्र में पूर्णतः 'आत्मनिर्भर' बनाना होगा, जिसका उद्देश्य विदेशी निर्भरता को समाप्त करना, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना और रक्षा निर्यात को बढ़ाना है। हमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रक्षा इकाइयों को तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों के साथ जोड़कर सैन्य साजो-सामान को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ना होगा। आज के समय में युद्ध केवल सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि ये आधुनिक चिप्स, मिसाइलों, स्वार्म ड्रोन, हाइपरसोनिक हथियारों, इलेक्ट्रॉनिक्स और साइबर स्पेस में लड़े जाते हैं। उम्मीद करें कि सरकार कूटनीतिक रूप से सऊदी अरब और खाड़ी देशों के साथ अपने संबंध और मजबूत करेगी, ताकि मक्का समझौते की आड़ में पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध कोई षड्यंत्र करने की अनुमति प्राप्त न हो सके। देश के वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और अन्य विभिन्न क्षेत्रों के सभी लोग एकजुटता, परिश्रम व समर्पण से देश को आर्थिक शक्ति के साथ-साथ उन्नत परमाणु हथियारों से सुसज्जित मजबूत सैन्य शक्ति बनाने के इस अभियान में अपना हरसंभव योगदान देंगे।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बदइंतजामी

मनोज कुमार अग्रवाल

# आस्था का मोल जान देकर चुकाते श्रद्धालु!

देश भर के धार्मिक तीर्थ स्थलों, मंदिरों पर बदइंतजामी चरम पर है कमोबेश सभी जगह एक सी हालत है। कुप्रबन्ध का फायदा उठा कर व्यवस्था में लगे सेवादार सुविधा शुल्क लेकर अपनी जेब भरते हैं और चोर रास्ते से लाइन तोड़ कर दर्शन कराते हैं, जबकि आम श्रद्धालु घंटों भूख प्यास सहकर भी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करता है। अधिकांश बड़े मंदिरों पर तो बाकायदा पैसे देकर वीआईपी दर्शन की सुविधा को ही वैधता दे दी गई है। बहरहाल, इस सब बदइंतजामी के चलते अब आस्था का मोल श्रद्धालु अपनी जान देकर चुकाने को मजबूर हैं। श्रावण मास का तीसरा सोमवार 17 अगस्त श्रद्धालुओं के जीवन पर भारी पड़ गया। इस दिन विभिन्न राज्यों में धार्मिक स्थलों पर हुई भगदड़ और हादसों में कुल 27 लोगों की मौत हो गई। बिहार के लखीसराय स्थित अशोकधाम मंदिर में भगदड़ से 7 श्रद्धालुओं की जान चली गई, जबकि हताहतों की तादाद सैकड़ों की संख्या में है। यह हादसे पहली बार नहीं हैं, हिन्दू धर्म स्थलों पर कुप्रबन्ध, रखरखाव में गड़बड़ी, संकीर्ण गलियारे और श्रद्धालुओं की बढ़ती तादाद, असंयमित व्यवहार के साथ ही अफवाहों की साजिशें हर पर्व-त्योहार, दर्शन, स्नान मेलों में हादसों की श्रृंखला बना रहे हैं। बता दें कि बिहार के अशोकधाम मंदिर में जलाभिषेक के दौरान बिजली का खंभा गिरने और अफवाह फैलने से मची भगदड़ में 7 श्रद्धालुओं की मौत और 19 से अधिक घायल हुए। वहीं मध्य-प्रदेश में उज्जैन के महाकाल मंदिर सहित चार राज्यों में विभिन्न हादसों और भीड़ के दबाव के कारण कुल 27 लोगों की जान चली गई। अभी दो माह पहले ही महाराष्ट्र के परभणी जिले की मानवत तहसील स्थित यशवाड़ी मारुति मंदिर में शनिवार को हुए दर्दनाक हादसऐ ने पूरे देश को झकझोर दिया। मंदिर परिसर के सामने बना सभा मंडप अचानक भरभराकर गिर पड़ा। जिसके कारण कई श्रद्धालु मलबे में दब गए। छह लोगों की मौत हो गई थी। आपको याद होगा कि महाकुंभ मेला, प्रयागराज जनवरी 2025 मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम में पवित्र स्नान के लिए लाखों श्रद्धालु एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के अत्यधिक दबाव से अचानक बैरिकेड्स ढह गए। इस दर्दनाक हादसे में 30 से अधिक लोगों की मौत हुई और 60 से ज्यादा घायल हुए।

इसी तरह तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर, आंध्र प्रदेश में जनवरी 2025 वैकुंठ एकादशी त्योहार के दौरान वीआईपी और सामान्य दर्शन टिकट लेने के लिए हजारों श्रद्धालुओं के बीच धक्का-मुक्की शुरू हुई। इस भीड़ के अनियंत्रित होने से मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं हाथरस सत्संग, उत्तर प्रदेश 2 जुलाई 2024 को एक धार्मिक आयोजन में बरती गयी लापरवाही सैकड़ों श्रद्धालुओं की जान ले गयी। यह हाल के वर्षों की सबसे भीषण घटनाओं में से एक है। क्षमता से तीन गुना अधिक यानी करीब 2.5 लाख लोग एक अस्थायी टेंट में जमा हो गए थे। बाबा के जाने के बाद धूल छूने की होड़ और अत्यधिक गर्मी व उमस के कारण मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई। भारत आस्था और श्रद्धा का देश है। यहां प्रतिदिन लाखों लोग मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंचते हैं। विशेष अवसरों पर श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में इन स्थानों की संरचनात्मक मजबूती और सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक स्थलों पर भगदड़, दीवार गिरने, छत ढहने, करेंट उतरने और अन्य दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की जान जा चुकी है। हाल ही में महाराष्ट्र के सांगली जिले में भी मंदिर परिसर से जुड़ी एक दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई थी। ऐसी घटनाएं बताती हैं कि समस्या किसी एक स्थान या एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंधन की चुनौती है। अनेक धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन आधारभूत ढांचे का विस्तार और रखरखाव उसी गति से नहीं हो पा रहा। कई स्थानों पर अस्थायी शेड, मंडप और अन्य संरचनाएं बिना पर्याप्त तकनीकी परीक्षण के उपयोग में लाई जाती हैं। कई बार निर्माण कार्य स्थानीय स्तर पर करवा लिया जाता है, लेकिन इंजीनियरिंग मानकों और गुणवत्ता नियंत्रण की अनदेखी हो जाती है। जब तक कोई दुर्घटना नहीं होती, तब तक इन कमियों पर गंभीर ध्यान नहीं दिया जाता। प्रत्येक घटना के बाद केवल शोक व्यक्त करना पर्याप्त नहीं होगा। आवश्यक है कि राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन इन हादसों की निष्पक्ष जांच कराएं और इन तमाम हादसों के पीछे के तमाम कारणों का विश्लेषण कर जिम्मेदार दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
**दर्शन**

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

# शिवजी ने तोड़ा था अर्जुन का घमंड



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी के एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## सटाका

## आज की पाती

### संसदीय गतिरोध : लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संसद है। संसद केवल कानून बनाने की संस्था नहीं है, बल्कि वह देश की जनता की आकांक्षाओं, समस्याओं और प्रश्नों को राष्ट्रीय विमर्श का मंच प्रदान करती है। जनता अपने प्रतिनिधियों को इसलिए चुनकर भेजती है कि वे देश के सामने उपस्थित समस्याओं पर चर्चा करें, सरकार से प्रश्न पूछें, नीतियों की समीक्षा करें और आवश्यक कानूनों के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। ऐसे में जब संसद की कार्यवाही बार-बार हंगामे, नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन के कारण बाधित होती है, तब उसका नुकसान किसी एक राजनीतिक दल तक सीमित नहीं रहता। इसका सीधा असर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पड़ता है। हंगामे के कारण मानसून सत्र ने इस चिंता को गहरा कर दिया है। *- कुलदीप भारद्वाज, बहादुरगढ़*

## ट्रेंड

### क्रूरता की तारीफ

मोदी सरकार के मंत्री कह रहे हैं कि दिल्ली पुलिस की तारीफ होनी चाहिए। संसद से आधा किलोमीटर दूर, शांतिपूर्ण छात्रों पर पेलेट गन से गोलियां चलाई गईं, कीलों से जड़ी लाठियों का इस्तेमाल किया। क्या हमें इस क्रूरता की तारीफ करनी चाहिए?
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### आतंकवाद पर प्रहार

आतंकवाद के खिलाफ़ भारत का संदेश बिल्कुल साफ़ है, सुरक्षा से कोई समझौता नहीं, बल्कि आतंकवाद पर सीधा प्रहार। एक ही दिन में 14 राज्यों में 200 से ज़्यादा आतंकवादी गुर्गों की गिरफ़्तारी देश की सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता, क्षमता और बेहतर तालमेल का सबूत है।
- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

### सोची-समझी साज़िश

हेमंत सोरेन ने कैबिनेट में जान-बूझकर छात्रों को धोखा देने की सोची-समझी साजिश के तहत परीक्षाएं रद्द करने का फैसला किया है। अब, गलत तरीके से चुने गए छात्र कोर्ट जाएंगे। नतीजन कोर्ट परीक्षाएं रद्द करने के फैसले पर रोक लगा सकता है।
- **बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

### बेहतरीन अहसास

किसी भी एक्टर की यही चाहत होती है कि वह दर्शकों से जुड़ पाए ताकि वे किरदार के सफर के हर पल को महसूस कर सकें.. जो कहा गया और उससे भी ज़रूरी, जो अनकहा रह गया है, यह सबसे बेहतरीन अहसास है !
- **कृति सेनन,** फिल्म अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# उत्तर टेक्सास में भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस मना

उत्तर टेक्सास में भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, देशभक्ति से ओत-प्रोत संगीत और लेजर शो के साथ मनाया। इस अवसर पर फ्रिस्को में भारत के महावाणिज्यदूत डी. सी. मंजूनाथ भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम शनिवार को फ्रिस्को स्थित कोमेरिका सेंटर में आयोजित 49वें वार्षिक आनंद बाजार के साथ हुआ। आनंद बाजार, इंडिया एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ टेक्सास द्वारा आयोजित एक प्रमुख सांस्कृतिक और खान-पान उत्सव है। ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,महावाणिज्यदूत ने सभा को संबोधित किया और भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में भारतीय प्रवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। मंजूनाथ इससे पहले ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व कर चुके हैं। उत्तर टेक्सास में आयोजित इस समारोह में फ्रिस्को के मेयर मार्क हिल, नगर परिषद के सदस्य, स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधि, पूर्व सैनिक तथा क्षेत्र के विभिन्न भारतीय-अमेरिकी संगठनों के नेता शामिल हुए।

## ऑफ बीट

# मसूड़ों के नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक



मसूड़ों की बीमारी - जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है - एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना, लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे-धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है। इलेक्ट्रिक दंतब्रश दबाव को कम करके मदद कर सकते हैं, खासकर नए मॉडल जो बहुत जोर से ब्रश करने पर रोशनी करते हैं। लेकिन वास्तव में बहुत से लोग इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि वे कितनी देर तक ब्रश करते हैं, न कि कैसे ब्रश करते हैं। यहां तक कि दंत साफ करने वाले इन ब्रश के साथ जोड़े जाने वाले स्मार्ट ऐप भी आमतौर पर प्रत्येक क्षेत्र में ब्रश करने के समय को उजागर करते हैं, न कि लगाए गए दबाव को। इसीलिए ब्रश करने की सही तकनीक सिखाना बहुत जरूरी है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## छत्तीसगढ़, गोवा सहित मप्र, महाराष्ट्र की कला, शिल्प एवं जीवंत लोक परंपराओं का हुआ भव्य प्रदर्शन

# राष्ट्रपति भवन में सजी मानव संग्रहालय की सांस्कृतिक विरासत की अनूठी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'एट होम' समारोह में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता की अनूठी झलक प्रस्तुत की। संग्रहालय द्वारा आयोजित विशेष प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़, गोवा, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की पारंपरिक कला, शिल्प, जीवनशैली और जीवंत लोक परंपराओं को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में मानव संग्रहालय के रिजर्व कलेक्शन से चयनित महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट सांस्कृतिक प्रादर्शों को शामिल किया गया।

### 31 कलाकारों एवं शिल्पकारों की ने निभाई महत्त्वपूर्ण भूमिका

प्रदर्शनी की संयोजक डॉ. पी. अनुराधा ने बताया कि इस आयोजन को साकार करने में 31 कलाकारों एवं शिल्पकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके पारंपरिक ज्ञान, कलात्मक उत्कृष्टता, धैर्य और समर्पण ने प्रदर्शनी को भारत की सांस्कृतिक बहुलता के जीवंत उत्सव में बदल दिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने हुई प्रदर्शित

### दो चरणों में आयोजित हुईं कार्यशालाएं

इस प्रदर्शनी के लिए मानव संग्रहालय में कलाकारों की कार्यशालाएं दो चरणों में आयोजित की गईं। जिसमें कलाकारों ने अपनी पारंपरिक कला शैलियों से प्रेरित विभिन्न कलाकृतियों का सृजन किया। इनमें से चयनित कृतियों को राष्ट्रपति भवन में आयोजित प्रदर्शनी के लिए तैयार किया गया।

इन प्रादर्शों के माध्यम से विभिन्न राज्यों की पारंपरिक जीवनशैली, कलात्मक अभिव्यक्ति, सृजनात्मकता और सांस्कृतिक विविधता को राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश-विदेश से आए विशिष्ट अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

---

## रवींद्र भवन में 'चित्रोत्वस' में देशभर के 39 फोटोग्राफर्स की फोटो हुईं प्रदर्शित

# प्रकृति के मौन से न्यूयॉर्क की जगमगाती रोशनी तक कैमरे में कैद हुए खूबसूरती के अनगिनत रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड फोटोग्राफी डे विशेष

मौन उत्सव है, मौन आनंद है, मौन साधना है, मौन शक्ति है, मौन भक्ति है, मौन साधक की अभिव्यक्ति है, मौन पुरुष और प्रकृति का संवाद है, मौन प्रकृति का नाद है, मौन कला है, मौन सृजन है, जहां शब्द मौन में उतर जाते हैं, और मौन उत्सव बन जाता है...साइलेंट सेलिब्रेशन के रूप में मौन को उत्सव के रुप में दर्शाते देवास के सौरभ के करीब 6 फोटोग्राफ्स सहित देशभर से आए 39 फोटोग्राफर के सैकड़ों फोटोग्रफ्स को एगजीबिट किया जा रहा है। रवींद्र भवन की ललित कला आर्ट गैलरी में आयोजित चित्रोत्सव फोटोग्राफी एग्जीबिशन में। वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर आयोजित इस एग्जीबिशन में सौरभ की एक इंटरनेशनल अवार्डी फोटो को क्लिक करने के लिए उन्हें 3500 सीढ़ियां चढ़नी पड़ी और कई घंटों की मश्क्कत के बाद मेघालय की हसीन वादियों में प्रकृतिक परिवेश से परिपूर्ण यह फोटो क्लिक हो पाई।

प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि।

### तलवारों की चमक से आग के घेरे को लांघने तक

केरल के मार्शल आर्ट ट्रेनर टेनिसन की तस्वीरों में केरल की प्रसिद्ध पारंपरिक मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू की रोमांचक और चुनौतीपूर्ण दुनिया देखने को मिलती है। उन्होंने अपनी फोटोग्राफ्स में कलारीपयट्टू के कठिन अभ्यास और विभिन्न चरणों को तो कैमरे में कैद किया ही है, साथ ही अपने गुरु की तस्वीर को भी प्रदर्शनी में स्थान दिया है। टेनिसन बताते हैं कि कलारीपयट्टू एक कठिन मार्शल आर्ट विधा है, जिसमें साधना, अनुशासन, शारीरिक क्षमता और एकाग्रता की जरूरत होती है। एक तस्वीर में हाथों में तलवार लिए प्रतिभागी कलारीपयट्टू के विभिन्न दांव-पेंचों का प्रदर्शन करते नजर आते हैं, वहीं दूसरी तस्वीर में आग के घेरे को लांघते हुए मार्शल आर्ट ट्रेनर का रोमांचक दृश्य दर्शकों को हैरत में डाल देता है।

### डेढ़ घंटे में आसमान की 250 तस्वीरें, एक फ्रेम में दिखा तारों का सफर



भोपाल के फोटोग्राफर मयंक ने केरल के दैवीय अनुष्ठान 'थय्यम' से लेकर हिमाचल के तारों भरे आसमान तक की तस्वीरों में अद्भुत संसार को दर्शाया। मयंक की फोटोग्राफी में मुख्य आकर्षण हिमाचल के पर्वतीय इलाकों में की गई उनकी एस्ट्रोफोटोग्राफी है। जिसके लिए उन्होंने करीब डेढ़ घंटे तक लगातार तस्वीरें क्लिक कीं, इस दौरान ली गई लगभग 250 तस्वीरों को स्टैक कर एक कंपोजिट इमेज तैयार की गई। वहीं उनकी एक फोटो में केरल का मशहूर 'थय्यम' नृत्य करता कलाकार नजर आता ह। उन्होंने कहा कि 'थय्यम' की फोटोग्राफी के लिए मैं विशेष रुप से केरल गया, वहां पहुंचने के बाद मुझे यह जानकर काफी आश्चर्य हुआ कि केरल के अलग-अलग गांवों में थय्यम के करीब एक हजार प्रकार प्रचलित हैं।

### कैमरे में कैद हुई न्यूयॉर्क के पेनिनसुला की रोशनी की कहानी

गुड़गांव के फोटोग्राफर प्रतीक ने अपने जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए न्यूयॉर्क की 23-मंजिला भव्य इमारत पेनिनसुला को अपने कैमरे में कुछ इस अंदाज में कैद किया कि महज 15 मिनट के अंतराल में बदलती शहर की रंगत तस्वीरों में नजर आने लगी। पहली तस्वीर में शाम के वक्त पेनिनसुला और उसके आसपास की चहल-पहल दिखाई देती है। डूबता सूरज न्यूयॉर्क के आसमान और शहर की रौनक में एक खास रंग भर देता है। वहीं, महज 15 मिनट बाद क्लिक की गई दूसरी तस्वीर में सूरज की रोशनी की जगह रंग-बिरंगी लाइट्स की टिमटिमाती चमक दिखाई देती है।

---

## एमसीयू के नवागत विद्यार्थियों के लिए 'अभ्युदय 2026' का शुभारंभ

# सभी जनरेशन में युवाओं को भगत सिंह याद रहते हैं...

कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीएम डॉ. यादव, अभिनेता पीयुष मिश्रा व कुलपति तिवारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेन-जी बहुत स्मार्ट हैं, हमारे बीच जनरेशन गैप है, लेकिन सभी जनरेशन में युवाओं को भगत सिंह याद रहते हैं, लेकिन युवाओं को स्वामी विवेकानंद भी याद रहने चाहिए। भगत सिंह, महात्मा गांधी और सरदार पटेल के दौर में सोशल मीडिया होता तो उनको भी ट्रोल किया जा सकता था। हमें यह नहीं करना है, अपने महापुरुषों को ट्रोल करने से बचें....

यह कहना है जाने माने अभिनेता पीयूष मिश्रा का, जो मंगलवार को एमसीयू के नवागत विद्यार्थियों के प्रबोधन के लिए आयोजित तीन दिवसीय 'अभ्युदय-2026' के शुभारंभ अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे।

### मुझ पर रहा स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद का प्रभाव

सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मुझ पर स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद का प्रभाव रहा है, मेरे लिए जहां पॉलिटिक्स खत्म होती है, वहां से अध्यात्म शुरू होता है... यही वजह है कि मैं 40 मिनट वॉक करने के साथ साथ 40 मिनट रियाज करता हूं और नियमित ध्यान, ताकि एक कलाकार के रूप में उम्दा ढंग से अपनी कला का प्रदर्शन कर पाऊं।

### विद्यार्थियों के आग्रह पर पीयूष ने सुनाए कुछ गीत भी

*पीयूष ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि हमें अपने काम में एक्स्ट्रा ऑर्डनरी होना चाहिए। असम में आई प्राकृतिक आपदा में जाकर सहयोग करने का आह्वान भी पीयूष मिश्रा ने इस टॉक शो के दौरान किया। इस बातचीत के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के आग्रह पर अपने कुछ गीत भी सुनाए।*

### 'फेक न्यूज' के जमाने में 'नेक न्यूज' वाले मीडियाकर्मी बनें

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि युवा 'फेक न्यूज' के जमाने में 'नेक न्यूज' वाले मीडिया कर्मी बनें। पत्रकारिता में सत्ता का विरोध ठीक है, लेकिन देश विरोध नहीं होना चाहिए। हमारे लिए न्यूज से ऊपर नेशन हो, देश हित को हम सर्वोपरि रखें।

### टकराएं नहीं, सुझावात्मक ढंग से मुद्दों पर दें अपनी राय

प्रसिद्ध उद्घोषक पदम प्रसाद भंडारी ने कहा कि मीडिया को टकराने की जगह, सुझावात्मक ढंग से मुद्दों पर अपनी राय देनी चाहिए। शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत संदीप रघुवंशी ने नए विद्यार्थियों से आग्रह किया कि आप भी प्रायोगिक कक्षाएं जरूर करना चाहिए।

---

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

# देशभक्ति के रंग में रंगा आरएनटीयू परिसर विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुति से सजा मंच

परिसर में ध्वजारोहण करते कुलपति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। शुरूआत वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुई। इसके बाद एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर एवं परेड प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विवि परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में कुलाधिपति संतोष चौबे, कुलपति प्रो. आर.पी. दुबे, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी सहित अतिथि, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

## सा रे गा मा से चला कारवां सारे जहां से अच्छा.. पर हुआ खत्म

# पद्मश्री पं. रोनू की बांसुरी ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में मंगलवार को स्पिक मैके भोपाल चैप्टर द्वारा पद्मश्री पंडित रोनू मजूमदार की भव्य बांसुरी वादन प्रस्तुति का आयोजन किया गया। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत की विविध शैलियों और रागात्मक अभिव्यक्तियों का ऐसा सम्मोहक प्रदर्शन किया कि श्रोता पूरे कार्यक्रम के दौरान मंत्रमुग्ध रहे। कार्यक्रम में उन्होंने क्रमशः सा रे गा मा प ध नि सा, वृंदावन सारंग की धुन, तीन ताल (16 मात्राएं), तिहाई, अंतरा, तथा झाला जैसी शास्त्रीय प्रस्तुतियां दीं।

## प्रदेशभर के पदाधिकारी रहे मौजूद

# लॉयंस क्लब भोपाल रॉयल के नए अध्यक्ष मुनिंद्र वैद्य ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेवा को संकल्प और संकल्प को कर्म में परिणित करने के उद्देश्य से लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी2 के अंतर्गत लायंस क्लब भोपाल रॉयल का स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एमजेएफ लायन मुनिंद्र वैद्य ने कर्तव्यनिष्ठा की

शपथ ग्रहण की। इस दौरान इंदौर से इंटरनेशनल डायरेक्टर एंड्रोसी पीएमजेएफ लायन कुलभूषण मित्तल मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

---

## प्रभात की गोष्ठी में छाई रही देशभक्ति

# धधक रही है धवल धरती, बिगड़ रहे परिवेश...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रभात साहित्य परिषद ने राष्ट्रीय रचनाओं पर आधारित काव्य गोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के नरेश मेहता कक्ष में किया गया। गोष्ठी अशोक निर्मल के संरक्षण, महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता, साहित्य मर्मज्ञ राजेंद्र शर्मा 'अक्षर' के मुख्य आतिथ्य एवं विद्या श्रीवास्तव के विशेष आतिथ्य तथा मधुलता शर्मा के संचालन में किया गया। पिछली काव्य गोष्ठी की रचना के लिए पदम चंद गांधी को सरस्वती प्रभा सम्मान से अलंकृत किया गया। सरस्वती वंदना के बाद आरम्भ में हीरालाल पारस ने पढ़ा, अनेकता में एकता, भारत की विशेषता, महेश प्रसाद सिंह ने पढ़ा धधक रही है धवल धरती, बिगड़ रहे परिवेश, आखिर कैसे बच पायेगा प्यारा भारत देश।

वहीं रमेश नंद ने पढ़ा, सबको पड़ी है अपनी-अपनी इज़्ज़त और सम्मान की, किसने जानी किसने समझी पीड़ा हिन्दुस्तान की। वहीं, पं. सुरेश नारायण शर्मा, आबिद काजमी, डॉ. औरीना अदा, मधु लता, बी एल गोहिया, राजेश तिवारी, सुनीता शर्मा, निसार अहमद, शफी लोदी, अखिलेश लोधी, चंद्रहास शुक्ल, संतोष सोनी, सुरेश पवरा,डॉ. अनीता तिवारी, नीति राज चोरे आदि ने भी अपनी रचनाएं पढ़ीं।

## चार दिवसीय नाट्य समारोह के पहले दिन मंचित होगा हास्य-हॉरर नाटक 'मुर्दाघर'

# हंसी, डर, रहस्य के बीच 'मुर्दाघर' की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार की शाम एलबीटी सभागार में दर्शकों को हंसी, डर, रहस्य और रोमांच से भरी एक अनूठी नाट्य यात्रा देखने को मिली। रुद्राक्ष कल्चरल एवं वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित चार दिवसीय नाट्य समारोह के पहले दिन अविराम जनकल्याण संस्था की ओर से हास्य और हॉरर से भरपूर नाटक 'मुर्दाघर' का मंचन किया गया।

वरिष्ठ रंगकर्मी सुनील राज के निर्देशन में तैयार यह हॉरर-कॉमेडी पहली बार दर्शकों के सामने आई। लेखक नीरज हेशटिंग के लिखे इस नाटक की कहानी एक ऐसे मुर्दाघर से शुरू होती है, जहां रात की खामोशी के बीच पहरेदारी कर रहा जमालू अचानक अपने सामने एक महिला को देखता है।

नाटक में अभिनय करते कलाकार।

### सवाल यह है कि महिला जिंदा है या मुर्दा?

जमालू द्वारा महिला देखने पर सवाल यह है कि वह महिला जिंदा है या मुर्दा? यहीं से शुरू होता है रहस्य, जो धीरे-धीरे डर, हास्य, गीत और संगीत के दिलचस्प मेल में बदलता चला जाता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, दर्शक कभी डरते हुए नजर आए तो कभी हंसते हुए और कभी उस रहस्यमयी घटनाक्रम में पूरी तरह खो हुए। लेकिन नाटक का अंत केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, कहानी आज की एक गंभीर सामाजिक समस्या से भी दर्शकों को रूबरू कराती है। इस तरह मुर्दाघर डराते-डराते सोचने पर मजबूर कर देता है और हंसाते-हंसाते आंखें नम भी कर जाता है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए शिकायतें जल्द निपटाने के निर्देश

# भोपाल के पहले कलेक्टर के सरकारी बंगले पर परिजनों का कब्जा, जनसुनवाई में आईं सौ से ज्यादा शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तहसील के बाद जब भोपाल वर्ष-1956 में जिला बना तो भोपाल के पहले कलेक्टर बदरे आलम को ईदगाह हिल्स पर 25 हजार वर्गफीट में फैला केसर बंगला आवंटित किया गया, लेकिन कलेक्टर के हटने के बाद भी अब तक इस बंगले पर बदरे आलम के वारिसों का कब्जा बना हुआ है। इस मामले की जांच कराकर बंगले को सरकार के कब्जे में लेने की मांग रखी है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में सौ से अधिक लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। मोती मस्जिद के नजदीक रहने वाले शोएब एहमद ने बताया कि वर्ष-1956 में जब भोपाल को तहसील से जिला घोषित किया गया, तब भोपाल का पहला कलेक्टर बदरे आलम को बनाया गया था। जिसके साथ ईदगाह हिल्स स्थित करीब 25 हजार वर्गफीट में फला केसर बंगला रहने के लिए दिया गया। कलेक्टर को हटने के बाद बंगला भी छोड़ना था, लेकिन उनके परिवार ने अब तक कब्जा नहीं छोड़ा है। मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आने वाली शिकायतों को निपटाने के निर्देश दिए हैं।

जनसुनवाई करते कलेक्टर मिश्रा।

## पहली शादी छिपाकर दूसरी शादी रचाई

सुंदर नगर अशोका गार्डन निवासी राबिया ने शिकायत में बताया कि उनके पति नईम ने धोखाधड़ी कर दूसरी शादी की है। जबकि वह पहले से शादीशुदा था। मुझे जब इस बात का पता चला तो विवाद के बाद वह मेरे साथ नहीं रहता है और न ही खर्चा देता है। कलेक्टर ने मामले की जांच पुलिस को सौंपी है।

**नौकरी के नाम पर ठगी:** आरजीपीवी के कर्मचारी नसीम खान, कमलेश कुमार निवावे और मनीष अहिरवार ने पंद्रह लोगों को आरजीपीवी में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की है। जिसकी राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की गई है। जब लंबे समय तक नौकरी नहीं लगवाई गई तो इन लोगों ने फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर हमारे साथ ठगी की है।

## बच्चेदानी के ऑपरेशन में महिला की नस काटी

अमित मालवीय ने शिकायत में बताया कि मेरी माता सरोज बाई मालवीय की बच्चेदानी की बीमारी को लेकर कोलार रोड स्थित जेके अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टर मनाली भार्गव ने उन्हें बच्चेदानी का ऑपरेशन करने की सलाह दी। जिसके बाद ऑपरेशन के दौरान माता की नस काट दी गई, जिससे ऑपरेशन फेल हो गया। जिसके बाद डॉक्टर्स ने कहा कि मां को हमीदिया अस्पताल ले जाओ। जिसके बाद मैं माता को जबलपुर के अस्पताल ले गया। पीड़ित ने अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### डीएलएड प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम जारी

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश ने मंगलवार को डी.एल.एड. प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम मंडल की आधिकारिक वेबसाइट www.mpbse.mponline.gov.in पर देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा डीएलएड प्रथम वर्ष की परीक्षा का आयोजन जून 2026 में किया गया था।

### समरसता संकल्प अभियान को लेकर बैठक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में समरसता संकल्प अभियान के क्रियान्वयन व आगामी कार्यों को लेकर संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी व जिला अध्यक्षों की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी एवं राहुल कोठारी मौजूद रहे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल से मिले राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर्य

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से मंगलवार को भोपाल स्थित निवास पर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर लालसिंह आर्य ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ एवं मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येन्द्र भूषण सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### डॉ सिंह रेबीज फ्री सिटी अभियान के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त

**भोपाल।** शहर को रेबीज फ्री सिटी बनाने और रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के संचालन के लिए दी गई अतिरिक्त जिम्मेदारी से पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अति उप संचालक डॉ पीपी सिंह को मुक्त कर दिया गया है। राज्य पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला भोपाल ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के तहत डॉ. सिंह को अब अपने मूल विभाग में ही पूरा समय (पूर्णकालिक) देकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम में रेबीज नियंत्रण और शहर को रेबीज-मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के संचालन और समन्वय की जिम्मेदारी डॉ पीपी सिंह को सौंपी गई थी। वे अपने मूल विभागीय काम के साथ-साथ इस अतिरिक्त जिम्मेदारी को भी संभाल रहे थे। हालांकि डॉ सिंह अभी निगम से रिलीव नहीं हुए हैं।

### 'एटीएकॉन इनोवेटिव आयुर्वेद' मंथन में जुटेंगे आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ

**भोपाल।** आयुर्वेद टीचर्स एसो और एलएन यूनिवर्सिटी द्वारा 22-23 अगस्त को 8वें राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस एटीएकॉन 2026 इनोवेटिव आयुर्वेद मंथन में मप्र, छग के आयुर्वेद शिक्षाविद, शोधकर्ता, चिकित्सक, विद्यार्थी व प्रतिनिधि शामिल होंगे। एटीए मप्रअध्यक्ष डॉ. रवि श्रीवास्तव ने बताया कि 22 को नवसृजन संवाद आरसीवीपी नरोन्हा एकेडमी में होगा। वहीं 23 को जेके हॉस्पिटल में आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में, राष्ट्रीय संगठन सचिव आरोग्य भारती डॉ. अशोक वार्ष्णेय, एलएनसिटी के चांसलर जयनारायण चौकसे के आतिथ्य में एटीएकॉन 2026 का शुभारंभ होगा।

टैक्सी चालकों की हड़ताल के चलते गंतव्य स्थानों से नहीं मिली कैब

# ऑनलाइन बुक की कैब, जब नहीं आई तो महंगे ऑटो से किया सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एग्रीगेटर कंपनियों के खिलाफ टैक्सी चालक संघ की हड़ताल के चलते भोपाल में मंगलवार रात 12 बजे से ओला, उबर समेत अन्य कैब का संचालन बंद है। बुधवार सुबह भोपाल एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन पर इसका असर दिखाई दिया। यात्रियों ने ऑनलाइन कैब बुक करने की कई बार कोशिश की, लेकिन गाड़ियां उपलब्ध नहीं हुईं। ऐसे में लोगों को ऑटो सहित अन्य साधनों से जाना पड़ा। इस दौरान ऑटो चालकों ने मौके का फायदा उठाते हुए डेढ़ से दो गुना किराया वसूला। फिलहाल यूनियन की बैठक का कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। इस दौरान परिवहन अधिकारियों के अलावा टैक्सी यूनियन कल्याण समिति संपूर्ण भारत के सचिव नफीस उद्दीन और भोपाल टैक्सी चालक संघ के महामंत्री राजेश कुमार नागले इस बैठक में शामिल रहे। यूनियन ने बताया कि 19 अगस्त परिवहन मंत्री से मुलाकात के बाद ही तय होगा कि यह हड़ताल की दशा दिशा क्या होगी।

भोपाल टैक्सी चालक संघ के महामंत्री राजेश कुमार नागले ने बताया कि दोपहर के समय परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी। इस दौरान आरटीओ को हमारी सभी मांगों से अवगत कराया है।

रेल्वे स्टेशन के बाहर हड़ताल के चलते परेशान हुए यात्री।

### ऑटो ही बना सहारा

कैब सेवा बंद होने के कारण स्टेशन पर यात्रियों के सामने ऑटो ही प्रमुख विकल्प रह गया। यात्रियों का कहना है कि सामान्य दिनों में ऑनलाइन कैब आसानी से मिल जाती थी, लेकिन हड़ताल के कारण उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। कुछ यात्रियों ने ऑटो चालकों पर अधिक किराया वसूलने का आरोप भी लगाया।

### दिनभर ऐसे होती रही यात्रियों को परेशानी

**पहले ओला ऑटो वाले ने 180 मांगे, दूसरे ने 150 में छोड़ा**

आरकेएमपी स्टेशन पर एक यात्री आरके केवट ने बताया कि वह छत्तीसगढ़ से वापस भोपाल आए, जिन्हें कटार हिल्स जाना था। ऐसे में उन्होंने यहां पर कैब टैक्सी बुक करने की कोशिश करते रहे, लेकिन नहीं हुई। इसके बाद ओला ऑटो बुक किया, जो 180 रुपए मांग रहा था। यात्री ऑटो चालक से मीटर के हिसाब से पैसे देने की बात कहीं। लेकिन वह तैयार नहीं हुआ। ऐसे में यात्री को बुकिंग कैंसिल करनी पड़ी। इसके बाद दूसरा ऑटो आया, जिसने 150 रुपए में वहां तक छोड़ा।

**क्या बोले यात्री**

कर्नाटक एक्सप्रेस से आए यात्री को सुल्तानिया अस्पताल जाना था। यात्री सत्यम ने बताया कि वह उत्तराखंड के रहने वाले हैं और कर्नाटक से भोपाल पहुंचे हैं। उन्हें सुल्तानिया अस्पताल जाना है। काफी देर तक कैब बुक करने की कोशिश के बावजूद वाहन नहीं मिला। इसके बाद उन्हें स्टेशन के बाहर दूसरे साधन तलाशने पड़े। ग्वालियर से भोपाल आए दीप सिंह ने बताया कि वह काफी देर से कैब बुक करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कैब बुक नहीं हो रही है। अब ऑटो कर के घर जाएंगे।

## आत्मविश्वास के साथ जिम्मेदार नागरिक बनें युवा: प्रो. आलोक शर्मा

**भोपाल।** राजधानी स्थित स्कूल ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी यूटीडी आरजीपीवी में बीटेक प्रथम वर्ष में नवीन प्रवेश लेने वाले नवागत विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम मंगलवार को प्रारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के सभागार में 18 से 20 अगस्त तक चलने वाले दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्घाटन राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक शर्मा एवं वरिष्ट सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश लववंशी, प्रो. संजीव शर्मा एवं निदेशक डॉ. जितेंद्र अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया इस अवसर पर डीन अकादमिक डॉ.निश्चल मिश्रा सहित प्राध्यापक, नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी एवं उनके अभिवावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक शर्मा ने कहा कि

स्कूल से विश्वविद्यालय तक की यात्रा भविष्य की अनेक संभावनाओं को लेकर आती है। आज केवल क्लासरूम टीचिंग पर्याप्त नहीं है अपितु कम्युनिटी गिविंग सीखते हुए आत्मविश्वास के साथ जिम्मेदार नागरिक बनना तथा देश की सेवा करते हुए उसे विकसित भारत बनाना यह युवा पीढ़ी का उद्देश्य होना चाहिए।

डेमो कार को नई बताकर ग्राहक को थमाई

## क्राउन स्कोडा पर नई कार की बिक्री में पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/सतना

क्राउन स्कोडा भोपाल से खरीदी गई स्कोडा कोडियाक सिलेक्शन एलएंडके को लेकर श्री राम कृष्ण चैरिटेबल ट्रस्ट, सतना ने गंभीर शिकायतें उठाई हैं। ट्रस्ट का आरोप है कि जिस वाहन को नई और फ्रेश कार के रूप में बेचा गया, वह बिक्री से पहले डीलर मालिक के निजी इस्तेमाल/डेमो में करीब एक माह तक रहा था। ग्राहक के अनुसार, खरीद के समय इसकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई।

वाहन की ओडोमीटर रीडिंग करीब 1000 किमी होने पर डीलरशिप की ओर से वाहन को औरंगाबाद से सड़क मार्ग से भोपाल लाए जाने का स्पष्टीकरण दिया गया था। बाद में वाहन के निजी इस्तेमाल/डेमो में रहने की जानकारी सामने आने पर ग्राहक ने वाहन की वास्तविक स्थिति और उपयोग को लेकर सवाल उठाए।

यह कार दी गई थी ग्राहक को।

### डीलरशिप को ग्राहक ने भेजी रिकॉर्डिंग

एक गंभीर तथ्य यह भी है कि स्टीयरिंग अलाइनमेंट की समस्या टेस्ट ड्राइव के दौरान ही ग्राहक ने डीलरशिप के संज्ञान में ला दी थी। इसके बावजूद डिलीवरी के समय समस्या बनी रहने का आरोप है। बाद में स्टीयरिंग से असामान्य आवाज आने की शिकायत भी की गई, जिसकी रिकॉर्डिंग ग्राहक ने डीलरशिप को भेजी। वाहन भोपाल पहुंचने के बाद डीलरशिप द्वारा स्टीयरिंग रैक बदलने की बात कही गई। ग्राहक ने पूरी तरह नई और दोषरहित कार अथवा पूरी राशि वापस करने की मांग की है।

मिला 'सर्टिफिकेट ऑफ ऑर्नर' सम्मान

## राधिका 'दोहा-चौपाई' स्पर्धा में प्रथम स्थान से सम्मानित

▶▶ वाद-विवाद, कविता पाठ, चित्रकला से लेकर खेल-कूद तक हर क्षेत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी

प्राचार्य के साथ राधिका।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तुलसी नगर स्थित सेंट मैरी कॉन्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल में 'दोहा-चौपाई' प्रस्तुति प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी की प्रतिभाशाली छात्रा राधिका द्विवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने विशेष रूप से समारोह में राधिका को 'सर्टिफिकेट ऑफ ऑर्नर' प्रदान कर सम्मानित किया। राधिका स्कूल में आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों में लगातार भाग लेती रहती हैं। वाद-विवाद, कविता पाठ, चित्रकला से लेकर खेल-कूद तक हर क्षेत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती है। प्रधानाचार्या ने सम्मानित करते हुए कहा कि राधिका जैसी छात्राएं हमारे स्कूल की गौरव हैं। वह पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बराबर रुचि लेती है।

## अधिकारी-कर्मचारी मंत्री भूरिया से मिले, आज से लौटेंगे काम पर

**भोपाल।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने आयुक्त निधि निवेदिता के कार्य व्यवहार को लेकर नाराजगी जताते हुए सोमवार को आधे दिन का और मंगलवार को प्रदेशभर में सामूहिक अवकाश लिया। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया से मुलाकात कर आयुक्त निधि निवेदिता की कार्यप्रणाली और उससे हो रही समस्याओं एवं विभिन्न विषयों को लेकर ज्ञापन सौंपा। मंत्री भूरिया ने अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों की बात गंभीरता से सुनी और उन्हें आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाए गए विषयों पर उचित स्तर पर विचार कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विभागीय कार्य प्रभावित न होने देने तथा जनहित को ध्यान में रखते हुए अपने कार्य पर वापस लौटने का आग्रह किया। मंत्री के आश्वासन के बाद अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश तोमर ने प्रदेशभर के अधिकारी-कर्मचारियों से बुधवार से अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित होकर नियमित रूप से कार्य करने की अपील की है। संघ के निर्णय के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बुधवार से अपने कार्य पर लौटेंगे।

बंगाल की खाड़ी में नए सिस्टम से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का दौर शुरू

# नरसिंहपुर, पन्ना, टीकमगढ़ में गिरेगा तेज पानी, दो दिन बाद कम बारिश वाले इलाकों में होगी झमाझम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बंगाल की खाड़ी में नए सिस्टम से एक बार फिर प्रदेश के कई हिस्सों में झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है। नया सिस्टम बुधवार तक छत्तीसगढ़ पहुंचेगा, जहां कमजोर होकर यह लो प्रेशर एरिया में बदलेगा। इसके असर से पूर्वी मप्र में 21 और 22 अगस्त को कई इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। प्रदेश में अब तक सामान्य 651.4मिलीमीटर के मुकाबले 573.1 मिलीमीटर ही बारिश दर्ज हुई है।

बारिश से बैढ़न-तेलाई मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया।

### कार्यपालन यंत्री और ठेकेदार को नोटिस

सिंगरौली। बैढ़न-तेलाई मकरोहर मार्ग पर बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़क का कलेक्टर गौरव बैनल और पुलिस अधीक्षक सियाज के.एम ने संयुक्त निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि नगर निगम सिंगरौली ने बिना अनुमति सीवर लाइन के लिए सड़क काटी थी, जिससे बारिश में कटाव होकर सड़क बह गई। कलेक्टर ने लापरवाही पर नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सीवर ठेकेदार और कंसल्टेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

## ब्यावरा राजगढ़-सोनकच्छ रेलखंड में रेल संरक्षा आयुक्त का कल से दो दिन निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रामगंजमंडी–भोपाल नई बड़ी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत ब्यावरा राजगढ़–सोनकच्छ रेलखंड की कमिशनिंग के लिए रेल संरक्षा आयुक्त, मुंबई द्वारा 20 एवं 21 अगस्त को निरीक्षण होगा। कार्यक्रम दोनों दिन प्रातः 08:00 बजे से शाम 07:00 बजे तक निर्धारित है। रेल संरक्षा से संबंधित विभिन्न मानकों, रेल पथ, पुल-पुलियों, सिग्नल एवं अन्य आवश्यक संरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाएगा।

सीएम ने संकल्प पूरा करने के दिए निर्देश

## प्रदेश में बनी दो हजार नई दुग्ध सहकारी समितियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने के संकल्प के संदर्भ में संचालित गतिविधियों की गति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि और पशुपालकों की आर्थिक समृद्धि के प्रयासों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) और दुग्ध संघों का कार्यभार ग्रहण करने के बाद राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।बैठक में सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया कि प्रदेश में लगभग 2000 नई दुग्ध सहकारी समितियां गठित हुई हैं। गत 2 वर्ष में प्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है।प्रदेश में बढ़ा है 27 प्रतिशत दुग्ध संकलनबैठक में बताया गया कि प्रदेश में वर्ष 2024-25 में जहां 8.73 लाख किलोग्राम प्रतिदिन दुग्ध संकलन हो रहा था, वहीं यह 2025-26 में बढ़कर 9.66 किलोग्राम और वर्ष 2026-27 में जुलाई माह तक 9.75 लाख किलोग्राम प्रतिदिन हो गया है।

बहनों के आग्रह पर झूला उत्सव में पहुंचे सीएम, बहनों का किया स्वागत

जन्माष्टमी, रक्षाबंधन और अन्य पर्वों की दी अग्रिम रूप से बधाई

# महिला जन प्रतिनिधियों ने अनेक बहनों के साथ सीएम हाउस में सावन की खुशियां मनाईं, मुख्यमंत्री रहे मौजूद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

श्रावण मास पर मुख्यमंत्री निवास परिसर में झूला उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के अलावा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके, महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक राज्य मंत्री कृष्णा गौर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह, भोपाल की महापौर मालती राय, विधायक मनीषा सिंह, महिला मोर्चा पदाधिकारी के अलावा अनेक बहनों ने हिस्सा लिया। यह उत्सव महिला जन प्रतिनिधियों के सम्मान में आयोजित हुआ। बहनों के आग्रह पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी महोत्सव में शामिल हुए।

### सावन के गीत गुनगुनाए

इस अवसर पर सावन के गीत गाए गए। मुख्यमंत्री ने भी ॐ नमः शिवाय सहित गोविंदा आला रे.... फूलों का तारों का, सबका कहना है एक हजारों में मेरी बहना है... गीतों के गायन में बहनों का साथ दिया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सावन के अवसर पर बहनों का स्वागत है। सबके जीवन में वैभव आए, यह कामना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सभी मिलकर जनकल्याण के कार्य को अंजाम दें। आज प्रदेश के विभिन्न अंचलों की बहनें यहां पधारी हैं। इन्हें सावन के झूला उत्सव में शामिल होते देखकर प्रसन्नता हो रही है। डॉ यादव ने बहनों को जन्माष्टमी, रक्षाबंधन और आने वाले त्योहारों की अग्रिम रूप से बधाई दी।

## झुके मुख्यमंत्री सोरेन आखिर आंदोलनकारी छात्रों की मांगें मानी

# टीडीपीएल द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं को रद्द किया, महतो ने कहा अभी आंदोलन खत्म नहीं किया, सीबीआई से हो जांच

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में स्टूडेंट प्रोटेस्ट के आगे हेमंत सोरेन सरकार झुक गई है। सरकार ने उनकी मांगों को पूरा करते हुए सोमवार देर रात 2014 से लेकर अब तक की टीडीपीएल द्वारा आयोजित कराई जाने वाली सभी परीक्षाओं को रद्द करने का ऐलान कर दिया। इस फैसले से छात्रों का एक खेमा खुशी मनाता नजर आया तो उन उम्मीदवारों को निराशा हुई जिन्होंने एग्जाम क्लियर करने के बाद नौकरी हासिल की थी या नियुक्ति का इंतजार कर रहे थे। सोरेन ने कहा कि सरकार ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग-संयुक्त स्नातक स्तर (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा रद्द करने का फैसला किया है, जो प्रदर्शन कर रहे छात्रों की मुख्य मांगों में से एक थी।

- छात्रों ने जताई खुशी तो नियुक्त कर्मचारी सड़क पर उतरे

### छात्र अब भी प्रदर्शन कर रहे, सीबीआई जांच पर अड़े

परीक्षा में कथित अनियमितता के खिलाफ 16 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे छात्र नेता देवेंद्र महतो ने सोमवार आधी रात के आसपास अपना अनशन समाप्त कर दिया। उन्होंने बताया कि 5 अन्य छात्र अब भी भूख हड़ताल पर हैं।

देवेंद्र महतो

घोषणा के बाद छात्रों को जश्न मनाते और तिरंगा लहराते हुए देखा गया। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने महतो को बधाई दी औरसभी की जीत बताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनकी प्रमुख मांग कथित परीक्षा अनियमितताओं की सीबीआई जांच कराना है जिसे सरकार ने स्वीकार नहीं किया है।

### ये रहे दूसरे चरण के आंदोलन के मुख्य मुद्दे

महतो ने कहा कि अब आंदोलन के दूसरे चरण में भर्ती प्रक्रिया को बेहतर बनाने पर जोर दिया जाएगा। उनकी मांग है कि ऐसी व्यवस्था बने, जिससे भविष्य में पेपर लीक या परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। उन्होंने परीक्षा व्यवस्था में हर स्तर पर ऑडिट की मांग की है। रिजल्ट जारी होने तक पूरी प्रक्रिया की निगरानी होनी चाहिए। निगरानी कमिटी बनाने की भी मांग की। परीक्षा प्रक्रिया में अलग-अलग स्तर पर क्लियरेंस सर्टिफिकेट की व्यवस्था करने की बात कही।

### जल्द आएगा रांची छात्र आंदोलन पार्ट-2: महतो

छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने आंदोलन के दूसरे चरण का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अब भर्ती प्रक्रिया में सुधार और परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता के लिए 'आंदोलन पार्ट-2' शुरू किया जाएगा।

### कर्मचारी सचिवालय के बाहर कर रहे प्रदर्शन

जेएसएससी-सीजीएल भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त सरकारी कर्मचारी राज्य सचिवालय (प्रोजेक्ट भवन) के बाहर बारिश में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।परीक्षा रद्द किए जाने के फैसले के खिलाफ इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों ने भी प्रदर्शन शुरू कर दिया। उम्मीदवारों का एक समूह राज्य सचिवालय के बाहर एकत्र हुआ और सोरेन से परीक्षा रद्द नहीं करने की अपील की। इससे करीब 2,000 लोगों की नौकरी चली जाएगी। खूंटी में श्रम प्रवर्तन अधिकारी के पद पर नियुक्त आशीष मिंज ने कहा कि हम सरकार के इस फैसले से बेहद आहत हैं। इससे पहले मैंने 2019 से 2022 तक

एलआईसी में विकास अधिकारी के रूप में और फिर 2022 से जनवरी 2026 तक भारतीय खाद्य निगम में काम किया जिसके बाद मैंने यहां नियुक्ति की। सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्त प्रिंस प्रियदर्शी ने कहा कि हमने अदालती कार्यवाही के बाद सेवा में कार्यभार संभाला था।

### हड़ताल खत्म होने पर राहुल ने जताई खुशी

#### पूरे देश में बदलेगा सिस्टम, सभी ने संयम से काम लिया

झारखंड के छात्रों और राज्य सरकार के बीच सोमवार रात सहमति बन गई। अब इस मामले पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि छात्रों ने अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी है। यह खबर सुनकर अच्छा लगा। झारखंड सरकार ने बातचीत का रास्ता चुना और समाधान निकाला। छात्रों ने संयम बरता और अपनी बात रखी। हम इस रिकवरी सिस्टम को पूरी तरह बदल देंगे।

राहुल गांधी

## खबर संक्षेप

### राधाकृष्णन 19 -20 को उत्तराखंड जाएंगे

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 19 और 20 अगस्त 2026 को उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे बुधवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी (आईजीएनएफए) देहरादून का दौरा करेंगे। वहां वे 2025-27 बैच के आईएफएस के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करेंगे। 20 को मसूरी में आईएएस प्रोफेशनल कोर्स के द्वितीय चरण के समापन करेंगे।

### फरीदकोट डीसी कार्यालय को उड़ाने की धमकी

**फरीदकोट।** स्थानीय मिनी सचिवालय स्थित डिप्टी कमिश्नर कार्यालय को मंगलवार दोपहर ईमेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप है। डीएसपी तरलोचन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत डिप्टी कमिश्नर कार्यालय परिसर में सर्च आपरेशन शुरू किया।खालिस्तान नेशनल आर्मी के नाम से ईमेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

### जल बोर्ड टेंडर घोटाला सत्येंद्र समेत 6 अरेस्ट

**नई दिल्ली।** आप नेता और दिल्ली के पूर्व जल मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन को दिल्ली सरकार की एसीबी ने दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और टेंडर में अनियमितताओं के मामले में गिरफ्तार किया है। आप की ओर से भी जैन की गिरफ्तारी की जानकारी दी गई है। जैन समेत कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### दाभोलकर हत्याकांड में दोषी को जमानत



**मुंबई।** सामाजिक कार्यकर्ता और तर्कवादी डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के मामले में मुख्य दोषी सचिन अंदुरे को बॉम्बे हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। उम्रकैद की सजा पर रोक भी लगा दी गई है। दाभोलकर की अगस्त 2013 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## पेपर लीक की घटनाओं को रोकने की शीर्ष अदालत में सुनवाई

# आरोपियों की संपत्ति जब्त करने की मांग

# आरोपी परिवारों की संपत्ति का आकलन करें कोर्ट ने केंद्र- राज्य सरकारों से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। याचिका में पेपर लीक में शामिल आरोपियों और उनके परिवार के सदस्यों की चल-अचल संपत्ति की जांच कर उसे जब्त करने के निर्देश देने की मांग की गई है।

- अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर पर यह कहा

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने मंगलवार को अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका पर केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तारीख तय की है।

### छात्रों के मौलिक अधिकारों के उल्लंघन का दावा

*याचिका में कहा गया है कि पेपर लीक की घटनाओं को रोकने, उनकी जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने में बार-बार नाकामी से छात्रों के मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 14, 16, 19 और 21 का हवाला दिया है। याचिका के मुताबिक, सरकारों की ओर से पेपर लीक रोकने के लिए कानून बनाए जाने के बावजूद व्यवस्था में अभी भी कई कमियां हैं। इनमें जांच और मुकदमे के लिए निश्चित समय सीमा का अभाव भी शामिल है।*

#### दोषी पाए जाने पर मिलने वाली सजाएं लगातार चलें

याचिका में यह भी मांग की गई है कि पेपर लीक के अपराध में दोषी पाए जाने पर मिलने वाली सजाएं लगातार चलें, यानी एक के बाद एक लागू हों, न कि एक साथ। याचिकाकर्ता के मुताबिक इससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने में मदद मिल सकती है।

#### कानून आयोग से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर रिपोर्ट की मांग

*याचिका में वैकल्पिक तौर पर कानून आयोग को पेपर लीक से निपटने के लिए दूसरे देशों में अपनाई जा रही व्यवस्थाओं का अध्ययन करने और तीन महीने के भीतर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश देने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से समयबद्ध जांच और मुकदमे की मांग को फिलहाल आगे नहीं बढ़ाया गया। याचिकाकर्ता ने बताया कि सार्वजनिक परीक्षाएं (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पारित हो चुका है और इसमें पेपर लीक के खिलाफ कानून को और कड़ा किया गया है।*

#### छात्रों पर गंभीर असर होगा

याचिका में कहा गया है कि पेपर लीक का सबसे ज्यादा नुकसान उन छात्रों को होता है, जो महीनों और वर्षों तक मेहनत करके परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। परीक्षा रद्द होने या दोबारा होने से उनकी पढ़ाई और करियर की योजना प्रभावित होती है। इसका असर छात्रों के परिवारों पर भी पड़ता है। उन्हें लंबे समय तक तैयारी, कोचिंग और परीक्षा से जुड़े खर्च उठाने पड़ते हैं। कई परिवारों पर कर्ज का बोझ बढ़ जाता है। याचिका में दावा किया गया है कि पेपर लीक से पैदा होने वाले मानसिक और शारीरिक तनाव के कारण छात्रों में गंभीर मानसिक परेशानियां भी बढ़ती हैं और कुछ मामलों में आत्महत्या की घटनाएं भी सामने आई हैं।

#### भीड़ को नियंत्रित करने की थी फायरिंग

हलफनामे में जानकारी दी गई है कि हाथी चौक के समीप स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एक सहायक उप-निरीक्षक ने अपनी 9-एमएम पिस्तौल से दो बार हवाई फायरिंग की थी। इस घटनाक्रम में तीन आंदोलनकारियों को हल्की चोटें पहुंचीं। राज्य सरकार ने इस बात पर जोर दिया है कि इन व्यक्तियों की चोटों का गोलीबारी से कोई संबंध नहीं है, क्योंकि वेफायरिंग वाले स्थान पर मौजूद ही नहीं थे।

#### पुलिस महानिदेशक ने दिशा-निर्देश जारी किए

*पुलिस विभाग ने यह स्वीकार किया कि एके -47 विशेष अभियानों के लिए इस्तेमाल होने वाला प्लाटून-स्तर का हथियार है, जिसे सामान्य कानून-व्यवस्था संभालने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक ने दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए हैं।*

#### उग्र भीड़ और हिंसा के पीछे उपद्रवी

शुरुआत में छात्रों का विरोध-प्रदर्शन पूरी तरह अनुशासित और शांत था। हालांकि, बाद में कुछ अराजक और उपद्रवी तत्व भीड़ में घुस आए, जिसके कारण स्थिति हिंसक हो गई और पथराव व तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। इस हिंसा और उपद्रव में कानून-व्यवस्था संभाल रहे करीब 157 पुलिसकर्मी और 7 अन्य शासकीय कर्मचारी चोटिल हुए।

### बिहार सरकार का हलफनामा

#### पुलिस ने हवा में चलाई थी एके-47 से 4 चक्र गोलियां

**पटना।** बिहार में छात्र प्रदर्शनों के दौरान पुलिस द्वारा अनुचित और अत्यधिक बल प्रयोग किए जाने के आरोपों पर राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल किया है।राज्य सरकार ने पुलिस बर्बरता के दावों को खारिज करते हुए कहा है कि प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के दौरान किसी भी तरह की अत्यधिक या असंगत ताकत का इस्तेमाल नहीं किया गया।हलफनामे में सिवान की घटना का जिक्र करते हुए बिहार सरकार ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शन के दौरान भीड़ में घिरे एक पुलिस कॉन्स्टेबल ने बचाव में अपने एके -47 हथियार से हवा में 4 चक्र गोलियां चलाई थीं। सरकार ने अदालत को बताया कि गोलियों से कोई भी व्यक्ति या प्रदर्शनकारी घायल नहीं हुआ है।हालांकि, कानून-व्यवस्था जैसी स्थिति में इस प्रकार के असॉल्ट हथियार के अनधिकृत उपयोग को अनुचित आचरण मानते हुए संबंधित सिपाही को निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

#### अवैध संपत्ति जब्त की जाए

याचिका में कहा गया है कि पेपर लीक करने वालों और इस तरह के अपराध में शामिल लोगों की पूरी संपत्ति का आकलन किया जाना चाहिए। इसमें उनके परिवार के सदस्यों की संपत्ति की भी जांच करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने कहा कि यदि जांच में अवैध संपत्ति या अपराध से अर्जित धन का पता चलता है तो भ्रष्टाचार निवारण कानून, मनी लॉन्ड्रिंग कानून, बेनामी संपत्ति कानून और ब्लैक मनी कानून के तहत उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

### रिजिजू ने दीपके पर पहले दिखाया नरम रुख, फिर सवाल भी उठाए

# वह हमारा ही लड़का, बौद्ध है, आंदोलन को राजनीतिक बना दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके को लेकर सवाल उठाए हैं। रिजिजू ने उनकी छात्र के रूप में पहचान पर भी सवाल किया। उन्होंने दीपके के लिए नरम रुख दिखाते हुए उन्हें अपना ही लड़का बताया। सीजेपी के बैनर तले जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन हुआ था।

इसके चलते पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था। रिजिजू ने एक इंटरव्यू में दीपके और उनके आंदोलन को लेकर सवाल उठाए। रिजिजू से जब छात्रों की शिक्षा क्षेत्र में सुधार से जुड़ी मांगों और जेन-जी आंदोलन पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने माना कि छात्रों की चिंताएं जायज हैं। उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक दलों ने इस आंदोलन को पूरी तरह अपने कब्जे में ले लिया है।

#### छात्रों की आड़ में विपक्ष रोटियां सेंक रहे...

*रिजिजू ने विपक्षी दलों और खास तौर पर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब वे राजनीतिक दल हार जाते हैं, तो वे छात्रों की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने की कोशिश करते हैं। ऐसा करना लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इतने बड़े प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाकर रखी और किसी व्यक्ति को खरोंच तक नहीं आई। विपक्ष सरकार पर छात्रों के दमन की झूठी कहानी बनाने की कोशिश कर रहा है।*

#### आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता बताया

युवाओं के बीच पहचान बना चुके दीपके का नाम लेते हुए रिजिजू ने कहा कि दीपके महाराष्ट्र से बौद्ध है। इसके बाद उन्होंने दीपके के छात्र होने पर सवाल उठाते हुए कहा, लेकिन वो तो आम आदमी का कार्यकर्ता है, वो तो आप भी जानते हैं, सब जानते हैं। वो छात्र कैसे हो गया?

### कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**प्रयागराज।** यहां मंगलवार को श्रावण के पवित्र महीने के दौरान लोग 'कलश यात्रा' में भाग लेते हुए।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद

# विफल रही बात, हम नहीं देंगे मस्जिद के लिए एक इंच भूमि

एजेंसी ▶▶ मथुरा

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद ईदगाह विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चल रही सुलह-समझौते की कोशिशें एक बार फिर नाकाम साबित हुई हैं। मथुरा के सुलह समझौता केंद्र में मंगलवार को होने वाली दूसरी वार्ता मुस्लिम पक्ष की अनुपस्थिति के कारण विफल हो गई। मुस्लिम पक्ष के न आने पर कोर्ट ने पत्रावली पर सुनवाई स्थगित कर दी है। अब इस अहम विवाद की सुनवाई सीधे सुप्रीम कोर्ट में 21, 22 और 23 अगस्त को की जाएगी।



#### उपस्थित नहीं हुआ मुस्लिम पक्ष

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और हिंदू पक्ष के अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार को सुलह केंद्र में दूसरी सुनवाई तय थी, लेकिन मुस्लिम पक्ष वहां उपस्थित नहीं हुआ। इससे पहले 7 अगस्त को भी दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई थी, जो पूरी तरह बेनतीजा रही थी।

### तेजस्वी यादव पर जीतनराम मांझी का तीखा हमला

# जुबान फिसलने पर तीखा तंज कसा, रात वाला उतरा नहीं था तो मुझे श्रद्धांजलि दी

एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की जुबान फिसलने पर तीखा तंज कसा है। मांझी ने कहा कि नशा शराब में होता तो नाचती बोतल, तेजस्वी का रात वाला उतरा नहीं था, इसलिए उन्होंने मुझे श्रद्धांजलि दे दी। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के सुप्रीमो मांझी ने एक वीडियो भी शेयर किया है। उसमें आरजेडी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव कथित रूप से दशरथ मांझी की जगह मांझी को श्रद्धांजलि देते हुए नजर आ रहे हैं। मांझी ने तेजस्वी यादव पर नशा करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने यादव पर तंज कसते हुए यह भी कहा कि अगर हालात नहीं सुधरें तो आने वाले वक्त में ये जनाब जीते जी अपने पिता लालू यादव और मां राबड़ी देवी को भी श्रद्धांजलि दे देंगे। मांझी ने पोस्ट में कहा कि लगता है बाबू साहब का रात वाला उतरा नहीं था इसलिए मुझे श्रद्धांजलि दे रहें हैं। नशा कुछ भी करा सकता है।

#### दशरथ की पुण्यतिथि पर सभा में बोले थे तेजस्वी

सोमवार को पटना स्थित आरजेडी के कार्यालय में माउटेन मैन दशरथ मांझी की 19वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को तेजस्वी ने संबोधित किया। इस दौरान उनकी जुबान फिसल गई और श्रद्धांजलि देते हुए गलती से दशरथ मांझी की जगह हम सुप्रीमो जीतनराम मांझी का नाम ले लिया। उसी दौरान बगल में मौजूद आरजेडी नेताओं ने तेजस्वी को कहा कि वह गलत नाम ले रहे हैं।

### मौलाना रजवी ने मुसलमानों से की विशेष अपील

अपने अंदर सकारात्मक सोच पैदा करें

# मोदी-योगी को गालियां न दें, भाजपा को हराने का ठेका केवल मुस्लिमों का नहीं

एजेंसी ▶▶ बरेली

आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने प्रेस को जारी किए गए बयान में मुसलमानों से अपील की है कि पीएम मोदी और सीएम योगी को गालियां न दें बल्कि अपने अंदर सकारात्मक सोच पैदा करें। भाजपा को हराने का ठेका सिर्फ मुसलमानों ने नहीं लिया है। रजवी ने कहा कि आज मुसलमानों की आदत बन गई है कि जहां बैठते हैं, वहां योगी और मोदी की नकारात्मक चर्चा शुरू कर देते हैं। मैं तमाम मुसलमानों से कहना चाहता हूं कि 2017 से लेकर अब तक भाजपा के विरोध की राजनीति करते रहे हैं, मगर अब सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें।

#### उकसाने पर मुसलमान लामबंद हो रहा

उन्होंने कहा कि इस 10 साल के लंबे अरसे में सपाऔर नाम नीहाद सैकूलर पार्टियों के कहने और उकसाने पर मुसलमान भाजपा के लिए लामबंद होता रहा है, जिसका सीधा फायदा सपा को मिलता रहा, और वही दूसरी तरफ मुसलमान हाशिए पर चला गया। सारा नुकसान मुसलमानों को उठाना पड़ रहा है। अब मुसलमानों को भी नजरिए में बदलाव लाना होगा।

#### सपा ने मुसलमानों को उकसाया और भड़काया

मौलाना ने कहा कि नाम निहाद सैकुलर पार्टियां और खास तौर पर सपा के नेताओं ने भोले भाले और सीधे साधे मुसलमानों को उकसाया और भड़काया। किसी मुसलमान ने बेटे- बेटी की शादी में भाजपा के मंत्री या विधायक को बुला लिया, तो सपा के लोग तूफाने बदतमीजी कर देते हैं।

## वंदे मातरम विवाद पर मंत्री कुमारस्वामी का सोनिया पर हमला

घटना का भी किया जिक्र और बोले उनसे क्या उम्मीद करें?

# भारतीयता पर उठाए सवाल, आज भी उनकी नसों में 'इटली का खून' बह रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी ने 'वंदे मातरम' विवाद को लेकर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने 17 अगस्त को मीडिया से बातचीत में सोनिया की भारतीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी नसों में 'इटली का खून' बहता है। कुमारस्वामी ने कांग्रेस के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' के पूरे संस्करण के दौरान कथित तौर पर हुए घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि सोनिया से इससे ज्यादा उम्मीद भी क्या की जा सकती है? सोनिया मूल रूप से भारत की नहीं हैं और शादी के बाद भारत आई थीं।



#### कार्यक्रम में क्या इशारा किया, जनता ने देखा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' को लेकर जो कुछ हुआ, उस पर अब अलग-अलग तरह की सफाई दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान किए गए इशारों को लेकर यह कहा जा रहा है कि वे सिर्फ कुर्सी लगाने के लिए किए गए थे। कुमारस्वामी ने कहा कि जनता खुद तय करेगी कि इन दावों में क्या सही है और क्या गलत?

### विवाद पर बोले खरगे

#### बापू, नेहरू और पटेल पर केस करें, क्या नया कानून भूले

स्वतंत्रता दिवस समारोह में 'वंदे मातरम' के गायन को लेकर अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने रुख पर कायम रहते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रगीत का वही संस्करण गाया है जिसे महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल ने भी गाया था।खरगे ने विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि उस संस्करण को गाना अपराध है तो सरकार दिवंगत नेताओं के खिलाफ भी केस करे।

### हरिप्रसाद बोले

#### फांसी पर चढ़ा दो या जेल भेज दो, इतना ही गाऊंगा

वंदे मातरम का पूरे छंद गाए जाने को लेकर जारी सियासी हंगामे की बीच कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष बीके हरिप्रसाद ने कहा कि मैं यह कहना चाहता हूं कि मुझे फांसी पर चढ़ा दो या जेल भेज दो मैं वंदे मातरम का दो ही छंद गाऊंगा। कर्नाटक में दो ही छंद गया जाता है। वंदे मातरम पूरा नहीं गाए जाने को लेकर भाजपा आक्रामक है और कांग्रेस को दो अलग-अलग इवेंट्स को लेकर घेर रही है।

# ओडिशा में बाढ़: 10 लाख से ज्यादा प्रभावित, असम में 7 लाख लोगों ने छोड़ा घर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में इस वक्त सबसे अधिक बाढ़ से प्रभावित राज्यों में ओडिशा भी शामिल है। इस राज्य में करीब 10 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और कई गांव के गांव पानी में डूब चुके हैं। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने हाल ही में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा भी किया था, जिसके बाद मंगलवार को उन्होंने प्रभावित इलाकों के लिए राहत पैकेज की घोषणा की। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 1,000 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की है। यह राहत पैकेज विशेष तौर पर 6 जिलों के लिए किया गया है जो बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने बालासोर, भद्रक, जाजपुर, मयूरभंज, क्योंझर और केंद्रपाड़ा जिलों में बाढ़ की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करने के बाद यह पैकेज घोषित किया। राज्य में बाढ़ से अब तक लगभग 9.40 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। सीएम ने इस पैकेज का ऐलान करते हुए कहा कि इस राहत राशि का इस्तेमाल प्रभावित जिलों में नुकसान की भरपाई के लिए किया जाएगा।

## देश के कई हिस्सों में बाढ़ और बारिश से जमकर बरस रहा कहर

ओडिशा

6 जिलों के लिए ओडिशा सरकार ने दिया 1000 करोड़ का राहत पैकेज

बालासोर, भद्रक, जाजपुर, मयूरभंज, क्योंझर और केंद्रपाड़ा को राहत

### असम में लाखों विस्थापित, 103 की मौत, 433 गांव जलमग्न

असम में बाढ़ हर साल आती है, लेकिन इस बार ऊपरी असम के शिवसागर और चराइदेव में हालात बेहद गंभीर रहे। 19 जुलाई से 27-28 जुलाई के बीच बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान अब तक 103 लोगों की मौत हो चुकी है। 433 गांव जलमग्न हैं और सात लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। बाढ़ का पानी घटने के बावजूद राज्य के कई इलाकों में तबाही के निशान अब भी साफ दिखाई दे रहे हैं। 19 जुलाई को नगालैंड के मोन जिले की पहाड़ियों में हुई तेज बारिश के बाद नीचे बहने वाली दिखौ नदी में अचानक पानी बढ़ गया। इसके बाद बाढ़ का पानी कई गांवों में घुस गया। शिवसागर और चराइदेव के अलावा गोलाघाट समेत कई इलाकों में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अब भी करीब 49 हजार विस्थापित लोग राहत शिविरों और वितरण केंद्रों में रहने को मजबूर हैं।

असम

### पीपलकोटी टनल हादसा: रेस्क्यू पूरा, 10 श्रमिकों की मौत

चमोली जिले के पीपलकोटी में टीएचडीसी की निर्माणाधीन टनल में 13 अगस्त को हुए हादसे के बाद छह दिनों से जारी सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन मंगलवार को समाप्त हो गया। अभियान के अंतिम दिन दो और श्रमिकों के शव बरामद किए गए, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। इस हादसे में 12 श्रमिक घायल हुए थे, जिनमें से दो को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।प्रशासन ने पुष्टि की है कि अब टनल के भीतर कोई श्रमिक लापता नहीं है। किसी अन्य व्यक्ति के गुमशुदा होने की कोई सूचना भी प्राप्त नहीं हुई है। इसके साथ ही टनल में चलाया जा रहा सर्च एवं रेस्क्यू अभियान आधिकारिक तौर पर समाप्त कर दिया गया है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के स्तर पर मजिस्ट्रेट जांच कराई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### इमरान को अस्पताल भेजने का दिया आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सेहत को लेकर चिंता के बीच उन्हें अस्पताल ले जाने का आदेश दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनकी सेहत की जांच के लिए इस्लामाबाद के शिफा इंटरनेशनल हॉस्पिटल भेजने के आदेश दिए गए हैं।

### ईरान के निशाने पर यूएई दागी दो बैलिस्टिक मिसाइलें

**दुबई।** यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि देश की एयर डिफेंस ने ईरान से यूएई की ओर दागी गई दो बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाया। मंत्रालय के अनुसार, पहली मिसाइल देश के क्षेत्रीय जल से बाहर गिरी, जबकि दूसरी क्षेत्रीय जल में जा गिरी। मंत्रालय ने कहा कि यूएई हाई अलर्ट पर है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की ओर मिसाइल खतरे को लेकर जारी अलर्ट के बाद देश के रक्षा मंत्रालय ने बड़ा दावा किया है।

## जय स्वदेशी : देश में बनेंगे फाइटर जेट-टैंक और मिसाइल सिस्टम के उपकरण

# सरकार ने 405 उपकरणों की सूची जारी की,3000 करोड़ का हो सकेगा कारोबार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सरकार हथियारों-मिसाइलों और टैंक के ज्यादातर पार्ट्स भारत में ही बनाना चाहती है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को 405 स्ट्रैटेजिक आइटम्स की छठी लिस्ट जारी की। इनमें अलग-अलग मशीनों के हिस्से, स्पेयर पार्ट्स, कंपोनेंट, सब-सिस्टम और रॉ मटेरियल शामिल है। हेलिकॉप्टर और लड़ाकू विमान से जुड़े सामान, टैंक और बख्तरबंद गाड़ियों के सामान, रडार, सोनार और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और टैंक रोधी गोला-बारूद भी शामिल हैं। अगर ये सामान देश की कंपनियां ही बनाती हैं तो कुल 3,070 करोड़ रुपए का कारोबार हो सकता है।

इसका मकसद डिफेंस सेक्टर में आयात घटाना और आत्मनिर्भरता को बढ़ानाा है। रक्षा मंत्रालय के तहत जारी लिस्ट में हर प्रोडक्ट के भारतीयकरण के लिए तय समय दिया गया है। इस काम में उद्योग, खासकर एमएसएमई की भागीदारी होगी। मंत्रालय ने कहा कि इससे आयात पर निर्भरता घटाने में भी मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इससे भारतीय उद्योगों के पास अवसर बढ़ेंगे। घरेलू प्रोडक्शन सिस्टम मजबूत होगा। इसके अलावा इन्वेस्टमेंट और इनीशिएटिव को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है।

*भारतीय उद्यमियों से खरीदे जाएंगे पार्ट्स और जरूरी सामान भी*

*जून-26 तक 33,000 से ज्यादा प्रोडक्ट्स भारतीय उद्योगों के सामने रखे गए*

*मार्च-26 तक घरेलू विक्रेताओं को करीब 10,000 करोड़ रुपए के खरीद ऑर्डर दिए*

### अधिसूचित 5,012 वस्तुएं शामिल

टी-20 भीष्म टैंक — फाइल फोटो

रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) ने अगस्त, 2020 में सृजन रक्षा पोर्टल लॉन्च किया। यह एक समर्पित मंच है, जिसके माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम और सेवा मुख्यालय (एसएचक्यू) स्वदेशी विकास और उत्पादन के लिए लघु एवं मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स सहित उद्योग को रक्षा सामग्री उपलब्ध कराते हैं। अपनी शुरुआत के बाद से ही इस पोर्टल ने जून, 2026 तक रक्षा उपक्रमों और एसएचक्यू द्वारा स्वदेशीकरण के लिए 33,000 से अधिक रक्षा सामग्री उपलब्ध कराने में सुविधा प्रदान की है। इनमें पहली पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों के तहत अधिसूचित 5,012 वस्तुएं शामिल हैं।

### समय सीमा भी तय

प्रत्येक वस्तु के स्वदेशीकरण के लिए एक सांकेतिक समयसीमा दी गई है। स्वदेशीकरण सफल होने पर इन वस्तुओं की खरीद भारतीय रक्षा उद्योग से की जाएगी। डीपीएसयू और आईसीजी उद्योग विशेष रूप से एमएसएमई की भागीदारी के साथ अपनी 'निर्माण' प्रक्रिया और आंतरिक विकास सहित विभिन्न माध्यमों से स्वदेशीकरण का कार्य करेंगे।

### पिछले 5 साल में 15,700 से ज्यादा उपकरण भारत में बने

अगस्त 2020 में सृजन डिफेंस पोर्टल शुरू किया था। यह ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां डीपीएसयू और सर्विस हेडक्वार्टर डिफेंस प्रोडक्ट्स को देश में डेवलप करने और बनाने के लिए उद्योग, एमएसएमई और स्टार्ट-अप्स के सामने रखते हैं। मंत्रालय के मुताबिक, पोर्टल शुरू होने के बाद से जून 2026 तक 33,000 से ज्यादा प्रोडक्ट्स भारतीय उद्योगों के सामने रखे जा चुके हैं। पिछले 5 साल में 15,700 से ज्यादा प्रोडक्ट्स का भारतीयकरण किया जा चुका है इससे करीब 9,000 करोड़ रुपए के आयात की जगह घरेलू उत्पादन होने का अनुमान है। मंत्रालय के मुताबिक मार्च 2026 तक घरेलू विक्रेताओं को करीब 10,000 करोड़ रुपए के खरीद ऑर्डर दिए हैं। इसमें इन-हाउस प्रोडक्शन से जुड़े ऑर्डर भी शामिल हैं।

## भारत की चुनावी प्रणाली के मुरीद हुए ट्रंप

# अब कांग्रेस बोली- ईवीएम के साथ ज्ञानेशजी को भी ले जाएं अमेरिका

*ट्रंप ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ हुई बातचीत का जिक्र किया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय चुनाव प्रणाली की तारीफ किए जाने के बाद कांग्रेस ने उन पर तंज कसा है। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने ट्रंप को संबोधित करते हुए कहा कि वह मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अमेरिका ले जाएं और वहीं रखें। उन्होंने यह भी तंज किया कि भारत अपनी ईवीएम भी अगली उपलब्ध फ्लाइट से भेज देगा। पवन खेड़ा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा प्रिय डोनाल्ड ट्रंप, कृपया ज्ञानेश कुमार गुप्ता को अमेरिका ले जाइए और उन्हें वहीं रखिए। हम अपनी ईवीएम भी अगली उपलब्ध उड़ान से भेज देंगे। बता दें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर भारतीय चुनाव व्यवस्था का उदाहरण देते हुए अमेरिकी चुनाव प्रणाली में कड़े नियमों की वकालत की। ट्रंप ने कहा कि भारत के हालिया आम चुनाव में करीब 64.6 करोड़ लोगों ने मतदान किया, जबकि एक प्रतिशत से भी कम लोगों ने डाक मतपत्र के जरिए वोट डाला। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में हर मतदाता के पास वैध फोटो पहचान पत्र होना जरूरी था। ट्रंप के मुताबिक, भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस महीने की शुरुआत में उनके प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत के दौरान सवाल किया था।

### सेव अमेरिका एक्ट की मांग दोहराई

ट्रंप ने अमेरिकी चुनावों में नागरिकता और मतदाता पहचान से जुड़े नियमों को मजबूत करने के लिए सेव अमेरिका एक्ट (सेव अमेरिका एक्ट) पारित करने की मांग दोहराई है। इस प्रस्तावित कानून के तहत मतदाता के तौर पर पंजीकरण के समय अमेरिकी नागरिकता का प्रमाण देना जरूरी करने, देशभर में वोटर आईडी की अनिवार्यता लागू करने और डाक से मतदान को सीमित करने जैसे प्रावधान शामिल हैं। ट्रंप का कहना है कि ऐसे कदम चुनावी धोखाधड़ी पर रोक लगाने में मदद करेंगे।

सरकारी आंकड़ों से हुआ खुलासा

# जम्मू-कश्मीर में 7,656 रोहिंग्या और 504 बांग्लादेशियों की पहचान

*रोहिंग्या 2012 और17 के दौरान हैदराबाद के रास्ते जम्मू पहुंचे थे*

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर सरकार ने राज्य में जनसांख्यिकी बदलाव की जांच कर रही नावलेकर समिति के समक्ष चौंकाने वाले आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्रदेश के सभी 20 जिलों में कुल 7,656 रोहिंग्या और 504 बांग्लादेशी नागरिक निवास कर रहे हैं। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि रोहिंग्या आबादी का बड़ा हिस्सा जम्मू संभाग में केंद्रित है। जम्मू के 10 जिलों में 6,737 रोहिंग्या और 46 बांग्लादेशी रह रहे हैं, जबकि कश्मीर संभाग के 10 जिलों में 919 रोहिंग्या और 458 बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की गई है। अधिकारियों ने समिति को बताया कि म्यांमार से आए अधिकांश रोहिंग्या वर्ष 2012 और 2017 के दौरान हैदराबाद के रास्ते जम्मू पहुंचे थे। हालांकि पिछले दो वर्षों में इनकी बस्तियों में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट इनकी मौजूदगी सुरक्षा एजेंसियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। सुरक्षा के लिहाज से स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। अकेले जम्मू में रोहिंग्या नागरिकों से जुड़े 101 मामले दर्ज हैं, जिनमें 179 पुरुष और 21 महिलाएं शामिल हैं। वहीं कश्मीर घाटी में 16 मामले दर्ज किए गए हैं। जांच एजेंसियों ने इनके संगठित अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी और मानव तस्करी में संलिप्त होने की आशंका जताई है। इसके अलावा, कुछ रोहिंग्या महिलाओं को जम्मू से लाकर स्थानीय पुरुषों से शादी कराने और उनके यौन शोषण के मामले भी उजागर हुए हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 26 मई को नावलेकर समिति का गठन किया था। इस समिति को घुसपैठ और उससे हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का गहराई से अध्ययन कर रिपोर्ट सौंपनी है।

फाइल फोटो

## होर्मुज में जहाज पर हुआ हमला

# इंजन रूम क्षतिग्रस्त, चालक दल का एक सदस्य हताहत

एजेंसी ▶▶ दुबई

होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर निकल रहे एक जहाज को मंगलवार तड़के अज्ञात प्रोजेक्टाइल ने निशाना बनाया। ब्रिटिश सेना के यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) केंद्र के अनुसार, हमले में जहाज के इंजन रूम को नुकसान पहुंचा और चालक दल का एक सदस्य हताहत हुआ। हमले की तत्काल किसी संगठन या देश ने जिम्मेदारी नहीं ली है। घटना ने एक बार फिर इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से जहाजों की आवाजाही को लेकर सुरक्षा चिंताएं बढ़ा दी हैं। यूकेएमटीओ ने जहाज या उसके माल से जुड़ी कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। यह भी तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका कि चालक दल का सदस्य हमले में मारा गया है या घायल हुआ है। एजेंसी ने बताया कि ओमान का तटरक्षक बल जहाज के अन्य चालक दल के सदस्यों की मदद कर रहा है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, अब तक इस घटना के कारण समुद्र में किसी तरह के पर्यावरणीय नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

## लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष के 21 ठिकानों पर छापे

# वेटनरी ऑफिसर के लिए 70 से 80 लाख रुपए प्रति उम्मीदवार मांगी गई थी रिश्वत

*घर समेत 21 ठिकानों पर ईडी ने खंगाले दस्तावेज*

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के निलंबित किए गए चेयरमैन शिवशंकरप्पा एस साहूकार, सदस्य शांता होसमनी और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई वेटनरी ऑफिसर भर्ती परीक्षा में कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई। यह जानकारी एक अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य और गुजरात में लगभग 21 जगहों की तलाशी ली जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई तब शुरू की गई जब केंद्रीय जांच एजेंसी ने इन कथित अनियमितताओं के संबंध में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया। आरोप है कि कुछ बिचौलियों ने शिकायतकर्ता समेत उम्मीदवारों को फोन किया। इसके साथ ही चयन के लिए 70 से 80 लाख रुपए(प्रति उम्मीदवार) की रिश्वत मांगी। अधिकारियों ने बताया कि मामले के शिकायतकर्ता ने पुलिस को इन बिचौलियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग सौंपी है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, ईडी की जांच में पेपर लीक, ओएमआर आंसर शीट के साथ छेड़छाड़ और केपीएससी अधिकारियों के रिश्तेदारों के अंतिम चयन में मदद करने के आरोपों की भी जांच की जा रही है। जुलाई में, कर्नाटक के गवर्नर थावरचंद गहलोत ने साहूकार को उनकी दो बेटियों के इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन ऑफिसर के तौर पर अवैध चयन में मदद करने के आरोप में सस्पेंड कर दिया था।

## 260 दिनों से शिप पर तैनात अमेरिकी सैनिक समुद्र में लगा रहे छलांग!

# 7 मौतों के दावों को राष्ट्रपति ट्रंप समेत सेंटकॉम ने किया खारिज

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन को लेकर पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया और विभिन्न रिपोर्ट्स में चौंकाने वाले दावे किए जा रहे थे। इन रिपोर्ट्स में जहाज पर तैनात सैनिकों के मानसिक स्वास्थ्य के बिगड़ने, कुछ नाविकों द्वारा समुद्र में कूदने की कोशिश करने और 7 अमेरिकी सैनिकों की मौत होने की बात कही गई थी।

हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रंप एवं अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने इन तमाम दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। सेंटकॉम ने स्पष्ट किया है कि अब्राहम लिंकन पर किसी भी सर्विस मेंबर की मौत नहीं हुई है और 7 मौतों की खबर पूरी तरह से भ्रामक है। घटना की असल सच्चाई बताते हुए सेंटकॉम ने जानकारी दी कि बीते 3 अगस्त को एक नाविक अनजाने में समुद्र में गिर गया था। हालांकि, सतर्कता बरतते हुए उसे तुरंत सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, नाविक को प्राथमिक उपचार देने के बाद आगे की बेहतर चिकित्सा देखभाल के लिए जहाज से बाहर भेजा गया है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि इसी एक नाविक के समुद्र में गिरने की अकेली घटना को गलत तरीके से जोड़कर 7 मौतों का झूठा दावा फैलाया गया।

*विवाद के बीच क्रू को राहत देने की हो रही तैयारी*

*यूएसएस जॉर्ज वॉशिंगटन लेगा अब्राहम लिंकन की जगह*

### भीतर खाने से अमेरिका कर रहा मामले की जांच

फाइल फोटो

इस पूरे विवाद के केंद्र में एयरक्राफ्ट कैरियर की असाधारण रूप से लंबी तैनाती है। यूएसएस अब्राहम लिंकन नवंबर 2025 से लगातार समुद्र में तैनात है और अपने 260 से अधिक दिन पूरे कर चुका है। इस जहाज पर लगभग 5,000 नौसैनिक और मरीन सवार हैं। इतनी लंबी अवधि तक समुद्र में रहने के कारण सैनिकों के परिवारों और कुछ अमेरिकी सांसदों ने राशन की कमी, बुनियादी सुविधाओं के अभाव और क्रू के घटते मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंताएं जताई हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी स्थिति पर सफाई देते हुए कहा कि जहाज के हालात से जुड़ी रिपोर्ट्स को बढ़ा-चढ़ाकर और गलत तरीके से पेश किया गया है। नौसेना पर उठते सवालों और सैनिकों के मानसिक तनाव को देखते हुए अब बड़ा कदम उठाया जा रहा है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, लंबे समय से तैनात इस क्रू को राहत देने के लिए यूएसएस जॉर्ज वॉशिंगटन को अब्राहम लिंकन की जगह भेजने की तैयारी कर ली गई है।

## नाटो के रूप में देखा जा रहा संगठन

# भारत के साथ रणनीतिक संबंधों और क्षेत्रीय संतुलन के कारण मक्का पैक्ट से दूर है मिस्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तुर्की, पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हाल ही में हुए मक्का पैक्ट को इस्लामिक नाटो के रूप में देखा जा रहा है। तुर्की द्वारा मिस्र को इसमें शामिल करने की इच्छा जताने के बावजूद मिस्र ने फिलहाल इस रक्षा गठबंधन से दूरी बनाई हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले के पीछे भारत के साथ काहिरा के मजबूत रणनीतिक और आर्थिक रिश्ते एक बड़ा कारण हैं। भारत और मिस्र के बीच द्विपक्षीय व्यापार 6.5 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है और मिस्र में भारतीय कंपनियों का निवेश 5.5 अरब डॉलर से अधिक है। 2023 में दोनों देशों ने अपने रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया था। पाकिस्तान की भारत-विरोधी प्राथमिकताओं वाले गठबंधन में शामिल होने से काहिरा और नई दिल्ली के दशकों पुराने गुटनिरपेक्ष और रक्षा संबंधों पर नकारात्मक संदेश जा सकता है।

एआई इमेज

सिनसिनाटी ओपन

# ज्वेरेव और जोडर ने चौथे राउंड में बनाई जगह

## अलेक्जेंडर ने 2 घंटे 9 मिनट में सीधे सेटों में की जीत पक्की

एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने सिनसिनाटी ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। ज्वेरेव ने टेरेंस अतमाने को 7-6 (4), 7-6 (8) से हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई।

जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 6/4 पर दो मैच पॉइंट बनाए। अतमाने ने पहला ऐस आउट वाइड से मिटा दिया, और ज्वेरेव ने दूसरे पर डबल फॉल्ट करके टाई-ब्रेक को 6/6 पर बराबर कर दिया। 29 साल के ज्वेरेव ने खुद को संभाला, अगले दो पॉइंट लेकर दो घंटे और नौ मिनट में सीधे सेटों में जीत पक्की कर ली।

### 19 साल के जोडार पहुंचे अंतिम सोलह में

इस बीच, 19 साल के राफेल जोडार ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में एलेजांद्रो टैबिलो को 6-2, 6-1 से हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई, और अपने शानदार 2026 सीजन को जारी रखा। जोडार इस दशक में सिनसिनाटी में राउंड ऑफ 16 तक पहुंचने वाले कार्लोस अल्काराज और बेन शेल्टन के साथ शामिल हो गए। स्पेन के जोडर का अगला मुकाबला वर्ल्ड नंबर 10 फ्लेवियो कोबोली से होगा। कोबोली ने अलेक्जेंडर ब्लॉक्स को 7-5, 4-6, 7-5 से हराया था। इटैलियन कोबोली ने फाइनल सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद लगातार चार गेम जीते और अपने करियर में चौथी बार मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे राउंड में पहुंचे। जोडर को हाल ही में कैनेडियन ओपन में सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

# स्वियातेक ने मारिया को दी शिकस्त

मेसन। इस बीच मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मारिया सकारी को 4-6, 6-1, 6-1 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेना रायबाकिना ने मैग्डेलेना फ्रेच को 6-4, 7-6 से जबकि जेसिका पेगुला ने अपनी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी एम्मा नवारो को 7-5, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने टेरेंस एटमैन को 7-6 (4), 7-6 (6) से हराकर इस सत्र में एटीपी टूर पर अपना 46वां मैच जीता।

### सेरेना-वीनस विलियम्स को मिली हार

सेरेना और वीनस विलियम्स ने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद अपना पहला युगल मैच एक साथ खेला लेकिन उन्हें सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विलियम्स बहनों ने वापसी पर अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन आखिर में वे मार्टा कोस्त्युक और पेटन स्टर्न्स से 2-6, 6-1 (10-8) से एक रोमांचक मुकाबले में हार गईं। दोनों बहनें मैच के टाईब्रेकर में 6-0 से पिछड़ने के बाद लगभग वापसी करने ही वाली थीं, लेकिन वीनस विलियम्स के एक डबल-फॉल्ट ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

पहला टेस्ट

भारत की दूसरी पारी 193 रन पर सिमटी, श्रीलंकाई टीम जीत से 288 रन दूर

# जीत से छह विकेट दूर टीम इंडिया श्रीलंका के सामने पहाड़ जैसा टारगेट

एजेंसी ▶▶| गाले

भारतीय टीम गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में जारी पहले टेस्ट मैच में जीत की दहलीज पर है। मुकाबले के चौथे दिन जीत के लिए 372 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम दिन की समाप्ति तक दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी है। यहां से भारत को जीत के लिए 6 विकेट की दरकार है, जबकि श्रीलंकाई टीम जीत से 288 रन दूर है।

### भारतीय टीम ने पहली पारी में बनाए थे 462 रन

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने पहली पारी में 462 रन बनाए। इस पारी में देवदत्त पड्डिकल और केएल राहुल के बीच दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी हुई। केएल राहुल 11 बाउंड्री के साथ 82 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पड्डिकल ने 16 बाउंड्री के साथ 167 रन की पारी खेली। इनके अलावा, ध्रुव जुरेल 51 रन बनाकर आउट हुए। मेजबान टीम से प्रभात जयसूर्या ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि केशरा नुवानथा ने 3 विकेट निकाले। असिथा फर्नांडो को 2 विकेट हाथ लगे।

### श्रीलंकाई टीम चौथे दिन 84/4 का स्कोर बना सकी

*इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम चौथे दिन के खेल तक 84/4 का स्कोर ही बना सकी। श्रीलंका को 13 के स्कोर पर निशान मदुष्का (6) के रूप में पहला झटका लगा। टीम के खाते में सिर्फ 1 ही रन जुड़ा था कि पसिंदु सूरियाबंदारा (0) भी अपना विकेट गंवा बैठे। टीम ने 21 के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट भी खो दिया। यहां से कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने लाहिरू उदारा के साथ चौथे विकेट के लिए 26 रन जोड़े और फिर सोनल दिनुशा के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की अटूट साझेदारी की। फिलहाल धनंजय 31 रन और सोनल दिनुशा 25 रन बनाकर नाबाद हैं। इस पारी में भारत की तरफ से मानव सुथार सर्वाधिक 2 विकेट हासिल कर चुके हैं, जबकि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 1-1 विकेट झटका है।*

### पंत ने टेस्ट में रचा इतिहास, सबसे तेज 100 छक्कों का बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने 51वें टेस्ट मैच की 89वीं पारी में 100 टेस्ट छक्कों का मुकाम हासिल कर लिया है। वह ऐसा करने वाले भारत के पहले बल्लेबाज बने हैं। वहीं उन्होंने टेस्ट में सबसे तेज (सबसे कम पारियों में) 100 छक्के भी जड़े हैं। इस मामले में पंत ने बेन स्टोक्स, एडम गिलक्रिस्ट और ब्रेंडन मैकुलम को पीछे छोड़ा है। ऋषभ पंत ने गॉल टेस्ट में दूसरी पारी में 53 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने छक्का लगाकर पचासा जड़ा। यह छक्का उनके करियर का ऐतिहासिक छक्का था। वह दुनिया के सिर्फ चौथे ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टेस्ट में 100 छक्कों का मुकाम हासिल किया है। उनसे पहले कोई भी भारतीय ऐसा नहीं कर पाया था।

**टेस्ट में तेज 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज**

| खिलाड़ी | पारी |
|---|---|
| ऋषभ पंत | 89* |
| गिलक्रिस्ट | 130 |
| बेन स्टोक्स | 151 |
| ब्रेंडन मैकुलम | 170 |

### पडिक्कल ने की बड़ी उपलब्धि हासिल

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मुकाबले में टीम इंडिया की तरफ से बल्ले से नंबर-3 की पोजीशन पर खेलने पर बाएं हाथ के खिलाड़ी देवदत्त पडिक्कल का कमाल देखने को मिला, जिन्होंने पहली पारी में जहां 167 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली तो वहीं दूसरी पारी में 44 रन बनाने में कामयाब रहे, जिसके दम पर पडिक्कल ने इस मुकाबले में कुल 211 रन बनाए। इसी के साथ पडिक्कल ने एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल कर ली है, जिसमें वह विदेशी सरजमीं पर भारत की तरफ से नंबर-3 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करते हुए किसी टेस्ट मुकाबले में 200 या उससे अधिक रन बनाने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीत के साथ उन्नति का डेब्यू

## उन्नति का म्यांमार की थुज़ार के खिलाफ दमदार प्रदर्शन, सीधे गेम में दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में डेब्यू करने वाली भारत की स्टार शटलर उन्नति हुड्डा ने भी कमाल का प्रदर्शन किया है। पीवी सिंधु और आयुष शेट्टी के बाद उन्नति हुड्डा ने पहले मैच में म्यांमार की थेट हतार थुज़ार के खिलाफ दमदार प्रदर्शन से सीधे गेम में 22-20, 21-16 से जीत दर्ज की। उन्नति अब अगले राउंड में कनाडा की मिशेल ली का सामना करेंगी, जिन्होंने चाइनीज ताइपेई की पी शुई को 22-20, 21-12 से हराया।

### म्यांमार की खिलाड़ी को टिकने नहीं दिया

हरियाणा के रोहतक से आने वाली उन्नति ने म्यांमार की खिलाड़ी को अपने सामने कोर्ट पर टिकने नहीं दिया। उन्नति को पहले गेम में म्यांमार की खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी और मुकाबला अंत तक गया, जिसमें उन्नति ने 22-20 से जीत दर्ज की। इसके बाद लेकिन दूसरे गेम में उन्नति ने अपने गियर बदले और ताबड़तोड़ स्मैश व क्रॉस शॉट से विरोधी खिलाड़ी को काफी पीछे छोड़ दिया। उन्नति ने 11-1 से लीड लेने के बाद दूसरे गेम को 21-16 से अपने नाम करने के साथ दूसरे राउंड में जगह बना ली।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड पर वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का कब्जा

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने जुलाई महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीतने वाले पुरुष और महिला दोनों खिलाड़ियों के नामों का ऐलान 18 अगस्त को कर दिया है।

इस बार ये दोनों ही अवॉर्ड वेस्टइंडीज के खिलाड़ी अपने नाम करने में कामयाब हुए हैं, जिसमें पुरुष में ऑलराउंडर खिलाड़ी जस्टिन ग्रीव्स को मिला है जिनका बल्ले और गेंद दोनों से जुलाई महीने में बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला था तो वहीं महिला में अनुभवी खिलाड़ी हेली मैथ्यूज इस अवॉर्ड को जीतने में कामयाब हो सकी हैं। मैथ्यूज अपने क्रिकेटिंग करियर में पांचवीं बार यह अवॉर्ड जीतने में कामयाब हो सकी हैं।

### हेली ने जीता पांचवीं बार अवॉर्ड

जुलाई महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का महिलाओं में अवॉर्ड जीतने वाली हेली मैथ्यूज ने पांचवीं बार इसे जीतने में कामयाबी हासिल की है। मैथ्यूज ने जुलाई महीने में आयरलैंड के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में बल्ले से कमाल दिखाते हुए कुल 265 रन बनाए थे, जिसमें उनके बल्ले से शुरुआती दो वनडे मुकाबलों में शतकीय पारी देखने को मिली थी। इसके अलावा गेंदबाजी में उन्होंने पहले मुकाबले में 52 रन देकर तीन विकेट हासिल किए थे।

# बार्सिलोना के लिए खेलेंगे स्पेन के कप्तान रोड्रि

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

स्पेन के विश्व कप विजेता कप्तान रोड्रि मैनचेस्टर सिटी से अपना स्थानांतरण पूरा करने के लिए बार्सिलोना पहुंचे और उन्होंने कहा कि इस दिग्गज फुटबॉल क्लब की तरफ से खेलना सपना सच होने जैसा है।

रोड्रि का अभी मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद इस समझौते पर अंतिम मुहर लगेगी, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि बार्सिलोना ने 76.5 मिलियन यूरो (88.5 मिलियन डॉलर) के सौदे पर सहमति जताई है। इस लेन-देन की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने इसकी पुष्टि की। रोड्रि ने कहा, 'यहां आकर बहुत खुशी हो रही है। कुछ दिन काफी तनावपूर्ण रहे, लेकिन मुझे खुशी है कि सब कुछ सही हो गया है।' उन्होंने कहा, 'बार्सिलोना की तरफ से खेलना मेरा सपना था। मैं अब अपने साथियों के साथ जुड़ने को लेकर काफी उत्साहित हूं, जिनमें से मैं पहले ही कई को जानता हूं। अब अपना ध्यान काम पर लगाने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का समय है।'

क्रिकेट

# ऑस्ट्रेलिया ने फ्लॉप ओपनर को किया बाहर, रेनशॉ की वापसी



एजेंसी ▶▶| मैकाय

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश से पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में मिली चौंकाने वाली हार के बाद दो मैचों की श्रृंखला को बराबर करने के प्रयास में अपने शीर्ष क्रम में एक बदलाव करते हुए सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड को बाहर करके उनकी जगह मैट रेनशॉ को फिर से टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए मंगलवार को 13 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

### रेनशॉ ने 2016 में टेस्ट क्रिकेट में किया था पदार्पण

रेनशॉ ने 2016 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और 2018 में टीम से बाहर किए जाने से पहले 11 टेस्ट मैच खेले। उन्हें 2023 में तीन टेस्ट मैचों के लिए वापस बुलाया गया, लेकिन तब से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए केवल छोटे प्रारुपों में ही खेला है। 14 टेस्ट मैचों में उनका औसत 29.31 है और उन्होंने एक शतक लगाया है। उन्होंने अपने पिछले 10 टेस्ट मैचों में से केवल एक ही ऑस्ट्रेलियाई धरती पर खेला है।

टेबल टेनिस चैंपियनशिप

# सेमीफाइनल में आरिव-राजदीप

**कानपुर।** पश्चिम बंगाल के आरिव दत्ता और राजदीप बिस्वास ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लड़कों के अंडर-13 वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आरिव ने तमिलनाडु के एच. तनिष को 11-6, 15-13, 11-7 से जबकि राजदीप ने महाराष्ट्र के अधिराज चौहान को 11-4, 11-6, 13-11 से हराया। लड़कों के क्वार्टरफाइनल में सबसे रोमांचक मुकाबला दिल्ली के अरुणिम अग्रवाल और पश्चिम बंगाल के देबांशु चक्रवर्ती के बीच देखने को मिला। अरुणिम ने पांच गेम तक चले इस मैच में 5-11, 13-11, 11-3, 9-11, 11-9 से जीत हासिल की।

एफआईएच विश्व कप : दूसरे दौर में प्रवेश के लिए भारत और पाक में अहम

# पाक के खिलाफ जीत नहीं तो ड्रॉ जरूरी, अग्निपरीक्षा आज

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

पिछले एक दशक से पाकिस्तान से नहीं हारी भारतीय टीम को एफआईएच विश्व कप के दूसरे दौर में प्रवेश के लिए अपने डिफेंस को दुरुस्त करते हुए बुधवार को होने वाले मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी को हराना होगा या कम से कम ड्रॉ खेलना होगा। पहले मैच में वेल्स को 3-1 से हराने के बाद दुनिया की तीसरे नंबर की टीम इंग्लैंड के खिलाफ भारत को डिफेंस की गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा।

### पाकिस्तान अगर हारता है तो हो जाएगा बाहर

पाकिस्तान अगर हारता है तो बाहर हो जाएगा जबकि वेल्स को अगले दौर में जाने के लिए इंग्लैंड को काफी बड़े अंतर से हराना होगा क्योंकि भारत का गोल औसत उससे बेहतर है। अगर भारत दूसरे दौर में जाता है तो इस पूल से उसके कोई अंक आगे नहीं जाएंगे जबकि भारत को हराने के कारण इंग्लैंड तीन अंक लेकर जाएगा। आठ बार की ओलंपिक चैंपियन भारत और चार बार की विश्व कप विजेता पाकिस्तान के बीच भले ही मैदानी प्रतिद्वंद्विता का गौरवशाली इतिहास रहा हो लेकिन एशियाई दिग्गजों के बीच पिछले लगभग सभी मुकाबले बेमेल रहने से वह रोमांच खत्म हो गया है।

### भारत का पलड़ा भारी

मौजूदा फॉर्म को देखते हुए भारत का पलड़ा भारी लग रहा है लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मैच सिर्फ कौशल का नहीं होता, खिलाड़ियों को जज्बात पर काबू रखकर भी खेलना होगा। भारतीय टीम ने हालांकि विश्व कप से ठीक पहले लंदन में प्रो लीग के यूरोप चरण में पाकिस्तान पर 7-1 और 4-3 से जीत दर्ज की थी। पाकिस्तानी टीम ने आखिरी बाद भारत को 2016 चैंपियंस ट्रॉफी में हराया था। उसके बाद से भारत और पाकिस्तान के प्रदर्शन ग्राफ में जमीन आसमान का अंतर आ गया है। भारतीय टीम लगातार दो ओलंपिक पदक जीत चुकी है जबकि विश्व कप की सबसे सफल टीम रही चार बार की चैंपियन पाकिस्तान टूर्नामेंट में आठ साल बाद लौटी है।

### भारत को गलतियों में सुधार करना होगा

419 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके भारत के सबसे अनुभवी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने हालांकि कहा कि विश्व कप में किसी भी टीम को हलके में नहीं लिया जा सकता और भारत को गलतियों में सुधार करके उतरना होगा। उन्होंने कहा,' पाकिस्तान से मैच अच्छा होगा लेकिन हम उन्हें कमतर नहीं आंक रहे हैं। उनके पास भी अच्छे ड्रैग फ्लिकर हैं लिहाजा हमें उन्हें पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। इसके अलावा अपने लिए मौके बनाने होंगे और उन्हें भुनाना भी होगा।

## 25 अगस्त तक आयोजित होगा विशेष कैंप, 18 शीर्ष निशानेबाजों सहित 36 सदस्यीय दल ले रहा हिस्सा

# शहर में चल रहा एशियन गेम्स 2026 की तैयारियों के लिए भारतीय निशानेबाजी टीम का विशेष तैयारी शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एशियन गेम्स 2026 की तैयारियों को गति देने के उद्देश्य से राजधानी में भारतीय निशानेबाजी टीम का विशेष तैयारी शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 14 से 25 अगस्त तक संचालित होगा। शिविर में देश के शीर्ष निशानेबाजों के साथ विदेशी एवं राष्ट्रीय कोच तथा विशेषज्ञ सपोर्ट स्टाफ सहित कुल 36 सदस्यीय दल भाग ले रहा है।

**18 एथलीट्स में 9 पुरुष, 9 महिला निशानेबाज शामिल**

### 9 पुरुष और 9 महिला निशानेबाज ले रहे हैं हिस्सा

विशेष तैयारी शिविर में कुल 18 एथलीट्स, जिसमें 9 पुरुष और 9 महिला निशानेबाज शामिल हैं। पुरुष वर्ग में पार्थ राकेश माने, हिमांशु ढिल्लो, रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार, केदारलिंग बालकृष्ण उचागवने, कमलजीत, आकाश भारद्वाज और अनीश शामिल हैं। महिला वर्ग में इलावेनिल वालारिवन, सोनम उत्तम मस्कर, विदार्सा के. विनोद, आषी चौकसे, तिलोत्तमा सेन, सुरुचि, ईशा सिंह, मनु भाकर और राही सरनोबत प्रशिक्षण ले रही हैं।

### राइफल और पिस्टल के विशेषज्ञ कोच खिलाड़ियों को दे रहे प्रशिक्षण

कैंप में कोच खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। विदेशी कोच थॉमस फार्निक राइफल और जलेना अरुनोविक पिस्टल की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इसके अलावा समरेश जंग 10 मीटर पिस्टल के हेड कोच, विद्या जाधव 10 मीटर पिस्टल कोच, हरप्रीत सिंह 25 मीटर पिस्टल कोच, डी.एस. चंदेल 10 मीटर राइफल हाई परफॉर्मेंस कोच, पूजा घाटकर 10 मीटर राइफल कोच, मनोज कुमार 50 मीटर राइफल के हेड कोच तथा सतगुरुदास 50 मीटर राइफल कोच के रूप में दल के साथ हैं।

### विशेषज्ञ सपोर्ट स्टाफ भी कैंप का हिस्सा

खिलाड़ियों की फिटनेस, रिकवरी और मानसिक तैयारी पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दल में हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर डॉ. पियरे ब्यूचैंप, हाई परफॉर्मेंस मैनेजर रौनक पंडित, तीन फिजियोथेरेपिस्ट स्नेहिल खुराना, संचिता मुखर्जी और अनुज गुप्ता शामिल हैं। इसके साथ ही विजेंद्र पाल सिंह एवं मयंक सिंह गरिया स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग ट्रेनर तथा शिवम द्विवेदी एवं अक्षिता शेखोन स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

---

## मप्र राज्य जूनियर ब्वॉयज एवं गर्ल्स फाइड रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का समापन

# ब्वॉयज वर्ग में ग्वालियर के शुभ, गर्ल्स में इंदौर की अविका ने मात देकर जीती बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य जूनियर ब्वॉयज एवं गर्ल्स फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का सफल आयोजन सेज इंटरनेशनल स्कूल कोलार में हुआ। प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को हुआ, जिसमें मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रतिभाशाली युवा शतरंज खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के ब्वॉयज वर्ग में ग्वालियर के शुभ खत्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्वालियर के पीयूष टोंडन द्वितीय तथा ग्वालियर के जतिन मल्कानी तृतीय स्थान पर रहे। कटनी के अथर्व पाल्टा ने चौथा स्थान हासिल किया। गर्ल्स-वूमेन वर्ग में इंदौर की अविका पंवार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम किया। ग्वालियर की मान्या बंसल ने द्वितीय, भोपाल की पीहू जैन ने तृतीय तथा जबलपुर की अवनी शुक्ला ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

### अब नेशनल चैंपियनशिप में मप्र का करेंगे प्रतिनिधित्व

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ी अब पश्चिम बंगाल में आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल चैस चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। सेज इंटरनेशनल स्कूल कोलार में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ने प्रदेश के युवा शतरंज खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और रणनीतिक कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया।

### 7वें राउंड में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन

इससे पहले प्रतियोगिता के 7वें राउंड में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग में महत्वपूर्ण बढ़त दर्ज की। इनमें ग्वालियर के शुभ खत्री ने जतिन मलखानी को हराकर 1809 रेटिंग हासिल की। वहीं ग्वालियर के ही अथर्व पालटा ने रुद्राक्ष गर्ग को पराजित कर 1782 रेटिंग प्राप्त की। भोपाल के मेदांत जैन ने स्वरित राठौर को हराकर 1649 रेटिंग हासिल की, जबकि भोपाल के अर्नव बी. कुमार ने आर्यन पवार को शिकस्त देकर 1724 रेटिंग प्राप्त की। चैंपियनशिप में प्रदेशभर से आए युवा शतरंज खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और रणनीतिक कौशल का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

### जिला स्तरीय ताइक्वांडो में अंडर 14 एवं अंडर 17 के फाइनल मुकाबले आज

**भोपाल।** सेज इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या नगर में जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भोपाल के लगभग 50 विद्यालयों के करीब 350 विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को अंडर-14 एवं अंडर-17 वर्ग के मुकाबले हुए। प्रतियोगिता के आगामी चरण में अंडर-19 वर्ग के मुकाबले तथा विभिन्न वर्गों के फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन एवं खेल भावना की विशेष सराहना की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन ने सभी खेल शिक्षकों, निर्णायकों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े समस्त सदस्यों के प्रयासों की भी सराहना की व उनके प्रयासों को सराहा है।

---

## सीबीएसई वेस्ट जोन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता

# कैंपियन के स्केटर्स ने एक स्वर्ण, दो रजत, तीन कांस्य समेत जीते 6 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैंपियन स्कूल के रोलर स्केटर्स छात्रों ने हाल ही में जयपुर, राजस्थान के एसआरएन पब्लिक स्कूल के स्केटिंग रिंक में सीबीएसई द्वारा आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, दो रजत एवं तीन कांस्य पदक सहित कुल छह पदकों पर अपना कब्जा जमाया। कैंपियन के स्केटर्स अबान फारूकी ने 1 स्वर्ण एवं 1 रजत, दिव्यांश लगलवार ने 2 रजत, कशवी शर्मा ने 1 कांस्य तथा अन्विता सिंह ने 1 कांस्य पदक हासिल किया।

इन सभी स्केटर्स ने कैम्पियन स्कूल के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं कोच संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में स्केटिंग रिंक में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। इन सभी स्केटर्स ने बालक एवं बालिका वर्ग की विभिन्न आयु श्रेणियों में रेस एवं रोड रेस, क्वाड्स एवं इनलाइन कैटेगरी में स्कूल का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में मप्र, गुजरात, राजस्थान, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन-दीव के सीबीएसई विद्यालयों के लगभग 1200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### नेशनल के लिए कैंपियन के दो खिलाड़ी चयनित

अबान फारूकी एवं दिव्यांश लगलवार को सीबीएसई की नेशनल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता आगामी अक्टूबर माह में बेलगाम, कर्नाटक में आयोजित की जाएगी। प्राचार्य फादर अमृतलाल टोप्पो एसजे, उप-प्राचार्य फादर फेबियनुस एसजे एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी जॉन्सी कोशी ने कोच संजय मिश्रा एवं सभी विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में पदक जीतने पर बधाई दी।

---

## चैंपियनशिप का सफलतम चौथा वर्ष

# आईईएस यूनिवर्सिटी में 4 दिनी राष्ट्रीय कार्टिंग चैंपियनशिप शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईईएस यूनिवर्सिटी में 4 दिवसीय राष्ट्रीय कार्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन आईईएस कैम्पस में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश के सभी कोनों से छात्रों की टीम ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्रों ने ई बाइक एवं कार को डिजाइन किया एवं प्रतियोगिता में भाग लिया।

आईईएस यूनिवर्सिटी में आयोजित कार रेस में आईआईटी, एनआईटी सहित देश के कई प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज जिनमें आईईएस यूनिवर्सिटी, आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नॉलजी सहित वेल्लोरे इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, चेन्नई, डॉ. डी. वाय पाटिल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, पुणे, आरजीपीवी भोपाल, मेडिकप्स इंदौर, जीएलए यूनिवर्सिटी यूपी, पंजाब यूनिवर्सिटी, आदि 16 स्टेट की 38+ टीम से 2000 से आधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं अपने जौहर दिखाए। आईईएस यूनिवर्सिटी में आयोजित हिंदुस्तान फ़ॉर्मूला कार्टिंग चैंपियनशिप-6 और दूसरी इंडियन ई-बाइक चैंपियनशिप-2 का शुभारंभ इंजीनियर बीएस यादव, फाउंडर चांसलर, आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया, साथ ही हिंदुस्तान मोटरस्पोर्ट्स के फाउंडर सागर व्यास और इवेंट हेड करण सिंह की मौजूदगी ने चैंपियनशिप के उत्साह और जोश को और बढ़ा दिया।

चैंपियनशिप युवा इंजीनियरों के लिए अपनी टेक्निकल स्किल्स, इनोवेशन और मोटरस्पोर्ट्स के प्रति अपने जुनून को दिखाने का एक नेशनल प्लेटफ़ॉर्म दिया गया। जिसमे को कंबशन व्हीकल (सीवी) और इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) कैटेगरी में शामिल किया जाएगा, जिसमें 5 लाख रुपए का प्राइज़ पूल होगा। वहीं, आईबीसी-2 में छात्रों द्वारा बनाई गई इलेक्ट्रिक बाइक्स को दिखाया जाएगा, जिसमें 2 लाख रुपए का प्राइज़ पूल और 30 से ज़्यादा अवॉर्ड्स होंगे। इस इवेंट में टेक्निकल इंस्पेक्शन, इंजीनियरिंग इवैल्यूएशन और डायनामिक मोटरस्पोर्ट चैलेंज शामिल होंगे, जिससे छात्रों को व्हीकल डिज़ाइन, व्हीकल डायनामिक्स, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का अनुभव मिलेगा। ईवेंट का समापन 21 अगस्त को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ आईईएस कैम्पस में किया जाएगा।

## कॉमनवेल्थ गेम्स में जूडो खिलाड़ियों का प्रदर्शन गर्व का विषयः चौहान

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के जूडो सितारों का किया साई-सीआरसी में सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के सेंट्रल रीजनल सेंटर (सीआरसी) में कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले जूडो खिलाड़ियों के सम्मान में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन और भारतीय खेलों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

साई सीआरसी भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने कहा कि कॉमनवेल्थ गेम्स में हमारे जूडो खिलाड़ियों का प्रदर्शन पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। उनके पदक और मजबूत प्रदर्शन निरंतर प्रशिक्षण, वैज्ञानिक सहयोग तथा खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की प्रतिबद्धता के सकारात्मक परिणाम को दर्शाते हैं। मैं यामिनी, उन्नति, इशरूप और रोहित को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देता हूं और भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

### यामिनी ने कोच और परिवार के सहयोग को दिया श्रेय

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिला -57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने वाली यामिनी मौर्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच और परिवार के निरंतर सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह पदक मेरे कोच, मेरे परिवार और उन सभी लोगों की मेहनत, मार्गदर्शन और समर्थन का परिणाम है, जिन्होंने मेरी पूरी यात्रा में मेरा साथ दिया। उनके सहयोग ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचने के लिए लगातार प्रेरित किया।

### प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी

- यामिनी मौर्याः महिला -57 किग्रा वर्ग में रजत पदक
- उन्नति शर्माः महिला -63 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक
- इशरूप नरंगः महिला -78 किग्रा वर्ग में 5वां स्थान

### जल संसाधन विभाग में हुई खेल प्रतियोगिताएं

**भोपाल।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मप्र सिंचाई (जल संसाधन) विभाग क्षेत्रीय स्पोर्ट्स क्लब अध्यक्ष गिरीश दाड़कर द्वारा खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसमें कैरम विजेताः अखिलेश श्रीवास्तव, उपविजेता मोहम्मद साजिद खान, शतरंजः अभिषेक झा, उपविजेता दिनेश श्रीवास्तव, टेबल टेनिसः विजेता संदीप साकल्ले, उपविजेता सतीश अग्रवाल रहे।

BHABHA UNIVERSITY, BHOPAL
"Established under M.P. Govt. Act No-17 of 2007 & Approved By UGC
APPOINTMENT
VICE CHANCELLOR
Interested Candidates may send their CV with relevant documents at E-Mail ID: hr@bhabhauniversity.edu.in within 15 days of this Advertisement Publication.The shortlisted candidates will be called for interview. As Per MPPURC Selection Procedure
Qualification, Experience & Salary as per UGC Norms
NH-12, Narmadapuram Road, Jatkhedi, Bhopal (M.P.) - 462047
98266 15032, 9039921140 | Website: www.bhabhauniversity.edu.in

BHABHA UNIVERSITY, BHOPAL
"Established under M.P. Govt. Act No-17 of 2007 & Approved By UGC
FACULTY REQUIREMENT
Professor / Associate Professor / Assistant Professor
( LAW :- LLB / BA LLB / LLM COURSES )
Interested Ph.D. & NET Qualified Candidates may send their CV with relevant documents at E-Mail ID: hr@bhabhauniversity.edu.in within 10 days of this Advertisement Publication.The shortlisted candidates will be called for interview. As Per MPPURC Selection Procedure
Qualification, Experience & Salary as per UGC & BCI Norms
NH-12, Narmadapuram Road, Jatkhedi, Bhopal (M.P.) - 462047
98266 15032, 9039921140 | Website: www.bhabhauniversity.edu.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930